3 | **बस्तर संभाग**
20 वर्षों के संघर्ष और निर्णायक आंदोलनों के बाद ...

6 | **अभिमत**
नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

10 | **संस्कारधानी**
आपस में सुलझ गया भाजपा उपाध्यक्ष की बेईज्जती ...

11 | **न्यायधानी**
चुनावी लाभ लेने मरवाही को जिला नहीं बनाया : भूपेश

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 71 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने ईद-मिलादुन्नबी की दी मुबारकबाद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुस्लिम भाईयों सहित सभी प्रदेशवासियों को ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी है।पैगम्बर साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नबी के पवित्र मौके पर उन्होंने देश -दुनिया मे अमन-शान्ति और लोगो की खुशहाली की कामना की है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि इस दिन दुनिया में , इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। हजरत साहब दुनिया में अमन और भाईचारे का संदेश लेकर आए। उनके संदशों ने लाखों लोगों के विचारों और जीवन मूल्यों पर अभूतपूर्व प्रभाव डाला।

### शिवशंकर सात दिनों के ईडी हिरासत में भेजे गये

**कोच्चि।** केरल की एक अदालत ने मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन के पूर्व प्रधान सचिव एम शिवशंकर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धन शोधन निवारण अधिनियम मामले के पांचवें आरोपी के रूप में शामिल किये जाने के कारण उन्हें सात दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। अर्नाकुलम के प्रधान सत्र न्यायाधीश तौफिक ने मामले की सुनवाई के बाद इस आशय का आदेश दिया। ईडी ने शिवशंकर को दो सप्ताह की हिरासत में भेजने का अनुरोध किया था। शिवशंकर ने न्यायालय को बताया कि उन्हें हिरासत में प्रताड़ित किया जा रहा है और वह विभिन्न शारीरिक बीमारियों से पीड़ित हैं।

### सितंबर में कोर उत्पादन 0.8 प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के सितंबर माह में कोर उत्पादन में 0.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। सरकार के आज यहां जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई । सितंबर 2019 में यह आंकड़ा 5.1 प्रतिशत की गिरावट में रहा था। आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में सितंबर तक कोर उत्पादन की दर 14.2 प्रतिशत गिरी है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कोर उत्पादन की दर 1.3 प्रतिशत रही थी। देश के औद्योगिक उत्पादन को मापने के लिए कोर उत्पादन प्रमुख सूचकांक है इसमें कोयला , कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली उद्योग शामिल होते हैं।

# कोरोना के दैनिक मामलों में लगातार दूसरे दिन वृद्धि


वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में तेजी के कारण देश में लगातार दूसरे दिन इनकी संख्या में वृद्धि हुई है और यह 50 हजार के करीब पहुंच गयी तथा एक दिन में होने वाली मौतों की संख्या भी 500 से अधिक रही।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के नए मामले 49,881 नए मामले सामने आए हैं और इससे प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या 80.40 लाख हो गयी। एक दिन पहले बुधवार को इस संक्रमण के 43,843 मामले दर्ज किये गये थे, जबकि मंगलवार को यह आंकड़ा 36,470 था।

पिछले 24 घंटों के दौरान 56,480 लोगों ने इस महामारी को मात दी। इससे सक्रिय मामले 7,116 घटकर 6,03,687 रह गए हैं। वहीं इस दौरान 517 मरीजों की मौत होने के बाद इससे जान गवाने वालों की संख्या 1,20,527 हो गयी है। कोरोना से अब तक 73.16 लाख लोग स्वस्थ्य हो चुके हैं। कोविड-19 से निजात पाने वाले लोगों की दर बढ़कर 90.99 प्रतिशत और सक्रिय मामलों की दर 7.51 प्रतिशत रह गयी है, जबकि मृत्यु दर 1.50 फीसदी है।

इस महामारी से सबसे अधिक प्रभावित महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 1,783 मामलों की कमी आने से इनकी संख्या घटकर 1.30 लाख पर आ गयी है, जबकि इस दौरान 91 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 43,554 हो गयी है।



### विश्व में 11.73 लाख से अधिक लोगों की मौत

**वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो/नयी दिल्ली।** विश्व में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से अभी तक 11.73 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और संक्रमितों का कुल आंकड़ा 4.44 करोड़ को पार कर गया है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व में कोरोना वायरस से अब तक 4,44, 04,826 लोग संक्रमित हुए हैं और 11,73,292 लोगों की मौत हो गई हैं। इस महामारी से गंभीर रूप से जूझ रहे अमेरिका में संक्रमण से अब तक 2,27,673 लोगों की मौत हो चुकी है और संक्रमितों की संख्या 88,55,433 हो गयी है। भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना के संक्रमण से 517 और लोगों की मौत होने से मृतकों का कुल आंकड़ा 1,20,527 तक पहुंच गया, जबकि इस महामारी के 49,881 नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की संख्या बढ़कर 80.40 लाख से अधिक हो गयी है। इसी अवधि में 58,439 लोगों ने कोरोना को मात दी है और इसे मिलाकर देश में अब तक 72.59 लाख से अधिक लोग कोरोनामुक्त हो चुके हैं। नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक होने से सक्रिय मामले 7116 घटकर 6,03,68 रह गये हैं। इस दौरान 56,480 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद देश में अभी तक इस महामारी से निजात पाने वालों की संख्या बढ़ कर 73,15,989 हो गई है। ब्राजील में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 54.68 लाख से अधिक हो गयी है और 1.58 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 15.57 लाख से अधिक हो गई है और अब तक 26,752 लोगों ने जान गंवाई है। फ्रांस में इसकी चपेट में अब तक 12.80 लाख से अधिक लोग आए हैं तथा 35,823 लोग काल के गाल में समा गए हैं। स्पेन में इस महामारी से अब तक 11.36 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 35,298 लोगों की मौत हुई है। अर्जेंटीना में कोविड-19 से अब तक 11.36 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। कोलंबिया में इस जानलेवा वायरस से अब तक करीब 10.42 लाख लोग संक्रमित हुए हैं तथा 30,753 लोगों ने जान गंवाई है। ब्रिटेन में कोरोना से अब तक 9.45 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 45,765 लोगों की मौत हुई है। मेक्सिको में कोरोना से अब तक 9.06 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं और 90,309 लोगों की मौत हो चुकी है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है और यहां इस वायरस से अब तक 8.92 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं ➤शेष पेज 8 पर

# एथनॉल की कीमतों में 3.35 रुपए प्रति लीटर तक की वृद्धि

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने एथनॉल की कीमतों में दो रुपये से तीन रुपये 35 पैसे प्रति लीटरतक की वृद्धि की है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की गुरुवार को यहां हुयी बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी । सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने एक संवाददाता सम्मेलन में बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि जिस प्रक्रिया से एथनॉल बनेगा उसके आधार पर इसकी कीमतें तय की गयी है । एथनॉल की कीमतों में दो रुपये से 3.35 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की गयी है। चीनी से निर्मित एथनॉल की कीमत 62.65 रुपए प्रति लीटर निर्धारित की गयी है जबकि बी. श्रैणी की खोई से प्राप्त एथनॉल की कीमत 57.61 रुपए प्रति लीटर और सी. श्रैणी की खोई से प्राप्त एथनॉल की कीमत 45.69 रुपए प्रति लीटर तय की गयी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश में 38 करोड़ लीटर एथनॉल का उत्पादन किया जाता था जो पिछले साल बढकर 195 करोड़ लीटर हो गया था ।

### बांध पुनर्वास के लिए बाह्य आर्थिक सहायता को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बांध पुनर्वास तथा सुधार परियोजना-डीआरआईपी के तहत दूसरे तथा तीसरे चरण में चल रही राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए बाहरी आर्थिक सहायता की मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बुधवार को यहां हुई बैठक में इस आशय की प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार ने विश्व बैंक और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक की वित्तीय सहायता प्राप्त डीआरआईपी दूसरे और तीसरे चरण के लिए यह मंजूरी प्रदान की है। इसका उद्देश्य देशभर में चयनित बांधों की सुरक्षा और परिचालन में सुधार तथा प्रणाली के व्यापक प्रबंधन दृष्टिकोण के साथ संस्थागत सुदृढ़ीकरण करना है। सरकार ने कहा है कि 10,211 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना लागू करने की अवधि दस वर्ष है। परियोजना लागत में बाहरी वित्तीय निधि सात हजार करोड़ रुपये और शेष 3,211 करोड़ रुपये, संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा वहन की जाएगी।

## गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल का निधन

वार्ता < अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज नेता केशुभाई पटेल का आज यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।



पारिवारिक सूत्रों के अनुसार कुछ समय पूर्व कोरोना संक्रमित पाए गए श्री पटेल को पहले अस्पताल से छुट्टी मिल गयी थी पर आज फिर साँस लेने में तकलीफ़ के चलते उन्हें उनके गांधीनगर स्थित आवास से लाकर यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहाँ उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें मधुमेह और उच्च रक्तचाप भी था। आज शाम उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ गांधीनगर में किया जाएगा। राजनीति में वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वरिष्ठ थे और उन्हें उनके राजनीतिक गुरुओं में से एक भी माना जाता है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है।

### राज्यपाल उइके व मुख्यमंत्री बघेल ने निधन पर दुःख प्रकट किया

**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उइके व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। राज्यपाल ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है और उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री बघेल ने केशुभाई पटेल के शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक महिला नक्सली ढेर

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा में गुरुवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें जवानों ने एक महिला नक्सली को मार गिराया, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। जवानों ने मारी गई महिला नक्सली का शव बरामद कर लिया है। मुठभेड़ जगरगुंडा थाना क्षेत्र में हुई है। ज्यादा जानकारी जवानों के लौटने के बाद ही मिल सकेगी।

जानकारी के मुताबिक, जगरगुंडा और चिंतलनार से नक्सलियों की सूचना पर बुधवार रात डीआरजी, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के जवान सर्चिंग पर निकले थे।

अगले दिन गुरुवार सुबह लौटने के बाद जगरगुंडा क्षेत्र में दुनेब के जंगलों में नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले।



### मारी गई महिला नक्सली की अभी शिनाख्त नहीं

इसके बाद जवान मौके पर सर्चिंग कर रहे हैं। एक महिला नक्सली का शव बरामद हुआ है। अभी उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मुठभेड़ में 4 से 5 नक्सलियों के भी घायल होने की सूचना है। जवानों ने एक 303 राइफल भी बरामद की है। मुठभेड़ की सूचना पर अफसर भी मौके पर रवाना हो गए हैं। वहीं बैकअप फोर्स भी भेजी गई है।

## नए भूमि कानून को लेकर पीडीपी का मार्च विफल, कई नेता हिरासत में

वार्ता < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने गुरुवार को नए भूमि कानून के विरोध में मार्च निकाल रहे पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के मार्च को विफल करते हुए श्रीनगर में पार्टी मुख्य कार्यालय को सील करने के अलावा 12 से अधिक वरिष्ठ नेताओं को हिरासत में ले लिया।

नए कानून के तहत भारत का कोई भी नागरिक जम्मू और कश्मीर की जमीन खरीद सकता है। इससे पहले केवल जम्मू-कश्मीर राज्य के लोगों को ही वहां जमीन खरीदने का अधिकार था। हालांकि पीडीपी ने जम्मू में एक समान विरोध मार्च भी आयोजित किया।

पार्टी मुख्यालय एस के पार्क में आज बड़ी संख्या में एकत्र हुए पीडीपी के वरिष्ठ नेता और अन्य कार्यकर्ता नए भूमि कानून और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। वे लोग जब मार्च निकालने के लिए मुख्य रेजीडेंसी रोड की ओर कार्यालय के मुख्य द्वार से बाहर निकले तो वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 12 से



अधिक नेताओं को हिरासत में ले लिया। इसके बाद सुरक्षा बलों ने पीडीपी कार्यालय की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया और किसी को भी वहां जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने ट्विटर कर कहा कि श्रीनगर में पीडीपी कार्यालय जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सील कर दिया और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे उनके कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार कर लिया। जम्मू में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन किया गया। आप ही तय कर कि क्या ये सामान्य है। जो दुनिया देख रही है।

**आयोग में दो पूर्णकालिक सदस्य होंगे जो केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव होंगे**

# प्रदूषण नियंत्रण के लिए केंद्र लाया नया कानून, उल्लंघन करने पर 5 साल जेल या 1 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या पर काबू पाने के प्रयासों के तहत केंद्र एक अध्यादेश के जरिए नया कानून लेकर आया है, जो तुरंत प्रभाव से लागू हो गया। विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी अध्यादेश में कहा गया कि प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पांच साल तक जेल की सजा या एक करोड़ रुपये का जुर्माना या एक साथ दोनों सजा हो सकती है।

इसमें कहा गया है कि अध्यादेश को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और इससे जुड़े क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग अध्यादेश 2020 कहा जा सकता है। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के उन इलाके तक लागू होगा, जहां वायु प्रदूषण



से संबंधित मुद्दे हैं ।

अध्यादेश पर राष्टपति ने बुधवार को हस्ताक्षर किए थे। अध्यादेश के मुताबिक दिल्ली और एनसीआर से जुड़े इलाके और आस पास के क्षेत्र जहां यह लागू होगा उसमें पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश हैं। आयोग में 20 सदस्य होंगे, जो इसके नियमों का कड़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करेंगे। इसमें कहा गया है कि आयोग के किसी भी प्रावधान या नियमों या आदेश या निर्देश का पालन नहीं करना दंडनीय अपराध होगा जिसके लिए पांच साल जेल की सजा या एक करोड़ रुपये जुर्माना या एक साथ दोनों सजा हो सकती है। आयोग के एक अध्यक्ष भी होंगे।

आयोग में दो पूर्णकालिक सदस्य होंगे जो केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव होंगे। इसके अलावा तीन पूर्णकालिक स्वतंत्र तकनीकी सदस्य होंगे जिन्हें वायु प्रदूषण संबंधी वैज्ञानिक जानकारी होगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एक तकनीकी सदस्य भी होंगे और इसरो एक तकनीकी सदस्य को नामित करेगा।

### आयोग में एनजीओ के 3 सदस्य होंगे

वायु प्रदूषण रोकने के संबंध में अनुभव रखने वाले एनजीओ के तीन सदस्य भी होंगे। आयोग सहयोगी सदस्यों को भी नियुक्त कर सकता है। आयोग में निगरानी और पहचान, सुरक्षा और प्रवर्तन तथा अनुसंधान और विकास में प्रत्येक से एक-एक के साथ तीन उप कमेटी होगी। आयोग के पास वायु (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण) कानून 1981, और पर्यावरण (संरक्षण) कानून 1986 जैसे मौजूदा कानूनों के तहत निवारण के लिए मामलों का स्वत: संज्ञान लेने, शिकायतों पर सुनवाई, आदेश जारी करने का अधिकार होगा। आयोग के पास एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार किसी भी गतिविधियों पर पाबंदी लगाने का अधिकार होगा।

## बिहार के बाद मध्य प्रदेश के उपचुनाव में भाजपा ने किया मुफ्त कोरोना वैक्सीन देने का वादा

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

बिहार के बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्यप्रदेश में कोरोना वैक्सीन को लेकर वादा कर दिया है। 3 नवंबर को 28 विधान सभा क्षेत्रों के उपचुनाव होंग जिसके लिए भाजपा ने अपने घोषणापत्र में मध्य प्रदेश के प्रत्येक निवासी को कोविड -19 वैक्सीन मुफ्त में देने का वादा किया। भाजपा ने 28 चुनाव क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए बीजेपी संकल्प पत्र '(संकल्प दस्तावेज) शीर्षक से अलग घोषणापत्र जारी किया है। जबकि घोषणापत्र में निर्वाचन क्षेत्र-विशिष्ट मुद्दे शामिल हैं, मुफ्त कोविद -19 टीका और पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा बंद की गई योजनाओं को फिर से शुरू करना आम वादे हैं।

22 अक्टूबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर में एक चुनावी सभा के दौरान राज्य के



लिए मुफ्त टीकों की घोषणा की। मध्य प्रदेश में कोविड-19 महामारी पर नियंत्रण काफी हद तक हासिल कर लिया गया है, लेकिन इसका स्थायी इलाज एक टीका है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने फैसला किया है कि कोविड-19 वैक्सीन गरीबों को मुफ्त में दी जाएगी जो इसका खरचा नहीं उठा सकते, घोषणापत्र के अन्य वादों में चौहान द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को 4,000 रुपये के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) की घोषणा भी शामिल है। पार्टी ने घोषणा पत्र में दावा किया है कि 27,000 करोड़ रुपये से अधिक रकम सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा किए गए हैं। भाजपा ने कांग्रेस के 15 महीने के शासन के दौरान सभी मोर्चों पर अपनी विफलता के लिए कमलनाथ के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार पर भी हमला किया है। उन्होंने कहा कि जब 15 महीने (तत्कालीन) कांग्रेस सरकार में बनी रही, तो झूठे वादों के आधार पर बनी सरकार ने गरीबों को बेचैन कर दिया। यह उपचुनाव बच्चों, बेटियों, किसानों, वृद्धों, छात्रों और मजदूरों को उनके अधिकारों से वंचित करने वाली मानसिकता का जवाब देना है। राज्य कांग्रेस के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा ने कहा कि बीजेपी अपनी मतलब की राजनीति के लिए सामने आई है जिसने कोरोना वैक्सीन को भी एक चुनावी मुद्दा बना दिया है, जबकि हर नागरिक का उस पर अपना अधिकार है, सरकार में चाहे जो भी हो।

## छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास के नए आयाम

# भूपेश बघेल के नेतृत्व में औद्योगिक विकास को गति देने दूरदर्शितापूर्ण लिए गए निर्णय





पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए पिछले दो वर्ष के दौरान अनेक दूरदर्शिता पूर्ण निर्णय लिए गए हैं। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राज्य में नवीन औद्योगिक नीति 01 नवम्बर 2019 से 2024 लागू की गई। छत्तीसगढ़ सरकार ने उद्योगों को बिजली दर में रियायत, अनुदान, सहायता, विभिन्न स्वीकृतियां प्रदान करने की सुविधाजनक व्यवस्था के लिए एकल विण्डो प्रणाली साथ ही स्थानीय उद्योगों के उत्पादों की प्राथमिकता देने सहित अनेक फैसलों से उद्योग जगत को काफी राहत मिली है।

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के विकास एवं प्रोत्साहन के लिये किये गये विशेष प्रयासों हेतु राज्य को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया है। राज्य में स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने हेतु की जा रही कार्यवाही एवं विकास के लिए बनाए गए इको-सिस्टम हेतु औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, भारत सरकार द्वारा राज्य को बेस्ट इमर्जिंग स्टार्ट-अप इको सिस्टम स्टेट के रुप में घोषित किया गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषि आधारित ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने राज्य में 200 फूड पार्क की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इस हेतु विभिन्न जिलों के 146 विकासखण्डों में से 101 विकासखण्डों में भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है। इनमें प्रमुख जिले रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुंद, बेमेतरा, बालौद, बलरामपुर, जांजगीर-चांपा, सरगुजा, सूरजपुर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, सुकमा आदि है। अब तक 15 विकासखण्डों में कुल 204.517 हेक्टेयर शासकीय भूमि का आधिपत्य राजस्व विभाग के माध्यम से उद्योग विभाग को प्राप्त हुआ है जिनमें अधोसंरचना विकास के कार्य प्रारंभ है ।

लघु उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को शासकीय खरीदी में बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेम के स्थान पर राज्य के स्वयं के विपणन पोर्टल 01 अक्टूबर 2019 से प्रारंभ किया गया है। पोर्टल प्रारंभ होने पश्चात से अब तक 31 विभागों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है और लगभग राशि 323.86 करोड़ रूपए की शासकीय खरीदी की गई है। जिला जगदलपुर के ग्राम बेलर, बड़ेपरोदा, बरांजी, बेलियापाल, दाबपाल, धुरगांव, टाकरागुड़ा आदि ग्रामों की 1764.61 हेक्टेयर निजी भूमि जन आकांक्षाओं को दृष्टिगत रखकर किसानों व भूमि स्वामियों को उनकी अधिग्रहित भूमि वापस की गयी है।

वाणिज्य और उद्योग विभाग की नीति के तहत आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति में संशोधन किया गया है। भू-प्रब्याजि-औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन हेतु भू-प्रब्याजि में 30 प्रतिशत की कमी की गई है। भू-भाटक में एक प्रतिशत की कमी की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों में 10 एकड़ तक आबंटित भूमि को लीज होल्ड से फ्री-होल्ड किये जाने का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम के विभिन्न नियमों का सरलीकरण किया गया है एवं इस हेतु अधिसूचना जारी की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित इकाईयों के पास शेष अनुपयोगी भूमि वापिस प्राप्त कर अन्य इकाईयों को आबंटन करने की सहमति प्रदान की गई है।

### इन जिलों में नवीन औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना हेतु कार्यवाही प्रारंभ की गई है

- खम्हरिया, जिला मुंगेली, परसगड़ी कोरिया, परसगड़ी, जिला कोरिया, अभनपुर, जिला रायपुर, मौहापाली-सियारपाली, सिलपहरी, बिलासपुर शामिल है। युवाओं को वस्त्र उद्योग से संबंधित विभिन्न ट्रेडों जैसे अपैरल मेन्यूफेक्चरिंग टैक्नालॉजी, प्रोडक्शन सुपर विजन, अपैरल पैटर्न मेकिंग, क्वॉलिटी कंट्रोल, कटिंग, टेलरिंग, सिलाई मशीन आपरेटर से संबंधित रोजगार मूलक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये जिला सुकमा में अपेरल ट्रेनिंग एण्ड डिजाईंग सेंटर की स्थापना गत वर्ष 02 मार्च को की गयी है, जिसमें प्रतिवर्ष 240 युवाओं को प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध हो रही है।

राज्य की नवीन औद्योगिक नीति (2019-2024) 01 नवम्बर 2019 से लागू की गयी है। जिला रायपुर में 10 एकड़ भूमि पर जेम्स एण्ड ज्वैलरी पार्क की स्थापना प्रस्तावित है। परियोजना हेतु 10 एकड़ भूमि का आधिपत्य दिनांक 11 जून 2020 को प्राप्त। परियोजना की कुल प्रस्तावित लागत 350 करोड़ रूपए है एवं परियोजना आगामी 3 वर्ष में पूर्ण करने की योजना है।

राज्य में उपार्जित किये जा रहे धान में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आवश्यकता के उपरांत शेष लगभग 6 लाख मे. टन धान का उपयोग एथेनाल के उत्पादन में किया जा सकता है। इसके परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस अतिशेष धान को नष्ट होने के स्थान पर के समुचित सदुपयोग के दृष्टिगत् मार्कफेड से अनिवार्यतः य की शर्त पर एथेनॉल/जैव इंधन के उत्पाद हेतु बायो रिफाईनरी उद्योग की स्थापना को प्राथमिकता उद्योगों में सम्मिलित किया गया है। राज्य शासन की इस मंशा के अनुरुप उद्योग विभाग द्वारा इस क्षेत्र में निवेश आमंत्रित करने हेतु निवेश की अभिरुचि (ई.ओ.आई.) जारी की गई है। कई इच्छुक निवेशकों द्वारा ई.ओ.आई. पर अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। इन संयंत्रों की स्थापना के लिये कार्यवाही जारी है। वर्ष 2019-20 में राज्य में नवीन उद्योगों की स्थापना के लिये कुल 23 इकाईयों के द्वारा एमओयू का निष्पादन किया गया है जिसमें लगभग 8614.76 करोड़ रूपए का पूंजी निवेश एवं 16,463 व्यक्ति यों को रोजगार प्रस्तावित है। एमओयू निष्पादन पश्चात इकाईयों के द्वारा अब तक 72.15 करोड़ रूपए का पूंजी निवेश किया जा चुका है। इनमें मुख्यतः खाद्य प्रसंस्करण, बायो-एथेनाल उत्पादन एवं कोर सेक्टर के उत्पाद सम्मिलित हैं। वित्तीय वर्ष 2019-20 में विभिन्न बैंकों के द्वारा 494 हितग्राहियों को कुल 10.14 करोड़ रूपए का ऋण वितरण किया गया है जिसमें विभाग द्वारा मार्जिन मनी के रुप में 1.73 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। विभिन्न अनुदानों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में 848 इकाईयों को रुपये 22.83 करोड़ की राशि ब्याज अनुदान के अंतर्गत तथा 80.13 करोड़ रूपए स्थायी पूंजी निवेश अनुदान के अंतर्गत वितरित की गई है। जनवरी 2019 से जून 2020 की अवधि में राज्य में 847 इकाईयों द्वारा रु. 14,983 करोड़ का पूंजी निवेश कर 15,400 व्यक्ति यों को रोजगार प्रदान किया गया है।

# राज्य सूचना आयुक्त पवार ने कानून की परिधि में रहकर आदेश पारित किए : राउत

### सेवा निवृत्ति पर पवार की भावभीनी बिदाई



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त मोहन राव पवार को सेवा निवृत्ति होने पर कल राज्य सूचना आयोग में भावभीनी बिदाई दी गई। इस मौके पर मुख्य सूचना आयुक्त एम. के. राउत ने कहा कि राज्य सूचना आयुक्त श्री पवार आयोग में कुशलता से कार्य सम्पादित किए और कानून की परिधि में रहकर आयोग के द्वितीय अपील के प्रकरणों में आदेश पारित किए। उन्होंने कहा कि यद्यपिपवार प्रशासनिक क्षेत्र से नहीं थे किन्तु व्यावहारिक और कानूनी ज्ञान रखते थे। उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धाराओं का अनुपालन करते हुए आयोग में द्वितीय अपील के प्रकरणों में आदेश पारित किए।

राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल ने कहा कि सूचना आयुक्त श्री मोहन राव पवार का व्यवहार सरल, सौम्य था। उन्हे सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धाराओं का काफी ज्ञान था और वे राज्य में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आयोजित कार्यशालाओं में सहज रूप से ज्ञान बांटते थे। श्री पवार के साथ आयोग में 3 वर्ष का साथ रहा, जो महत्वपूर्ण था। सूचना आयुक्त श्री मोहन राव पवार ने आयोग से अपनी बिदाई बेला में कहा कि आयोग में काम सीखने का बहुत अवसर मिला। हमें हमेशा विचारों का आदान-प्रदान करते रहना चाहिए, जिससे संवादहीनता समाप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि पद, प्रतिष्ठा का अभिमान नहीं होना चाहिए। राज्य सूचना आयुक्त पवार की बिदाई समारोह के अवसर पर सचिव आई.आर.देहारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। राज्य सूचना आयुक्त पवार को छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग की ओर से शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक धनंजय राठौर, अवर सचिव आभा तिवारी, स्टाफ आफिसर अशोक तिवारी, ए. के. सिंह, एस. आर. दीवान सहित अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### आयोग के सुझाव पर 6 विभागों ने जानकारी अपलोड की वेबसाइट में

छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 (1) (ख) में निहित प्रावधानों के अनुसार विभागीय जानकारी अपने विभाग के वेबसाइट पर अपलोड कराने के सुझाव दिए थे। आयोग के सुझाव पर 6 विभागों ने अपने विभागीय जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। विभागीय जानकारी वेबसाइट पर अपलोड होने से आम जनता को विभाग की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी विभाग के मुख्य सचिवों को पत्र जारी कर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 (1) (ख) में निहित प्रावधानों के अनुसार विभागीय जानकारी अपने विभाग के वेबसाइट पर अपलोड करने कहा गया था। आदेश के परिपालन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खनिज संसाधन विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, स्थानीय निधि संपरीक्षा, उच्चशिक्षा विभाग और श्रम विभाग के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 (1) (ख) में निहित प्रावधानों के अनुसार विभागीय जानकारी अपने विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

# नकली ब्रुक बॉन्ड, डव और सर्फ एक्सल बनाने वालों के ठिकानों पर पुलिस की दबिश

- नकली माल खपाने की तैयारी में थे व्यापारी, तीनों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




राजधानी के बाजार में नकली माल बिकने की सिविल लाइंस में हिंदुस्तान यूनिलीवर के अनिल मल्होत्रा ने शिकायत की थी। बाजार में नकली सामान लोगों के बीच खपाने की तैयारी में व्यापारी हैं। इस बीच वक्त रहते तीन जगहों पर पुलिस की रेड से ब्रांडेड कंपनी के नकली प्रोडक्ट बरामद किए गए हैं। यह प्रोडक्ट सिविल लाइंस पुलिस ने बरामद किए हैं। मामले में शहर के अलग-अलग इलाकों में दुकान चलाने वाले व्यापारियों को भी पकड़ा गया है। अब इनके संपर्क की जांच की जा रही है, जहां से ये कारोबारी नकली सामान लाकर इन्हें असली के दामों बेच रहे थे। अनिल को जानकारी मिली थी कुछ दुकानों में इनकी कंपनी के नकली ब्रांड बेचे जा रहे हैं। इस शिकायत पर सिविल लाइंस पुलिस ने एक टीम बनाई और राजेंद्र नगर, श्याम नगर और चंगोरा भाटा में छापे मारी की गई। इन इलाकों की दुकानों से ब्रुक बॉन्ड चाय, डव शैम्पू और सर्फ एक्सल के पैकेट मिले। इन पर असली ब्रांड की तरह की ब्रांडिंग और लोगो का इस्तेमाल किया गया था। मामले में पुलिस कॉपी राइट एक्ट के तहत कार्रवाई की । इस केस में प्रताप बनर्जी को राजेंद्र नगर से ,कैलाश असीजा, श्याम नगर और प्रकाश पृथ्वानी नाम के किराना दुकान संचालक को चंगोरा भाटा इलाके से पकड़ा गया है। पुलिस इन दुकानदारों से पूछताछ कर रही है कि आखिर कहां से इन्हें नकली सामान मिला।

### नशे के खिलाफ ड्रग डिपार्टमेंट की बड़ी कार्रवाई

**रायपुर।** ड्रग डिपार्टमेंट ने नशीली दवा बेचने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दलदल सिवनी की एक दवा दुकान में दबिश देकर बड़ी संख्या में कोडीन युक्त सिरप बरामद किया है। वहीं ड्रग डिपार्टमेंट की टीम सिरप का रिकार्ड खंगाल रही है। पूछताछ में दवा दुकान संचालक ने सिरप का रिकार्ड नहीं बता पाया। राजधानी में नशे के कारोबार का बड़ा क्लू मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। कई लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं अब दवाई दुकानों की आड़ लेकर नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू हो गई है। शहर के दलदल सिवनी में अभी ड्रग डिपार्टमेंट की टीम कार्रवाई कर रही है। जल्द ही मामले में मीडिया को बयान देगी।

# हर्षित नियो सिटी में बुकिंग के साथ पाएं उपहारों से भरा घर, रजिस्ट्री भी फ्री

- दीपावली तक हर दिन करायें बुकिंग और पाएं निश्चित उपहार

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




एक घर हो खुद का यह हर परिवार का सपना होता है लेकिन घर खरीदने के बाद सपने उसके आगे भी होते हैं, घर में फर्निचर एवं इंटीरियर करवाने का सपना, सपना ही रह जाता है। आपके सपने को हकिकत का रूप देने वाला ऑफर लेकर आया है सिंघानिया बिल्डकॉन प्रा.लि. । इस दीवाली सिंघानिया बिल्डकॉन न सिर्फ आपको दे रहे हैं बेहद किफायती दाम में घर बल्कि आपके अगले सपने , घर का फर्निचर और इंटीरियर को भी पूरा करने का सुनहरा मौका । हर्षित नियो सिटी में प्रत्येक मकान की बुकिंग पर पाये होम फर्निसिंग, और इंटीरियर के 100 से अधिक समान फ्री, साथ ही रजिस्ट्री फ्री, बिजली कनेक्शन एवं पानी कनेक्शन फ्री, सिंकिंग फण्ड और इन सब पर लगने वाले जीएसटी भी फ्री तो 'यह हुआ न सोने पर सुहागा' । इसके अतिरिक्त यदि आप सिर्फ प्लाट लेना चाहे तो उसकी बुकिंग पर पाये बिजली कनेक्शन एवं पानी कनेक्शन फ्री, सिंकिंग फण्ड और इन सब में लगने वाले जीएसटी भी फ्री, साथ ही पाये आधा किलो तक चांदी भी फ्री । 'तो इस दीवाली लक्ष्मी पूजन करें अपने खुद के घर पर' सिंघानिया बिल्डकॉन लाया है ऐसी सौगात कि किराये के घर को अलबिदा कर हर्षित नियो सिटी में बुक करे अपना घर और पाये 100 से अधिक उपहार मुफ्त । सिंघानिया बिल्डकॉन दे रहा ऐसी सौगात कि आपको घर बुकिंग के बाद बस शिफ्ट होना है घर का सारा सामान बिल्कुल मुफ्त ऐसा मौका बस कुछ दिनो के लिए । हर्षित नियो सिटी एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें काफी संख्या में खुशहाल परिवार निवासरत है और कई मकान निमार्णाधीन है । यदि आप मकान बनाकर शिफ्ट होना चाहें तो आपको पास-पड़ोस भरा पूरा परिवेश मिलेगा। प्रोजेक्ट में सभी निर्माण, विकास का कार्य युद्ध स्तर से चालू है जिनको शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जावेगा।

''हर्ष नियो सिटी'' एक महत्वाकांक्षी मेगा प्रोजेक्ट है जो छोटे, मध्यम एवं बड़े सभी परिवार की चाहत को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है पाटन रोड में रायपुर व दुर्ग के सीमा रेखा पर खारून नदी के किनारे पूरी तरह हरियाली व प्रदूषण से मुक्त सिंघानिया बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट हर्षित नियो सिटी में प्लाट, विला, स्वतंतत्र बंग्लो से लेकर सभी कुछ उपलब्ध है यहाँ इस प्रोजेक्ट में सारी सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध होगी।

## चेम्बर चुनाव की राजनीति गरमाई

# जय व्यापार पैनल की टीम चुनावी प्रचार में जुटी, व्यापारी संघों ने दिया समर्थन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





जय व्यापार पैनल की चुनावी टीम राजिम पंहुचने पर राईस मिल एसोसियेशन एवं फर्टिलाईजर संघ के राजा साधवानी ने विशेष सहयोग दिया था।

जय व्यापार पैनल की चुनावी टी सर्वप्रथम रायपुर थोक स्टेशनरी विक्रेता संध के कार्यालय में पंहुची जहां व्यापारियों ने अमर पारवानी का स्वागत किया। चर्चा में कहा गया कि अमर पारवानी को चेम्बर में अध्यक्ष बनाने के लिए हम पूरा समर्थन देते है। तथा उनसे आशा करते है अमर जी व्यापारी हित में कार्य करें। लक्ष्मण दास नचरानी, गिरधारी लाल छुगानी, भरत लाल माखीजा, शंकर लाल भाटिया, गोविन्द राम चिमनानी, पवन जीवन, रवि हिरवानी, मुरलीधर कोटवानी, नीरज मेघानी, सांवल दास, कांति जयसिघानी, हरिगोपाल राठी, राहुल गुप्ता आदि उपस्थित थे। दूसरी मिटिंग बाम्बे मार्केट व्यापारी संघ के साथ हुई, व्यापारियों ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदार अमर पारवानी को समर्थन पत्र दिया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रदीप गुप्ता, जी.पी. चन्द्राकर जसपाल सिंह महाजन, दाऊ भाई, राजकुमार साहू, शरद देवड़े, उमेश कुमार डीडी, मनोज कुमार सिंघानियां, अकबर भाई, अमीष देसाई इश्तेयाक अहमद, ईकबाल सिद्दीकी, शरबजीत सिंह, राजेन्द्र जयसवाल, आन्नद कुमार घ्रुव, टी. श्रीनिवास रेडडी व्यापारियों ने अपना समर्थन दिया।

आमानाका व्यापारी संघ एवं इवेन्ट एण्ड इन्टरटेनमेन्ट मेनेजमेन्ट एसोसियेशन ऑफ छत्तीसगढ़ दोनों ही व्यापारी संघ जय व्यापार पैनल के कार्यालय में पंहुच कर अमर पारवानी एवं चुनावी प्रचार टीम से चर्चा की और अपना समर्थन पत्र दिया। इवेन्ट एण्ड इन्टरटेनमेन्ट मेनेजमेन्ट एसोसियेशन ऑफ छत्तीसगढ़ से तेजस मुखर्जी, नवीन तलवार, भावार्थ कुमार, सुखद कुमार ने अपने विचार व्यक्त किये। और जय व्यापार पैनल को अपना पूर्ण समर्थन देने का वायदा किया। आमानाका व्यापारी संघ से चर्चा हुई जिसमें व्यापारियों ने अमर पारवानी को अपना समर्थन दिया साथ ही समर्थन पत्र में निम्न बाते लिखी जैसा कि सर्वविदित है कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स आगामी त्रिवार्षिक चुनाव की घोषणा हो चुकी है, हमारी एसोसियेशन की तरफ से आपके पैनल को पूर्ण समर्थन रहेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि आगामी चुनाव में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पद को आप ही सुशोभित करेंगें एवं चेम्बर की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को गौरवान्वित करेंगे।

नरेन्द्र सिंह (बिट्टू) राजेश वर्मा, राजेश शर्मा, शिशिर भोसलें, जफर अहमद, विष्णु छत्री, खानचन्द कोडवानी, सुरिन्दर सिंह, अकरम बुखारी, कन्हैया लाल, डॉ. चन्दमणी तिवारी, रवि त्रिपाठी, विनोद अग्रवाल, राजेश कुमार साहू, हनी गार्डनर, हरप्रीत सिंह, सत्यम पाण्डेय, जितेन्द्र ठाकुर, जाकिर हुसैन, गोरे लाल साहू, आजाद वर्मा, प्रंशात पाण्डेय, रातू देवांगन, मुस्तफा भाई, अली मेमन, तजिन्दर सिंह घई, शेषनारायण सिंह, मुर्तजा हुसैन, रितेश यादव, सुरिन्द्रर सिंह, अरूण कौशल, ईश्वरी वर्मा, पलविंदर सिंह गिल आदि ने अपना समर्थन दिया। यह जानकारी जय व्यापार पैनल से जितेन्द्र दोशी द्वारा दी गई ।

# राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश के सात उत्कृष्ट पुलिस जवान शौर्य पदक से होंगे सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर आगामी एक नवम्बर को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश के सात पुलिस जवानों को शौर्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी पुलिस जवानों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि कानून व्यवस्था और जनसेवा के लिए पुरस्कार मिलना गौरव की बात है। इससे प्रेरणा भी मिलती है।

छत्तीसगढ़ पुलिस शौर्य पदक 2020 के लिए चयनित पुलिस जवानों में निरीक्षक मोहसिन खान जशपुर, उपनिरीक्षक जतेंद्र एसैया सुकमा, सहायक उपनिरीक्षक गणेश करमरका बीजापुर, प्रधान आरक्षक रामलाल कश्यप दंतेवाड़ा, प्रधान आरक्षक कुटुमथ राव दंतेवाड़ा, आरक्षकदेवा आनंबम बीजापुर एवं आरक्षक गोपी इस्ताम दंतेवाड़ा शामिल है। यह पुरस्कार मुख्यमंत्री निवास में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान दिया जाएगा।

### शरदपूर्णिमा 30, 31 को, अस्थमा के मरीजों को औषधियुक्त खीर का होगा

**रायपुर ।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा का आयोजन 30 एवं 31 अक्टूबर को होगा। ज्योतिषी मान्यता के अनुसार इस वर्ष 30 एवं 31 को शरद पूर्णिमा उत्सव कोजागरी पूर्णिमा एवं स्नानदान पूर्णिमा के रूप में श्रद्धालु मनाएंगे। पौराणिक मान्यता के अनुसार पूर्णिमा में शरद पूर्णिमा का प्रथम एवं बड़ा स्थान है। उक्त दिवस को आयुर्वेदिक मान्यता के अनुसार अस्थमा के मरीजों को आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा रात भर चंद्रमा की चांदनी में खुले में खीर रखकर औषधियुक्त का सेवन दूसरे दिन कराया जाता है जिसके चलते अस्थमा के मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

# 20 वर्षों के संघर्ष और निर्णायक आंदोलनों के बाद शिक्षाकर्मियों को मिला संविलियन

## संविलियन खैरात नहीं,दमनात्मक,शोषण,अत्याचार लाठीचार्ज,जेलभरो, जलसत्याग्रह,भूख हड़ताल, शहादत, निलंबन, बर्खास्तगी की कहानी

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी सूर्यकान्त सिन्हा ने बताया कि अविभाजित मध्यप्रदेश के समय साल 1998 में शिक्षाकर्मी के पद पर भर्ती की शुरुआत हुई थी. साल 1998 से 2017 तक 20 वर्षो का लंबा संघर्ष रहा।छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े अशासकीय कर्मचारी वर्ग शिक्षाकर्मियों के संविलियन करने का निर्णय तमाम हड़ताल व आंदोलनों व लंबे संघर्ष के बाद आया था। शिक्षाकर्मियों के संविलियन का निर्णय करीब बीस साल के लंबे संघर्ष के बाद हुआ है. इस दौरान शिक्षाकर्मियों की सेवानिवृत्ति की शुरुआत भी हो चुकी थी. समान कार्य समान वेतन, संविलियन सहित अन्य मांगों को लेकर बीस सालों में कई बार आंदोलन हुए।

ऐसा नहीं कि इस बीच में सरकार ने कुछ नहीं किया. बीते बीस सालों में सरकारो की ओर से भी कई कमेटियां बनाई जाती रही थी शिक्षाकर्मी संगठनों के पास आंदोलन का पूरा इतिहास है जिसमे संजय शर्मा का एक प्रमुख स्थान रहा है जिनके दूरदृष्टि व कुशल नेतृत्व ने संविलियन की परिकल्पना को सार्थक बनाया। छत्तीसग? राज्य बनने के बाद 18 सालों में शिक्षाकर्मियों ने करीब 142 दिनो से अधिक हड़ताल किया इस दौरान सरकार ने भी 13 कमेटियां बनाई.साल 2003 में शिक्षाकर्मियों ने लगातार 34 दिन की हड़ताल की. इसके बाद सरकार ने नया वेतनमान लागू किया था.साल 2005 में सात दिनों की हड़ताल के बाद संविदा शिक्षको का शिक्षाकर्मी के पद पर संविलियन किया गया था.

साल 2007 में 11 दिनों की हड़ताल के बाद नया वेतनमान लागू किया गया.साल 2008 में 22 दिनों की हड़ताल के बाद शिक्षाकर्मियों को 15 फीसदी अंतरित राहत प्रदान की गई.साल 2009 में छह दिनों की हड़ताल के बाद कमेटी गठित की गई.साल 2011 में नौ दिनों की हड़ताल के बाद पुनःकमेटी गठित की गई.साल 2013 में 38 दिनों की हड़ताल के बाद विसंगतिपूर्ण पुनरीक्षित वेतनमान पर फैसला लिया गया था.साल 2017 में 15 दिनों की ह?ताल के बाद मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई, जिसके आधार पर 18 जून 2018 को कैबिनेट में संविलियन को मंजूरी मिली थी। लेकिन 8 वर्ष के बंधन से शिक्षा कर्मियों में नाराजगी थी ऊपर से वेतन विसंगति की मांग भी जोर पकड़ने लगी थी यह चुनावी मुद्दा भी बना वर्तमान भुपेश सरकार ने शिक्षा कर्मियों के इस पीड़ा को समझा व 2 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले शिक्षक पंचायत नगरीय निकाय संवर्ग का 01 नवम्बर 2020 राज्य स्थापना दिवस के दिन संपूर्ण संविलियन की सौगात दी पूरे प्रदेश में तकरीबन16 हजार शिक्षकों का संविलियन होगा व शिक्षा कर्मी शब्द का काला अध्याय भी समाप्त होगा।

सरकार के इस निर्णय का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों उदयप्रकाश शुक्ला जिला अध्यक्ष नोहर सिंह साहू जिला सचिव, शैलेश सिंह, कुलदीप चौहान, संतोष मिश्रा, महेंद्र यादव, पुरषोत्तम साहू, संदीप सामंत, कमल कर्मकार, दिनेश गवेल, अजय साहू, नारायण साहू, पोरस बिंझेकर, प्रमोद भदौरिया, कमल किशोर रावत, जी.आर.नाग, मनोज ठाकुर, परमानन्द ध्रुव, उषा देवांगन, सुशोमन्त दास, देवेंद्र धीवर, योगेश सोनी, इतेंद्र नाग ने राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वेतन विसंगति रहित संविलियन की अपेक्षा की है। 22-23 वर्षों के लंबे संघर्ष उपरांत संपूर्ण संविलियन से एक सुखद एहसास हो रहा है!संघर्ष की इस लंबी यात्रा में कई उतार चढ़ाव व कई साथियों के खोने की दुखद यादें सेवा काल व तद्उपरांत भी सदैव पीड़ा देती रहेगी! 1 नवंबर के बाद शिक्षाकर्मी प्रथा का लगभग अंत हो जाएगा! सरकार का संपूर्ण संविलियन का निर्णय स्वागत योग्य है! संविलियन उपरांत अभी भी शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के समान समभाव व लाभ हित की अपेक्षा संविलियित शिक्षकों को है।

# पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच के लिए साक्ष्य आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले के बासागुडा थानान्तर्गत ग्राम कोरसागुडा व सुंकनपल्ली के जंगल पहाड़ के मध्य 16 अक्टूबर 2020 को पुलिस बल तथा सशस्त्र माओवादियों के मध्य मुठभेड हुई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना बासागुड़ा से कुल 58 नफर बल के साथ माओवादियों के विरुद्ध सर्चिंग अभियान चलाया गया था। बासागुड़ा थाना एवं सीआरपीएफ 168 वीं वाहिनी जी कंपनी के बल 16 अक्टूबर 2020 को सुबह 9:30 बजे ग्राम कोरसागुड़ा एवं सुंकनपल्ली के मध्य जंगल पहाड़ में पूर्व से एम्बुस व घात लगाये बैठे 30-35 की संख्या में पुरुष व महिला सशस्त्र वर्दीधारी व सादे वेश-भूषा में माओवादियों द्वारा फायरिंग शुरु कर दी गई। जिस पर पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की गई। फायरिंग बंद होने के पश्चात् घटना स्थल की सर्चिंग करने पर 01 पुरुष माओवादी का शव , शव के पास 01 नग भरमार बंदूक, 1 नग काले रंग का पिट्ठू जिसके अंदर एक जोड़ी नक्सली वर्दी, नक्सली साहित्य, काले रंग का टॉर्च, पीला काला तार लगभग 10 मीटर तथा आसपाल सघन सर्च करने पर एक नग टिफिन बम व एक नग डेटोनेटर व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। उक्त घटना की दण्डाधिकारी जांच के आदेश दिये गये है। इस घटना के जांच अधिकारी एसडीएम भोपालपटनम के द्वारा घटना के बारे में जानकारी रखने वाले जनसाधारण से आगामी 10 नवम्बर 2020 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भोपालपटनम में उपस्थित होकर जानकारी या साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने का आग्रह किया गया है।

# कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को किया गया जागरूक

- नगर सैनिक परिवार द्वारा लोगों को जागरूक करने बाइक रैली के माध्यम से दिए संदेश

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com





कोरोना वायरस कोविड़.19 के संक्रमण से बचाव हेतु लोगों को जागरूकता लाने के लिए नगर सेना कार्यालय बीजापुर द्वारा जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया है। बाइक रैली जिला सेनानी नगर सेना कार्यालय से कलेक्टोरेट होते हुए नया बस स्टैंड तक निकाली गई। जिला सेनानी संजय कुमार गुप्ता ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि वायरस का संक्रमण कुछ कम जरूर हुआ है लेकिन खत्म नहीं हुआ है न ही इसका कोई टीका अभी तक बना है इसलिए इससे बचने के लिये सतर्क रहना बहुत ही जरूरी है। वर्तमान में त्यौहारों एवं उत्सव का समय है आने वाले दिनों में दीपावली, छठपूजा, क्रिसमस, नववर्ष जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार है। इन सब त्यौहारों का प्रभाव बाजारों, दुकानों, एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सीधा असर पड़ेगा। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी से सबको जागरूक और सचेत रहने की आवश्यकता है। मौसम के परिवर्तन से भी संक्रमण फैलने का ज्यादा संभावना रहता है। इसलिए घर पर रहे व सुरक्षित रहने की अपील की। अतिआवश्यक कार्य होने पर घर से बाहर निकलने और मास्क सेनेटाईजर का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने के लिए कहा । किसी सार्वजनिक स्थलों या सामाजिक कार्यक्रमों में जाते है तो मास्क, सेनेटाईजर व सामाजिक दूरी का पालन अवश्य करें। रैली के पश्चात संजय गुप्ता ने कोरोना से बचाव के संबंध में उपस्थित सभी को शपथ दिलाई । रैली में कंपनी कमांडर तिर्की, सूबेदार नदकिशोर नाग, नायक कृष्णा कुमार, लांस नायक संजय जूर्री सहित नगर सैनिक मौजूद थे।

# एनएमडीसी सीएसआर मद से किसानों को मार्गदर्शन देकर बना रहा आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी सीएसआर द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। जिसमें एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबन्धक आर गोविंदराजन और अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा पालनार के सुकालु मुड़ामी के खेत का निरीक्षण किया गया। जिसमें पॉलीहाउस में सब्जी के लिए पौधे तैयार किये जा रहे है साथ ही सब्जियों के उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए किसानों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार किया जा रहा है जो कि पूर्ण रूप से जैविक है।इसके अलावा पौधों की सुरक्षा व बचाव के लिए रासायनिक दवा का उपयोग न कर किसानों के द्वारा हांडी दवा का उपयोग किया जा रहा है। जो कि रासायनिक दवा के अपेक्षा अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित उर्वरक है। इसमें किसान को बीज के अलावा किसी भी चीज पर निर्भर नहीं होना पड़ रहा है और किसान आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो रहे है।इस निरीक्षण के दौरान एनएमडीसी सीएसआर उपमहाप्रबंधक धर्मेंद्र आचार्य, प्रबन्धक जितेंद्र कुमार और शमयिता मठ के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर स्वपन मिश्रा उपस्थित थे।

## मेसर्स बायर क्रॉप साइंस लिमिटेड रायपुर ने कांकेर जिले के दुकानों में भण्डारण व विक्रय पर प्रतिबंध

**कांकेर।** अनुज्ञापन अधिकारी (बीज) एवं उप संचालक कृषि कांकेर द्वारा मेसर्स बायर क्रॉप साईंस लिमिटेड रायपुर द्वारा उत्पादित धान बीज के किस्मों का कांकेर जिले में वि य, विपणन एवं वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले के विकासखण्ड कांकेर, चारामा, नरहरपुर एवं भानुप्रतापपुर के किसानों ने मेसर्स बायर क्रॉप साईंस लिमिटेड रायपुर द्वारा उत्पादित एवं वितरित धान बीज किस्म में धान की बाली आधे पौधे दुग्ध अवस्था तथा आधे पौधे में पूर्ण परिपक्व अवस्था में होने की शिकायत किया था, जिसके फलस्वरूप जिला स्तरीय दल द्वारा किसानों के खेतों में जाकर फसल स्थिति का अवलोकन किया गया, जिसमें किसानों द्वारा की गई शिकायत सही पाया गया। जिसके कारण उप संचालक कृषि द्वारा संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# बीआईओएमए में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



बीआईओएमए किरंदुल परियोजना में 29 से 02नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 27 को सुमित देब, अध्यक्ष, सह-प्रबंध निदेशक द्वारा सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को ऑनलाईन सतर्कता प्रतिज्ञा दिलाई गई।

वैश्विक महामारी नोबेल कोरोना वायरस संक्रमण के कारण इस वर्ष परियोजना में सभी प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाईन के माध्यकम से किया जा रहा है। इसी तारतम्यत में 28 को परियोजना विद्यालयए केवीएसएडीएवी एवं प्रकाश विद्यालय के छात्रों के लिए चित्रकला एवं निबंधए एनएमडीसी कर्मचारी एवं सीआईएसएफ जवानों के लिए 29 अक्तूनबर एवं 30 अक्तूबर 2020 को निबंध और भाषण तथा 31 को गृहिणियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

**तत्काल कार्यवाही नही किये जाने पर पुलिस के खिलाफ आंदोलन करने की कही बात**

# सामाजिक बुराई जुआ, आईपीएल, सट्टा के विरोध में महिला कांग्रेस ने दिया गृहमंत्री के नाम ज्ञापन

- पुलिस पर लगाया संरक्षण देने का आरोप

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले में चल रहे गैरकानूनी कार्य जुआ आईपीएल सट्टा बाजार को लेकर आज जिला महिला कांग्रेस मैदान में उतर कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँची,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर छग के गृहमंत्री व एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा और जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने को कहा। पूरे शहर जिले का माहौल अशान्ति के तरफ रुख कर रहा हैं बच्चे से लेकर युवा बुजुर्ग तक इसके आदि होते जा रहे हैं। घर परिवार सहित समाज मे भी इसका बुरा असर प? रहा है। जुआ संचालित करने वाले अब इतने बेखौफ होकर काम कर रहे जिससे लगता है कि उनको पुलिस प्रशासन का भी संरक्षण हो रखा है। बदमाशों व अपराधियों में भी पुलिस का कोई खौफ या डर ही नही दिख रहा। शहर के आसपास गाँवो में भी अब जुआ खुलेआम खिलाया खेला जा रहा है जिले के बाहर से भी काफी बड़ी संख्या में जुआरियों का हर रोंज आना जाना लगा हैं अपराधी बदमाश किस्मों के लोगों द्वारा सुरक्षित स्थान कह कर बाहरी लोगों को बुलाया जा रहा। और पुलिस प्रशासन के आँख के नीचे खुलेआम ये कार्य कर इन बादशाह अपराधियों का हौसला और भी बढ़ते जा रहा है।

किसी भी प्रकार से कोई बड़ी कार्यवाही नहीं करने के कारण कांग्रेस पार्टी पुलिस प्रशासन व छत्तीसगढ़ सरकार की छवि आम जनता के बीच धूमिल हो रही है। साथ ही अब आम दुकानों चौराहे में भी इसी प्रकार के चर्चे रोजाना सुनाई दे रही है। पर अब महिला कांग्रेस की टीम मैदान में उतर चुकी है और इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री सहित गृहमंत्री जी से मुलाकात करने स्थानीय विधायक जी के साथ जाएगी और पूरी स्थितियों को बताएगी। इस मामले को लेकर आज जिला महिला कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही करने की बात कही , अन्यथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ अब युवाओं के साथ मिलकर महिला कांग्रेस भी आंदोलन करेगी।

इस मुलाकात के दौरान मुख्यरुप से जिला महिला कांग्रेस से ग्रामीण अध्यक्ष रजनी गोटा, शहर अध्यक्ष रशील कश्यप, छग प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका वेदवती पात्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबति रजनु नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी, जिला पंचायत सदस्य गंगा शोरी, पार्षद राणा, जैन,पटेल, राठौर, अंजना साह, मीना नाग, सुखदाई गोटा, ठाकुर सहित अन्य महिला कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होम्योपैथी औषधि क्रय एवं आपूर्ति के लिए निविदा आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिला आयुर्वेद अधिकारी बीजापुर के अंतर्गत आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं में वैश्विक महामारी नोबेल कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु आयुष काढ़ा एवं होम्योपैथी औषधी क्रय एवं आपूर्ति करने के लिए पंजीकृत संस्थाओं/फर्मों से निर्धारित दर पर कार्यालय द्वारा मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि 3 नवम्बर 2020 सायं 5:30 बजे तक, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 5 नवम्बर 2020 सायं 5:30 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 6 नवम्बर 2020 प्रातः 11 बजे तक किया जायेगा।

निविदा प्रपत्र प्राप्ति के लिए आवश्यक शर्तों के साथ जिला आयुर्वेद कार्यालय बीजापुर से किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक 750 रुपये निविदा प्रपत्र मूल्य का नगद या डी.डी. जो कि नॉन रिफन्डेबल है जमा कर प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा की शर्ते व नियम की जानकारी जिले के विभागीय वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। डी.डी. कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बीजापुर के नाम से ही स्वीकार किया जायेगा।

# सफाई के अभाव में नया तालाब का पानी हुआ दूषित, बदबू से लोग हलाकान

## नगर को स्वच्छ बनाने के साथ साथ नगर के तालाबों का भी हो उद्धार

पायनियर संवाददाता ⮜ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



नगर के छिन्द तालाब और नया तालाब दो ऐसे तालाब है जिनमें नगर के लोग नाहने मे उपयोग करते आ रहे है पर कुछ सालों से नया तालाब का पानी इतना गंदा और दूषित हो गया है कि पानी से बदबू आने लगी है लोग नाहना तो दूर तालाब जाना पसंद नहीं करते हैं ।

यह बताना लाजिमी होगा कि एक ऐसा समय था कि गरियाबंद नगर के आधे लोग यंहा नाहने आया करते थे साथ ही हिंदू धर्म में देव कार्य पितृपक्ष में श्राद्ध का कार्य मुत्यु उपरांत नाहवन कार्यक्रम करने में लोगों को आसानी से सुविधा मिल जाता था अब तालाब के देखरेख और साफ सफाई के अभाव मे तालाब का पानी इतना दूषित हो चुका है कि लोगों को अब ऐ सब कार्यक्रम करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है आस पास के नदी नाला जाना पड़ता है । नया तालाब का सफाई नहीं होने का एक कारण यह भी है की यह तालाब शासकिय मत्स्य विभाग का है जिसमें पहले मछलियां पाला जाता था पर तालाब में तोराईन पान जगने के कारण अब मतस्य विभाग भी इस पर ध्यान नहीं दे रहा है इस तालाब का इतना दुर्दशा इस कारण भी है कि यह तालाब का आधा से ज्यादा हिस्सा ग्राम पंचायत आमदी में आता है और कुछ हिस्सा नगर पालिका गरियाबंद में आता है । हाला कि नया तालाब का बहुत सा हिस्सा ग्राम पंचायत आमदी में है किंतु आमदी पंचायत के किनारे गरियाबंद समीप में होने के कारण इसका उपयोग गरियाबंद नगर के लोग ज्यदा करते थे पर सफाई के अभाव में यह तालाब अब उपयोगी नहीं रहा यह तालाब गरियाबंद नगर के महत्त्वपूर्ण तालाबों में से एक तालाब इसे भी माना जाता है ।

जानकारों के मुताबिक कुछ मेढ़ पार पारागांव पंचायत का हिस्सा है तीन सीमाओं से लगे तालाब होने के बावजूद इस तालाब का दुर्भाग्य ये है कि इस तालाब का सफाई का जिम्मा उठाए तो कौन उठाए जिससे की लोगों को होने वाली समस्याओं से निजात मिल सके । गरियाबंद नगर के वार्ड क्रमांक 04 से लगे हुए तालाब होने के चलते नगरवासी तथा वार्डवासी नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फु मेमन से उम्मीद बनाए बैठे हैं जिस तरह उनके द्वारा गरियाबंद नगर के छिन्द तालाब , देवरनीन तालाब का कायाकल्प किया है । वैसे ही अध्यक्ष नया तालाब का भी जिर्णोद्धार करेंगे इसी उम्मीद में लोग आपस में चर्चा करते हुए नजर आते है वार्डवासियों का कहना है कि यह तालाब भले ही आमदी में आता है पर इस तालाब का उपयोग हम वार्डवासी करते आ रहे थे ।

> तालाब तीन सीमाओं से लगे होने के कारण तकनीकी परेशानीयां हो रही है। लेकिन पालिका द्वारा लगातार प्रशासन को इस पर पत्रचार किया जा रहा है जैसे ही स्वीकृति मिलती है हम तालाब का सोंद्रयकर्ण करवाएंगे ।
>
> **-गफ्फू मेमन**
> अध्यक्ष नपा गरियाबंद

> यदि समय रहते तालाब का सफाई नहीं हुआ तो तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है ।
>
> **-महेश्वरी तीरपुड़े**
> भाजपा पार्षद प्रत्याशी वार्ड -4

# आदिवासी समाज ने दी गोंगपा के सुप्रीमो हीरा सिंह मरकाम को श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ⮜ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सुप्रीमो प्रदेश के वरिष्ठ आदिवासी नेता हीरा सिंह मरकाम के निधन पर आज सर्व आदिवासी समाज द्वारा नगर के तिरंगा चौंक पर मोमबत्ती जलाकर श्रध्दांजलि दिया गया ।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हीरासिंह मरकाम समय समय पर लगातार गरियाबंद मैनपुर देवभोग बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव मे पहुंचकर आदिवासी समाज के लोगों को समाज के रीति नीति से अवगत कराते रहे है इस क्षेत्र से हीरासिंह मरकाम को काफी लगाव था और क्षेत्र के आदिवासी समाज के विकास में उनके योगदान को नही भूला जा सकता है, उनके निधन की खबर लगते ही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संभागीय अध्यक्ष महेन्द्र नेताम व जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम उनके कार्यक्रम मे शामिल होने के लिये समर्थको के साथ बुधवार रात मे ही रवाना हुए है। तिंरगा चौक में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व क्षेत्र के आदिवासी समाज ने एक शोक सभा आयोजित कर हीरा सिंह मरकाम को दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि अर्पित किया।

समाज के उमेंदी कोमर्रा, इन्दर ध्रुव ने कहा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सुप्रीमो दादा हीरा सिंह मरकाम जी के निधन से पुरे आदिवासी समाज में शोक की लहर है । दादा ने राजनेता होने के साथ साथ उन्होंने गोंड संस्कृति और सभ्यता को लेकर आंदोलन चलाया है । समाज को आगे बढाने मे उनका बहुत बडा योगदान रहा है जिसे समाज कभी भुला नहीं पाऐगी। उक्त अवसर पर समाज प्रमुख पीएन कश्यप , बिरेन्द्र ध्रुव, अनुज ठाकुर, दालचंद ध्रुव सहित अनेकों लोग शामिल थे।

# मंदिर परिसरों सहित सार्वजनिक स्थानों में पशु बलि प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ⮜ भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिले के सभी मंदिर परिसरों सहित सार्वजनिक स्थानों में पशु बलि प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश उच्च न्यायालय बिलासपुर के रिट पिटिशन क्रमांक डब्ल्यूपीएन 2287/2001 के परिपालन पर पशु बलि प्रथा समाप्त किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश आज पशुधन विभाग के द्वारा जारी किये गए है। उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ सीके पाण्डेय ने बताया की इसके तहत जिले के आम जनता से अपील की जाती है की माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में मंदिर परिसरों में पशु बलि देना प्रतिबंधित किया गया है। यदि जिले के किसी भी मंदिर परिसरों पर पशु बलि देना पाया गया तो जीव जन्तुओं के प्रति क्रुरता अधिनियम 1960 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही पशु बलि प्रथा रोकने राज्य स्तरीय समिति द्वारा भी कुछ सुझाव भी दिया गया है की समय समय पर जिला प्रशासन के माध्यम से जागरूकता रैली का आयोजन किया जावेगा। कक्षा- 5वीं से कक्षा- 8वीं तक पशु बलि प्रतिरोध पर शैक्षणिक पाठ्यक्रम में समावेश करने कार्य योजना प्रस्तावित है। सामाजिक जन चेतना हेतु गैर शासकीय संस्थायें एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा।बमंदिर प्रबंधन एवं धार्मिक ट्रस्टों को बलि प्रथा पर प्रतिबंध लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। मंदिर परिसर एवं सार्वजनिक स्थलों में होर्डिंग एवं पोस्टर के माध्यम से जागरूकता लाने की योजना है। जिसके तहत जिले के सभी मंदिरों में एक बोर्ड भी लगाया जायेगा। धार्मिक अवसरों जैसे नवरात्रि इत्यादि पर्व में जनचेतना हेतु जुलुस निकालकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाने की योजना आने वाले समय मे किये जाएंगे। आम लोगो के सहयोग एवं जागरूकता से ही मंदिर परिसरों में पशुबलि की प्रथा को रोका जा सकता है।

# 37 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षकइंदिरा कल्याण एलेसेला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल ,ह्यस्त्रश्श्च बिलाईगढ़ संजय तिवारी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी आशीष सिंह के निर्देशन पर अवैध शराब के संबंध में मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम मड़वा महुआ भाटा का राजू यादव अपने घर बाड़ी के पीछे अवैध रूप से महुआ शराब रख कर बिक्री कर रहा है सूचना पर चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक आदित्य सिंह ,आरक्षक कृष्ण कुमार यादव, चंद्रप्रताप ठाकुर ,राजेश पटेल, महेश्वर ध्रुव, धीरेंद्र साहू, रूपेश साहू ,अमन चैन तिर्की, नरेंद्र निषाद, दुर्गेश स्वर्णकार , चंद्रप्रताप सिंह ठाकुर दीपक कुमार ध्रुव मौके पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया।

आरोपी राजू यादव के अपने घर के पीछे बाड़ी में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा था। हमराह स्टाफ के घेराबंदी कर राजू यादव पिता मनीराम यादव उम्र 25 साल निवासी ग्राम मड़वा महुआ भाटा के कब्जे से घर के पीछे बाड़ी में पैरा में छिपाकर रखे (1) एक सफेद प्लास्टिक बोरी में 140 नग पालीथिन पाऊच में कच्ची महुआ शराब प्रत्येक पाऊच में 150-150 रू (2) एक पीले रंग प्लास्टिक बोरी में 100 नग पालीथिन पाऊच में कच्ची महुआ शराब प्रत्येक पाऊच में 150-150 (3) एक सफेद थैला में 7 नग पालीथिन पाऊच में कच्ची महुआ शराब प्रत्येक पाऊच में 150-150 रू जुमला 37.050 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 7400/रुपया को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। चौकी गिरौदपुरी में आरोपी राजू यादव के विरुद्ध अपराध क्र. 241/2020 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

## सतीश निषाद ने वार्ड की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को लिखा पत्र

**तिल्दा नेवरा।** नगर के वार्डक्रमांक 07 भाजपा पार्षद सतीश निषाद के द्वारा अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर कलेक्टर रायपुर को लिखा पत्र उन्होंने अपने पत्र में कलेक्टर रायपुर से आवेदन किया है कि



उनके वार्ड न 07 एवम वार्ड नं 06 में वह नगर के अन्य कई वार्ड में जो नजूल आबादी प्रचलित आबादी का सर्वे करके जनहित में कार्य किया जाए और नगर के आम जनता को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके सतीश निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा जो प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्देश है लोगों को विकास के मुख्यधारा में जोड़ना है सभी कच्चे मकानों को पक्के मकान में तब्दील करना प्रधानमंत्री के इस योजना के अंतर्गत 2022 तक सभी कच्चा मकान को पक्का बनाने का लक्ष्य है ।

# तिल्दा नेवरा 1 नवंबर को सत्याग्रह और 2 एवं 3 नवंबर को अवकाश पर रहेंगे कर्मचारी

पायनियर संवाददाता ⮜ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ,राज्य के अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान पर 1 नवंबर को सत्याग्रह तथा 2 और 3 नवंबर को सामूहिक अवकाश फार्म भरकर अपनी लंबित मांगों के लेकर शासन का ध्यानाकर्षण करेगा एवं 3 नवंबर को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा ।छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष राकेश साहू ने कर्मचारी साथियों को आगाह किया है कि वे फेडरेशन के आह्वान पर अवकाश पर रहे। जिला शाखा रायपुर के अध्यक्ष सुखीराम धृतलहरे, प्रांतीय महामंत्री प्रकाश शुक्ला ने मांगों पर अपना समर्थन जताया है।

प्रमुख मांगें एनपीएस रद्द कर पुरानी पेंशन योजना बहाल करो । सभी विभागों में रिक्त पदों पर निशर्त अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करें,सी आई डी सी के हड़ताल रत परिवार लंबितअनुकंपा नियुक्ति आदेश तत्कालजारी करें । जनघोषणा पत्र के क्रियान्वयन करें, अल्पवेतन भोगी को प्राथमिकता दिया जाए, कोरोनावायरस के रोकथाम में लगे पीड़ित निधन हुए कर्मचारियों को 50 लाख बीमा राशि प्रदान करें, स्वास्थय विभाग सहित सभी सभी विभागों के कर्मचारियों को सुरक्षा बीमा अनिवार्य रूप से किया जाए । रोकी गई वेतन वृद्धि,डीए , सातवें वेतन आयोग के एरियर,बहाल करो, मूलभूत नियम में परीवीक्षा के नियमों में किए गए बदलाव वापस लो । गौरतलब है कि वर्ष 2004 में 1 नवंबर से पेंशन नियम 1976 को तत्कालीन सरकार ने समाप्त कर नवीन अंशदाई पेंशन योजना एनपीएस लागू की जिससे कर्मचारियों के भविष्य को खतरे में डाल दिया गया । और इसी तरह से अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में भी तात्कालिक निराकरण नहीं किया जाना संवेदनहीनता दशार्ती है ।जबकि यही कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर शासन के अपने देश के प्रति अपने कर्तव्य को और अपने दायित्वों को ईमानदारी से पूरा करता है पूरी जिंदगी के सबसे ज्यादा समय वह सेवा में बिताता है तथा आकस्मिक निधन होने पर उनके परिवार के भरण-पोषण हेतु सेवा में एक सदस्य को योग्यता अनुसार नियुक्ति दी जाती है । और सेवानिवृत्त होने पर बदले में जीवन यापन के लिए उसे पेंशनऔर निधन होने पर परिवार पेंशन के रूप में जीवन यापन के लिए राहत के रूप में वेतन का एक हिस्सा प्रदान किया जाता था ।

## जिले में कोरोना के 53 नए मामलों की पहचान

**बलौदाबाजार।** जिले में कोरोना के 53 नए मरीजों की पहचान की गई है। सबसे ज्यादा 16 मरीज बलौदाबाजार विकासखण्ड में मिले हैं। भाटापारा विकासखण्ड में 9, बिलाईगढ़ में 12, कसडोल में 11, पलारी में 3 और सिमगा में 2 मरीजों का रिपोर्ट आज पॉजिटिव मिला है। इस प्रकार जिले में अब तक कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 5401 हो गई है। सीएमएचओ ने बताया कि स्वस्थ होने पर 17 लोगों को आज छुट्टी दे दी गई। जिले में अब तक 4300 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब केवल 1005 सक्रिय मरीज रह चुके हैं, जिनका इलाज जारी है। जिले भर में आज 850 लोगों की कोरोना जांच की गई।

# जुआ खेलते हुए 10 आरोपी गिरफ्तार

## जुआरियों से नगदी रकम 12660 रूपये, ताश जब्त

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में जुआ सट्टा की अवैध गतिविधियों पर त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में 28.अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम करीयाटार पटपर में कुछ व्यक्ति ताष पत्ती से रूपये पैसे का दाव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है कि सूचना तस्दीक पर थाना बिलाईगढ पुलिस द्वारा मौका रवाना होकर मौका पहुंचकर गवाहों को साथ में लेकर घेराबंदी कर जुआ रेड कार्यवाही किया जो 10 जुआडियान को जुआ खेलते रंगे हाथ पकडा गया नाम पता पुछने पर अपना नाम 01. टेकराम डडसेना पिता जगदीष प्रसाद डड़सेना उम्र 32 साल साकिन पुरगांव 02. चिन्ताराम पटेल पिता तेरसराम पटेल उम्र 39 साल साकिन चांदन थाना राजादेवरी 03. अषोक पटेल पिता लोभन पटेल उम्र 35 साल साकिन लिमतरी 04. फिरतराम जायसवाल पिता धनीराम जायसवाल उम्र 40 साल साकिन नवापारा 05. भास्कर वर्मा पिता रथराम वर्मा उम्र 33 साल साकिन पुरगांव 06. छबिलाल जायसवाल पिता नान्हेलाल जायसवाल उम्र 32 साल साकिन पुरगांव 07. शिवेन्द्र डडसेना पिता रामकिषन डड़सेना उम्र 31 साल साकिन पुरगांव 08. जगनथिया यादव पिता कार्तिकराम यादव उम्र 48 साल साकिन पुरगांव 09. चन्द्रकुमार जायसवाल पिता सत्य नारायण जायसवाल उम्र 29 साल साकिन पुरगांव 10. छत्रपाल सिंह खुटे पिता प्रताप सिंह खुटे उम्र 26 साल साकिन बिलाईगढ का रहने वाला बताये, जुआडियान के पास एवं फंड से जुमला रकम 12660 रूपये एवं 52 पत्ती ताष को मुताबिक जप्ती पत्रक के समक्ष गवाहों के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया, आरोपियों के विरूध्द जुआ एक्ट की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## मकर संक्रांति से पहले निकलती है डिमांड, दो माह पहले ही आई पूछ परख

# एडवाइजरी से तिल के तेवर तीखे, नई फसल में एक माह का विलंब

पायनियर संवाददाता ⮜ भाटापारा
www.dailypioneer.com



गर्म चीजों का सेवन करें। कोरोना काल में स्वास्थ्य मंत्रालय की इस सलाह ने ऐसी-ऐसी खाद्य सामग्रियों की कीमतें बढ़ा दी है जो कभी स्थिर रहा करती थी। तिल, अब इसकी भी कीमत बढ़ने लगी है। नई फसल में एक माह का समय है लेकिन सलाह और सीजन की मांग ने किलो पीछे 10 से 15 रुपए की तेजी ला दी है। लोकल तिल स्थिर तो है लेकिन गुजरात की तिल की बढ़ती कीमतों के बाद इसमें भी तेजी के संकेत मिलने लगे हैं।

ठंड में बिकने वाली खाद्य सामग्रियों में तिल भी शामिल है। वैसे मकर संक्रांति के पहले इसकी डिमांड निकलती है लेकिन इस बार इसकी मांग 2 माह पहले ही निकल चुकी है। देश की कुल मांग का 70 फ़ीसदी पूरा करने वाला गुजरात इस बार 1 माह विलंब से अपना तिल लेकर छत्तीसगढ़ पहुंचेगा क्योंकि लगातार बारिश से फसल एक माह बाद आएगी। मांग का दबाव इतना ज्यादा है कि भाव में तेजी आने लगी है। जैसे संकेत मिल रहे हैं उसके मुताबिक तेजी आगे भी बनी रहने की पूरी आशंका है।

**इसलिए हो रहा गर्म :** आमतौर पर तिल का सीजन दिसंबर से शुरू होता है। सौदे अक्टूबर अंत और मध्य नवंबर तक पूरे कर लिए जाते हैं। इस बार सौदे हो तो रहे हैं लेकिन शर्त यह रखी जा रही है कि आपूर्ति में 20 से 25 दिन का विलंब हो सकता है क्योंकि गुजरात में तिल की नई फसल में अभी समय है। यह इसलिए क्योंकि अतिवृष्टि से फसल को नुकसान पहुंचा है। तेजी की दूसरी वजह यह भी बताई जा रही है कि कोरोना काल में गर्म चीजों का सेवन करने की सलाह दी गई है। इसके बाद ही तिल में गर्मी का आना चालू हो चुका है जो अब भी जारी है।

### लोकल फसल भी कमजोर

छत्तीसगढ़ में तिल की फसल का रकबा मांग के अनुरूप अभी तक बढ़ाने में सफलता नहीं मिली है। घरेलू उपयोग के लिए रखे जाने के बाद जो मात्रा बच जाती है वह ही बाजार तक पहुंच बना पाती है। प्रदेश का कमोबेश हर जिला इसकी सीमित खेती करता रहा है। अल्प वर्षा में भरपूर फसल देने वाली तिल के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा क्योंकि बारिश लगातार होती रही। इससे भी लोकल फसल को नुकसान पहुंचा है।

### क्विंटल पीछे 1000 की तेजी

लोकल मार्केट में आवक कमजोर और मांग ज्यादा होने के बाद तिल की तीनों किस्में क्विंटल पीछे 1000 रुपए तेज हो चली है। चिल्हर बाजार पर इसका असर साफ-साफ पड़ चुका है। इस समय तिल गज्जर 80 से 90 रुपए प्रति किलो, तिल काली 180 से 200 रुपए प्रति किलो की नई ऊंचाई पर पहुंच चुकी है। सफेद तिल में मांग कमजोर है लेकिन इसमें भी किलो पीछे 10 से 15 रुपए की गर्मी आने की खबर है। जैसे संकेत मिल रहे हैं उसके मुताबिक तेजी आने वाले दिनों में भी बनी रह सकती है।

# आपसी विवाद को लेकर मारपीट



पायनियर संवाददाता ⮜ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत साकरा में गांव के लोगों में ही आपस में हुआ विवाद जो पहुंचा थाना एक छोटे से बात को लेकर के आपस में हुआ। विवाद प्रार्थी रामकरण साहू ने नेवरा थाना जाकर दर्ज कराई रिपोर्ट। उन्होंने अपने रिपोर्ट में लिखा कि वह उनके परिवार के लोग दशहरा उत्सव देखने के बाद घर में एक साथ बैठकर चर्चा कर रहे थे तभी अचानक गांव के ही चार पांच लोग एक साथ आकर तुम्हारे लड़का ने हमारे साथ मारपीट किया है। यह बोलते हुए गंदी-गंदी गाली देने लगा वह गाली देते हुए घर में घुसकर मारपीट किया गया जिसमें प्रार्थी को काफी चोटें भी आई है। नेवरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाही करते हुए जो चार पांच लोग जो घर में घुसकर दादागिरी कर रहे थे उन्हें पकड़ कर तिल्दा नेवरा का थाना लाया गया और मामला अजमानतीय होने से आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है आरोपियों के द्वारा लड़ाई झगड़ा के दौरान लात भोशो सेवर डंडे से प्रार्थी पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया है।

# वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड के बाजू में पौनी पसारी योजना की शुरूआत

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई, क्षेत्र अंतर्गत पौनी पसारी योजना की शुरूआत हो चुकी है, वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड के एसबीआई रोड के बाजू संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास में इस योजना के तहत चबूतरा, नाली निर्माण, प्रसाधन, पेवर ब्लॉक, शेड निर्माण 26 लाख 88 हजार की लागत से किया जा रहा है। इसका कार्य एसएन ब्रदर्स को दिया गया है जिसने 55त्न तक कार्य पूर्ण कर लिया है! निगम क्षेत्र में योजना की शुरूआत होने से क्षेत्र के परंपरागत व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों, कारीगरों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कौशल उन्नयन हेतु बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा।

बाजार में टीन शेड के नीचे 15 चबूतरा बनाए जाएंगे, टायलेट एवं पेयजल सहित सभी सुविधा उपलब्ध होगी। राज्य प्रवर्तित पौनी पसारी योजना के तहत भिलाई निगम के जोन 02 क्षेत्रांतर्गत वार्ड 26 में पौनी पसारी योजना के लिए बाजार बनाने महौपार श्री यादव ने जुलाई में कार्य की शुरुआत की थी। निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने गुणवत्ता के साथ ही जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश जोन आयुक्त पूजा पिल्ले को दिए है, ताकि स्थानीय व्यवसायियों सहित लोगों को इसका लाभ मिल सके! स्थानीय छत्तीसगढ़ी परंपरागत व्यवसाय को मिलेगा बढ़ावा स्थानीय छत्तीसगढ़ी परंपरागत व्यवसाय को बढ़ावा देने के उददेश्य से बनने वाले बाजार में क्षेत्र के सिलाई-बुनाई, चटाई, बांस के उत्पाद, दोना पत्तल, मिट्टी के बर्तन, मूर्तियां बनाना, फूलों का व्यवसाय, पूजन सामग्री, सुपा, सजावटी सामान, जैसे अन्य व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों, कारीगरों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कौशल उन्नयन हेतु एक बेहतर अवसर मिलेगा जिससे आर्थिक मजबूती होने के साथ ही छत्तीसगढ़ की पुरानी परंपराओं के व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा।

उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा ने बताया कि टीन शेड के नीचे 15 चबूतरा बनाया जाएगा जिसे हितग्राही को प्रदान किए जाएंगे। बाजार को व्यवस्थित बनाने प्रकाश व्यवस्था, टायलेट, पेयजल हेतु बोर खनन एवं बारिश में कीचड़ से बचने पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। शासन के निर्देशानुसार पौनी पसारी परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, आने जाने वालों वाहनों के लिए पार्किंग, पानी निकासी के लिए नाली बनाने साथ ही स्वच्छता को बनाए रखने डस्टबीन आदि की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

यह योजना छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा के अंतर्गत पौनी पसारी व्यवसाय को नव जीवन प्रदान करने में सहायक होगा।

# कलेक्टर ने अधिकारियों को दिलाई सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शपथ

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने समस्त जिला अधिकारियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर तक के तहत् शपथ दिलाई। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत् 'सतर्क भारत समृद्ध भारत' थीम पर प्रतिज्ञा दिलाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये थे।

इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा समय-सीमा बैठक के एजण्डे के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गये। एजण्डे में मुख्यतः लंबित आवेदनों के अंतर्गत अतिक्रमणों के विभिन्न प्रकरण, सोलर पंप लगाने नवलू राम यादव, ग्राम कोरगांव, सीसी सड़क एवं अहाता निर्माण सरपंच ग्राम पंचायत भीरागांव, ग्राम पंचायत कसई फरसगांव में नवीन ग्राम पंचायत निर्माण की स्वीकृति, पंचायत भवन निर्माण कार्य ग्राम पंचायत आदनार, ग्राम पंचायत भण्डारवण्डी के ग्रामीणों एवं वनाधिकार समिति की बैठक ग्राम पंचायत झाटीबन, ग्राम पंचायत बंगोली में पुनः वन सीमान्कन कराने समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत बंगोली, अतिथि शिक्षकों की भर्ती में डीएड-बीएड वालों को प्राथमिकता प्रशिक्षित डीएड एवबीएड संघ, प?ई तुम्हर द्वार में ऑनलाईन क्लास की स्थिति, काबिज काश्त वनभूमि का वनाधिकार पट्टा दिलाने ग्राम पंचायत मोहलई, वन सुरक्षा समिति द्वारा जबरन बीट के आधार पर जीपीएस मशीन घुमाने से रोकने ग्राम पंचायत अनंतपुर तमरावण्ड, सामुदायिक वन संसाधन दावा-आपत्ति ग्राम पंचायत सोड़मा, हेण्डपम्प की स्वीकृति ग्राम सिंगनपुर एवं ग्राम पंचायत भीरागांव, पेंशन प्रकरणों में कार्यालय प्रमुख स्तर पर आपत्तियों के निराकरण, राशन कार्ड बनाने ग्राम पंचायत मूंगवाल, ग्राम मालगांव में नवीन धान खरीदी केन्द्र के निर्माण, राज्य की सार्वजनिक विपणन प्रणाली में प्रचलित समस्त राशनकार्ड धारियों एवं सदस्यों के आधार नम्बर की जानकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् आवास स्वीकृति लखमू नेताम ग्राम भाटगांव, पोषण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन, कोलंगा नदी पर पुलिया निर्माण ग्राम पंचायत खण्डसरा, ग्राम पंचायत कानागांव एवं कोरगांव में आरसीसी पुलिया निर्माण की स्वीकृति, जिले में वृक्षारोपण हेतु भूमि उपलब्धता, रोका-छेका संकल्प अभियान के अलावा विकासखण्डों के विभिन्न ग्राम पंचायतों पर लंबित प्रकरण शामिल थे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की तिथियां जारी

**कोण्डागांव।** कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई के संस्था प्रमुखों को सूचित किया गया है, कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाईन करने की तिथि निर्धारित की जा चुकी है, अतः सभी संस्था प्रमुख पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत आने वाले समस्त विद्यार्थियों को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा निर्धारित तिथियों के पश्चात् संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

अतः जारी तिथि अनुसार विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु, 15 अक्टूबर 2020 से 30 नवंबर 2020 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक हेतु 15 अक्टूबर 2020 से 10 दिसंबर 2020 तक, सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 15 अक्टूबर 2020 से 20 दिसंबर 2020 तक, संस्थाओं द्वारा केवाईसी जमा करने हेतु 10 जनवरी 2021 तक निर्धारित है। उक्त निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तिथि समाप्त होने के पश्चात् ड्राफ्ट प्रपोजल अथवा सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा।

## जनजाति सुरक्षा मंच ने लिखा पत्र, धर्मांतरण जनजातियों को जनजाति सूची से हटाया जाए



पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जनजाति सुरक्षा मंच ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर धर्मांतरण करने वाली जनजातियो को जनजाति सूची से हटाने की अनुशंसा की जनजाति सुरक्षा मंच ने पत्र के माध्यम से कहा कि जनजाति समाज में से धर्मांतरित होकर अपने पूर्वज के सनातन धर्म को छोड़ कर ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद भी जानजतियो को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं।

ऐसे धर्मांतरण करने वाली जनजातियो को एसटी का लाभ नहीं मिलना चाहिए तथा ऐसे धर्मांतरित जनजातियो के नाम जनजाति सूची से हटाया जाना चाहिए धर्मांतरित जनजातियो को आरक्षण सुविधाएँ उपलब्ध कराएँ जाने के विरुद्ध बिहार के जनजाति नेता एवं लोकसभा सदस्य स्व् कार्तिक उराव द्वारा 1970 मे एक आवेदन दिया गया था लेकिन उनके आवेदन को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था जनजातियो के धर्मांतरण को लेकर जो पीड़ा हूई उसे उन्होंने अपनी '20 वर्ष की किताब काली' रात मे भी व्यक्त किया था जनजाति के साथ हो रहे इस अन्याय के खिलाफ जनजाति सुरक्षा मंच ने 2015मे हस्ताक्षर अभियान चलाया था।

जिसमे देश भर के 18 वर्ष के उपर आयु वाले 27.67 लाख जनजाति के व्यक्तियों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया था धर्मांतरित जनजातियो के लोगों द्वारा आरक्षण की सुविधाओं का अनुचित लाभ उठाया जा रहा जो आर्थिक और शैक्षणिक दृष्टि से सामर्थ्य है हाल में ही लोकसभा के सदस्य द्वारा इस मामले को उठाया गया था।

# देवेंद्र यादव की पहल पर हॉस्पिटल सेक्टर में लगा सोलर एलईडी लाइट

■ बिजली गुल होने के बाद भी रोशन रहेगा क्षेत्र

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर सेक्टर 9 वार्ड 68 के क्षेत्रों में सोलर एलइडी लाइट लगाई गई है, जिसकी रोशनी से पूरा वार्ड क्षेत्र प्रकाशमान हो गया है। सोलर एलइडी लाइट लगाने की यह योजना अनुसूचित जाति बाहुल्य के क्षेत्रों के लिए है! महापौर श्री यादव ने शासन की इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र के रहवासियों को दिलाने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग को पत्र प्रेषित कर पहल किया था! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही कार्य आदेश जारी करने के निर्देश जोन क्रमांक 5 के अधिकारियों को दिए थे। जिसके मुताबिक कार्य आदेश जारी कर कार्य पूर्ण कर लिया गया। 17 लाख 80 हजार की लागत से 47 नग पोल सहित सोलर एलइडी लाइट लगाई गई है! एक एलईडी लाइट 24 वाट केपेसिटी की है। 6 मीटर लंबा पोल में लगा हुआ यह लाइट वार्ड क्षेत्र को रोशन कर रहा है।

विद्युत की बचत के साथ ही 5 साल का फ्री मेंटेनेंस भी सोलर एलइडी लाइट होने के कारण विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता नहीं है जिससे विद्युत की बचत होगी साथ ही इसकी खासियत यह है कि सूर्य की किरणें पड़ने के साथ ही यह लाइट ऑटोमेटिक बंद हो जाती है और शाम को अंधेरा होते ही स्वयं चालू हो जाती है! इसमें लगे हुए बैटरी सूर्य के प्रकाश से चार्ज होते हैं और वार्ड 68 के क्षेत्रों को भरपूर रोशनी प्रदान कर रहे हैं। 5 साल की वारंटी के साथ इसका मेंटेनेंस भी फ्री में होगा इसके लिए मैसर्स चार्टर्ड इंजीनियर एंड ट्रेडिंग इंटरप्राइजेज को कार्य आदेश दिया गया था! अनुसूचित जाति बाहुल्य एरिया में इस प्रकार की एलईडी लाइट लगाने की योजना थी इसके लिए सर्वे किया गया था! इसीलिए इस योजना का लाभ महापौर के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 68 हॉस्पिटल सेक्टर के रहवासियों को मिल रहा है। लाइट लगाने के पहले दिन ही गुल हुआ बिजली लेकिन हॉस्पिटल सेक्टर क्षेत्र में रही भरपूर रोशनी वार्ड क्रमांक 68 की वार्ड पार्षद दिनशा तुमाने ने बताया कि जिस दिन सोलर एलईडी लाइट लगाई गई थी उसी दिन उनके वार्ड क्षेत्र में बिजली चली गई! परंतु सोलर लाइट होने के कारण हॉस्पिटल सेक्टर के क्षेत्र में भरपूर रोशनी रही। इसके लिए क्षेत्र वासियों में काफी उत्साह था और उन्होंने महापौर एवं निगम प्रशासन आभार व्यक्त किया! उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के 70त्न लोग यहां पर निवासरत है पहले यहां अंधेरा पसरा रहता था लेकिन अब इस क्षेत्र में कभी भी अंधेरा नहीं रहेगा। हॉस्पिटल सेक्टर के एसएसए स्ट्रीट 7, 8, 9, 10 एवं 11, हॉस्पिटल सेक्टर मार्केट क्षेत्र में, झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में तथा उद्यानों में सोलर एलईडी लाइट लगाई गई है।

# विधायक आशीष छाबड़ा की पहल पर बनेगा नवीन नगर पालिका कॉम्पलेक्स

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबड़ा ने नया बस स्टैण्ड नगर पालिका कॉम्पेलक्स व्यापारी संघ एव नगर पालिक परिषद बेमेतरा की बैठक की जिसमे फोरलेन मार्ग निर्माण में नगर पालिका परिषद की दुकाने बीच मे आ रही है,जिसे तोड़ा जाना प्रस्तावित है,दुकानदारों का व्यवसाय तथा दुकानदारी प्रभावित ना होने पाये विधायक अशीष छाबड़ा ने सवेदनशीलता से मामले को लेते हुये सजग जनप्रतिनिधि होने का परिचय देते हुये व्यापारी संघो एव नगरपालिका परिसद बेमेतरा के बीच सेतु बनकर नगर के व्यापारियों के व्यापार को चौपट होने से बचा लिया विधायक आशीष छाबड़ा की पहल पर नगर पालिका परिषद द्वारा मान्य किये गए नक्शे अनुरूप दुकान निर्माण पर सहमति जतायी गई है,व्यापारियों ने मुक्तकण्ड से विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा की गई पहल की सराहना की गई तथा भरोसा दिलाया गया कि नगर विकास और सौदर्यीकरण में नगर पालिका कॉम्पलेक्स व्यापारी संघ पूरी तरह से प्रशासन को सहयोग करेगा नगर पालिका परिषद के द्वारा बताया गया है कि नगर पालिका द्वारा कॉम्पलेक्स में व्यवसाय कर रहे दुकानदारो का सर्वे कार्य किया जा चुका है,नियमानुसार स्ववित्तीय निर्माण पदती अनुरूप पैसा जमा किये जाने पर नवीन नगर पालिका कॉम्पलेक्स का निर्माण कर दुकानदारों को दुकान सौप दी जायेगी नगर पालिका द्वारा लगभग 127 दुकानों का निर्माण किया जाना है,प्रस्तावित है जिससे सभी दुकानदारो का व्यवस्थापन सुविधाजनक किया जा सकेगा इस अवसर पर व्यापारी संघ की ओर से अवनिश राघव व्यवसायी एव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,अजय शर्मा ,लालू मोटवानी,बंटी सलूजा,हनी मोटवानी,रेवेन्द्र देवांगन, मुरली वर्मा सहित पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मंगत साहू, मुखूयनगर पालिका अधिकारी होरीसिंह ठाकुर शामिल रहे।

## बेमेतरा जिले में 13 चिकित्सकों की पदस्थापना

**बेमेतरा।** प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 196 नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों के पदस्थापना आदेश जारी कर दिए हैं। बीते दिनों मंत्रालय से जारी आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को नियुक्ति तिथि से 15 दिनों के अंदर कार्यभार ग्रहण करना होगा अन्यथा उनका नियुक्ति आदेश स्वतः निरस्त माना जाएगा। इन चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों,जिला अस्पतालों आदि में की गई है। इनका वेतनमान मेट्रिक्स लेवल 12 ,वेतन बैंड 15600-39100 ग्रेड वेतन 5400 होगा एवं परीविक्षा अवधि 2 वर्ष की रहेगी। बेमेतरा जिले मे 11 चिकित्सको की पदस्थापना कर दी गई है।

इनमें डॉ. अनिमेश राय सिविल अस्पताल साजा, डॉ. शीतल यादव, डॉ. आदित्य दीपक, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. हेमलता साहू, डॉ. सभी जिला चिकित्सालय बेमेतरा, डॉ. मो.मुबास्सीर रजा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवाग?. डॉ. पदमिनी साहू, डॉ. स्मृति पाण्डेय, डॉ. विभा बर्मन, नेहा साहू, डॉ. विभा सिंह, डॉ. उज्जवला टण्डन, डॉ. खुशबू देवांगन सभी सौ बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल बेमेतरा, विस्तृत जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट सीजीहेल्थ डाट एनआईसी डाट इन का अवलोकन किया जा सकता है।

# जिला पंचायत की बैठक में सभापति टिकरिहा ने अनियमितता पर लगाई फटकार

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत की बैठक में सभापति राहुल टिकरिहा ने विभिन्न विभागों से जानकारी ली और कार्य को लेकर फटकार लगाई उन्होंने ने कहा कि

मनरेगा में भ्रष्टाचार के साथ मजदूरों की सालो से मजदूरी लंबित है। मनरेगा योजना (गौठान) में सरपंचों को दबाव बनाकर कार्य लिया जा रहा जिसमे सरपंच कर्जदार हो रहे है।

कृषि विभाग को तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दावा कर कृषि विभाग, मल्टी इंटरनेशनल कम्पनी बायर के अमानक धान बीज मामले में एक महीने बाद भी रकबा व किसानों का आंकड़ा प्रस्तुत नहीं कर पाया, जिससे उपभोक्ता फोरम जाने में किसानों को समस्याएं उत्पन्न हो रही है। टिकरिहा ने सरदा लेंजवारा के धान संग्रहण केन्द्रों में मजदूरों की महीनों से लंबित मजदूरी भुगतान को लेकर विपणन अधिकारी को फटकार लगाते हुए 2 नवम्बर तक मजदूरी भुगतान नहीं होने पर सरदा रायपुर रोड़ में चक्काजाम करने की चेतावनी दी ।जल जीवन मिशन के तहत लगाए जा रहे खराब पाईप को लेकर कहा की सभी पाईप उखाड़ कर सही लगाया जाए। इस पर पीएचई विभाग संज्ञान लेने को कहा तथा तांदुला जल विस्तार के तहत के ग्राम खुड़मुडा पर पर बने टार नहर व गब्दा में बने गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य को फिर किसानों के अनुसार बनाया जाने की बात रखी इसे विभाग ने स्वीकार किया जिसमे किसानों को सिंचाई में सविधा प्राप्त हो सके। शिक्षा विभाग के संबंध में कहा कि स्कूलों में कार्यरत रसोइया व सफाई कर्मियों का मानदेय जो कि अप्रैल से लंबित है वेतन लंबित होने के चलते उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है, मानदेय तत्काल भुगतान की बात रखी नहीं तो इनके साथ विभाग को घेरने मजबुर होंगे।

इसी तरह बताया कि बिजली विभाग द्वारा 2018 में बेमेतरा क्षेत्र में हाईटेंशन टॉवर लगाया गया था, जिसका मुआवजा अधिकांश किसनों को मुआवजा नहीं दिया गया है। ठेकेदार गायब है, जमीन, फसल और पेड़ कटाई के मुआवजा के लिए किसान आज भी चक्कर काटने मजबूर है।



## केशरवानी वैश्य महिला सभा का डिजिटल आनलाइन आयोजन

**तिल्दा नेवरा।** केशरवानी वैश्य महिला सभा तिल्दा का डिजिटल ऑनलाइन आयोजन । बच्चों को उत्साहित करने एवं घर पर बैठे रह कर महिलाओं द्वारा कार्यक्रम का डिजिटल ऑनलाइन आयोजन तिल्दा महिला समाज की अध्यक्ष सुधा केसरवानी द्वारा डिजिटल ऑनलाइन प्रतियोगिता संपन्न हुआ जिसमें समाज के सभी महिलाओं और बच्चों ने खुलकर भाग लिया। निम्न बिंदुओं पर प्रतियोगिता हुई जिसका परिणाम 28 तारीख को सुधा केसरवानी व प्रदेश के वरिष्ठ सलाहकारों के साथ निर्णय लिया गया। इस प्रशंसनीय कार्य के लिए तिल्दा समाज व प्रदेश में सराहना किया गया। कार्यक्रम में भाग लिए प्रतिभागी प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए।

## निधन

### संजय वैष्णव

**बेमेतरा।** नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व पार्षद संजय वैष्णव का



अचानक बीते बुधवार की रात निधन हो गया जिन का अंतिम संस्कार गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जहां पर परिजनों के अलावा अन्य समाज के लोग शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## पीड़ितों के मुआवजे न मिलने पर मुड़ामी पहुंचे एसडीएम आफिस

### त्वरित कार्यवाही की मांग की



**बचेली/कुआकोंडा।** मालती मुड़ामी जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता नंदलाल मुड़ामी बाड़ पीड़ितों के मुआवजे न मिलने पर एसडीएम आफिस पहुंचे तथा त्वरित कार्यवाही की मांग की। मालती मुड़ामी जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता नंदलाल मुड़ामी बाड़ पीडितों के मुआवजे न मिलने पर एस डी एम आफिस पहुंचे तथा त्वरित कार्यवाही की मांग की।

## जिले के 9 हजार असाक्षरों को करना है शिक्षित साक्षर

# पढ़ना लिखना अभियान कोण्डागांव में होगा शुरू

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कार्यालय जिला साक्षरता मिशन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार केन्द्र प्रवर्तित 'पढ़ना-लिखना अभियान' की स्वीकृति कोण्डागांव जिले हेतु भी की गई है। यह कार्यक्रम सभी आकांक्षी जिलों में क्रियान्वित किया जायेगा, जिसमें कोण्डागांव भी शामिल है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य बुनियादी साक्षरता पर केन्द्रित होगा तथा इसका कार्यक्षेत्र ग्रामीण व शहरी क्षेत्र होंगे।

इस तरह पूरा कार्यक्रम स्वंयसेवी भावना पर आधारित है, अर्थात इसमें स्कूल, कालेज के विद्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस के स्वयं सेवक तथा शिक्षक शामिल रहेंगे। अभियान के तहत् जिले के 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता प्रदाय की जायेगी, और निरक्षरों को अनुदेशक स्वयंसेवी भावना से निःशुल्क पढ़ायेंगे। इस संबंध में कोण्डागांव जिले में 2020-21 हेतु 9000 असाक्षरों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और सर्वे के माध्यम से असाक्षरों का चिन्हांकन किया जावेगा। पूरा पाठ्यक्रम 4 माह या 120 घंटे का निर्धारित है। 'नियोस' प्राधिकरण द्वारा वर्ष के अंत में बुनियादी साक्षरता का मूल्यांकन कर सफल परीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावेगा। इस प्रमाण पत्र के आधार पर असाक्षर मुक्त शिक्षा प्रणाली के माध्यम से आगे की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना में लचीलापन व नवाचारी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जावेगा।

इस पूरे कार्यक्रम को संचालित करने के लिये राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की तर्ज पर जिला स्तर पर जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण का गठन किया गया है। जिसके कार्यकारी समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। इसके अलावा विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड साक्षरता मिशन समिति का गठन किया गया है साथ ही अकादमिक सहायता हेतु जिला साक्षरता केन्द्र भी स्थापित किया गया है। इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले एनजीओ स्वयंसेवी विद्यार्थी, एनएसएस, एनसीसी के सदस्य जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कक्ष क्रमांक 123 कलेक्ट्रेट भवन प्रथम तल में सम्पर्क कर सकते है।

## संपादकीय


# बिहार चुनाव, तेजस्वी और भाजपा में मुकाबला

**राज्य** में मतदान के पहले दौर के बाद सवाल यह है कि क्या भाजपा अपना प्रभाव विस्तार करेगी या तेजस्वी उसकी लहर रोकने में सफल होंगे। शायद पहली बार नीतीश कुमार की प्रासांगिकता बहुत घट गई है और अप्रासांगिक समझे जाने वाले उनके युवा प्रतिद्वंद्वी अपने लिए अलग स्थान बना रहे हैं। भाजपा द्वारा बार-बार मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए जाने के बावजूद कोई बिहार के मुख्यमंत्री व जदयू नेता को महत्व नहीं दे रहा है। एक समय वे राजद नेता लालू यादव के अंधकारमय दिनों के खिलाफ मजबूत नौजवान नेता की तरह देखे जाते थे, लेकिन उनका हालिया प्रदर्शन बहुत खराब रहा है। शानदार शुरुआती वर्षों व शराबबंदी की नैतिकता के बावजूद वे राज्य के विकास सूचकांकों को बेहतर बनाने में विफल रहे हैं। महामारी के समय वे निस्तेज प्रशासक की तरह दिखे जो लौटते प्रवासियों, छात्रों व बाढ़ प्रभावितों की सहायता से पैर पीछे खींच रहा था। राजनीतिक रूप से हवा का रुख भांपते हुए वे भाजपा के साथ रहे और बदले में उनको मुख्यमंत्री की कुर्सी मिली। अब वे लालू के पास वापस नहीं जा सकते हैं और भाजपा से उनके संबंधों में बहुत गर्माहट नहीं है। हालांकि, उन्होंने अति पिछड़े वर्गों व महादलितों को साथ लेकर नया जातीय समीकरण बनाया है, पर यह बेरोजगारी व निराशा के माहौल में ज्यादा प्रभावी नहीं लग रहा है। इस प्रकार एक समय राष्ट्रीय नेता रहे नीतीश अब भाजपा पर भारी बोझ बन गए हैं। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार राज्य में अकेली सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनने की इच्छा वाली भाजपा उनको ज्यादा समय तक आगे नहीं रखेगी। भाजपा ने मोदी के प्रभामंडल और केन्द्रीय योजनाओं को आक्रामक रूप से बिहार में आगे बढ़ाया है। लोजपा नेता चिराग पासवान राजग के बाहर से जदयू का विरोध कर रहे हैं। वे बार-बार अथक रूप से नीतीश की आलोचना के साथ मोदी की तारीफ करते हुए भाजपा-लोजपा सरकार का सपना देख रहे हैं। यदि जनादेश निर्णायक रूप से भाजपा के पक्ष में हो तो यह गारंटी करना कठिन है कि नीतीश कुमार की मुख्यमंत्री पद पर वापसी होगी। लेकिन पंजाब में शिरोमणि अकाली दल से गठजोड़ की तरह बिहार में भी यह सवाल बना हुआ है कि क्या भाजपा अपना प्रभाव विस्तार कर सकेगी। अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यतः केन्द्र सरकार की उपलब्ध्यिां गिनाई हैं। मोदी का प्रभामंडल भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है, लेकिन राज्यों में प्रभावी नेताओं के अभाव में इसका लाभ नहीं मिल पाता है। इस प्रभामंडल को आगे बढ़ाने के लिए राज्यों के स्तर पर प्रभावशाली नेताओं की जरूरत है।

इस परिदृश्य में राजद नेता व लालू के बेटे तेजस्वी यादव असंदिग्ध रूप से जनता के आकर्षण का केन्द्र बने हैं। वे अपनी रैलियों में भारी भीड़ जुटा रहे हैं, लेकिन अब इस भीड़ को वोटों में बदलना उनके लिए बड़ी चुनौती है। नीतीश सरकार में उप-मुख्यमंत्री के तौर पर अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने तथा ज्यादातर समय दिल्ली में बिताने के कारण उनकी बहुत आलोचना हो रही है। लेकिन जल्दी ही उन्होंने राज्य में विरासत संभाली तथा जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया। वे अच्छी तरह जानते हैं कि अभी लालू यादव की कमी पूरी नहीं कर सकते हैं तथा परंपरागत यादव-मुस्लिम मतदाताओं पर निर्भर हैं। वे लालू यादव के भ्रष्टाचार में जेल में बंद होने के बाद अपने लिए अलग छवि बनाने तथा ऐतिहासिक के बजाय समकालीन बनने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कारण तेजस्वी अपने परंपरागत वोट बैंक को आकर्षित करने के लिए जातीय मुद्दे उछालने से यथासंभव बच रहे हैं। उन्होंने राज्य के नौजवानों में बेरोजगारी को अपना प्रमुख मुद्दा बनाया है। एकत्रित भीड़ उनके द्वारा 10 लाख नौजवानों को नौकरियां देने का वादा दुहराने पर जोश से भर जाती है। संभवतः जनता की यह प्रतिक्रिया देखते हुए भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में 19 लाख रोजगारों का वादा किया है। तेजस्वी ने सभी हाशियाकृत मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास किया है।

# नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

## नई शिक्षा नीति 2020 के समुचित क्रियान्वयन के लिए ढांचागत संरचना में सुधार हेतु सार्वजनिक निवेश बढ़ाना जरूरी है। बेहतर क्रियान्वयन ही सफलता की गारंटी है।



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक सेवानिवृत्त शासकीय पदाधिकारी हैं)



**नई** शिक्षा नीति 2020-एनईपी पर काफी बहस और विचार-विमर्श हुआ है, लेकिन बहुत से लोगों ने इसके क्रियान्वयन पर ध्यान नहीं केन्द्रित किया है। एनईपी निश्चित रूप से एक सर्वाधिक प्रगतिशील व भविष्योन्मुखी दस्तावेज है। यदि इसका पूरी गंभीरता से क्रियान्वयन किया गया तो यह भारत को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े देश को ज्ञान की महाशक्ति में बदल देगा। एनईपी शिक्षा व्यवस्था को बदल कर 'अच्छे, विचारशील, संपूर्ण व रचनात्मक व्यक्ति' तैयार करना चाहती है जो 21वीं शताब्दी में भारत को बदल देंगे। लेकिन इसमें क्रियान्वयन का खास रोडमैप पेश करने के बजाय कुछ लक्ष्यों की चर्चा ही हुई है। इसमें क्रियान्वयन की जवाबदेही भी सुनिश्चित नहीं की गई है। शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए इसके क्रियान्वयन व वित्तीय व्यवस्था के लिए केन्द्र व राज्यों का योगदान सुनिश्चित होना चाहिए। लेकिन एनईपी ने इस मुद्दे पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है।

पिछले दो दशकों में देश में शिक्षा क्षेत्र का असाधारण विकास हुआ है। 2001 के बाद से कालेजों, विश्वविद्यालयों और छात्रों की संख्या चार गुना बढ़ी है तथा सार्वजनिक संस्थानों की तुलना में निजी क्षेत्र का विकास बहुत तेज रहा है। आज 993 विश्वविद्यालय, लगभग 40,000 कालेज, 10,000 उल्लेखनीय संस्थान व लगभग चार करोड़ छात्र हैं। लेकिन दुर्भाग्य से ये संस्थान नौकरी देने योग्य स्नातक व परास्नातक नहीं तैयार कर पाते हैं।

यदि चीन से वर्तमान सैनिक टकराव को एक क्षण के लिए भुला दिया जाए तो चीन की शिक्षा व्यवस्था से तुलना की जा सकती है। अरविंद पनगढ़िया ने इस बारे में कुछ आंकड़े पेश किए हैं। अमेरिका के नेशनल साइंस फाउंडेशन ने विभिन्न देशों की वार्षिक रैकिंग तैयार की हैं। 1996 में जहां भारत व चीन रैकिंग में लगभग समान व भारत थोड़ी बेहतर स्थिति में था। लेकिन अब चीन विभिन्न विषयों की रैकिंग में भारत से आगे निकल गया है। टाइम्स हायर एजुकेशन रैकिंग 2020 के अनुसार चीन के तीन विश्वविद्यालय दुनिया के सर्वोच्च 100 विश्वविद्यालयों में, अगले 100 में चार तथा सर्वोच्च 1000 विश्वविद्यालयों में 72 शामिल हैं। इसकी तुलना में पहले 200 विश्वविद्यालयों में भारत का कोई स्थान नहीं है, जबकि सर्वोच्च 1000 में उनकी संख्या 36 है। वास्तव में चीन ने आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत 1976 में कर दी थी और इसक कारण वह हमसे 15 साल आगे है। उसने शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तनों की शुरुआत 1995 में की थी।

यदि अमेरिका को आदर्श माना जाए तो अच्छी शिक्षा व्यवस्था के लिए उपयुक्त फंडिंग तथा विकेन्द्रित प्रशासन जरूरी होता है जिसमें संस्थानों को बहुत उच्च श्रेणी की स्वायत्तता दी जाए। अमेरिकी विश्वविद्यालयों को प्रवेश, पाठ्यक्रम व फैकल्टी तय करने में पूर्ण स्वायत्तता प्राप्त है। इस कारण वे सर्वोत्तम फैकल्टी, छात्रों व शोध इन्डाउमेंट फंड आकर्षित कर सकते हैं। वे संघ व राज्य सरकारों से स्वतंत्र रूप में काम करते हैं और उनके कामकाज में राज्य का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। भारत को उच्च शिक्षा औपनिवेशिक विरासत में मिली थी जहां विश्वविद्यालयों का काम मुख्यतः डिग्रियां देना था तथा शोध पर उनका ज्यादा ध्यान नहीं था। चीन ने पहले सोवियत शैली में शिक्षा व्यवस्था बनाई थी जिसे माओत्से तुंग की सांस्कृतिक क्रांति ने नष्ट कर दिया। पनगढ़िया के अनुसार, चीन ने 1995 में अपनी शिक्षा में व्यापक परिवर्तन कर 100 सर्वोत्तम विश्वविद्यालय बनाने का लक्ष्य रखा। 1998 में उसने उच्च शिक्षा कानून पास कर अमेरिका की तरह उच्च शिक्षा संस्थानों को विकेन्द्रित व स्वतंत्र किया।

नई शिक्षा नीति-एनईपी ने हमारी उच्च शिक्षा व्यवस्था में मौजूद अनेक समस्याओं की उचित पहचान की है। इस अत्यधिक विभाजित व्यवस्था में विषयों की कठोर सीमाएं और अलगाव हैं तथा संज्ञानात्मक कौशल, सीखने के परिणामों या गुणवत्तापूर्ण शोध पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। इसके साथ ही सीमित संस्थागत स्वायत्तता, खराब नेतृत्व तथा निष्प्रभावी नियमन व प्रशासनिक व्यवस्थायें भी समस्या हैं। इसके परिणामस्वरूप उच्च शिक्षा में समग्र प्रवेश अनुपात केवल 26 प्रतिशत है, जबकि यह सीनियर सेकेंड्री स्तर पर 58 प्रतिशत तथा सेकेंड्री स्कूलिंग के स्तर पर 79 प्रतिशत है। एनईपी ने बहु-विषयी लचीलेपन, कौशल प्राप्ति व गुणवत्तापूर्ण शोध पर जोर देने के माध्यम से इसे ठीक करने का वादा किया है। इन समस्याओं के समाधान हेतु उसने कला और विज्ञान विषयों, पाठ्यक्रम व पाठ्येत्तर गतिविधियों तथा व्यावसायिक व अकादमिक धाराओं के बीच कठोर सीमाओं को समाप्त करने की संस्तुति की है। छात्र सभी धाराओं के विषय अपनी पसंद से ले सकेंगे तथा अपने दृष्टिकोण व क्षमताओं की खोज कर सकेंगे। इसके लिए क्रेडिट-आधारित स्नातक पाठ्यक्रमों के रोडमैप की संस्तुति की गई है जिससे बाहर निकलने के अनेक विकल्प होंगे।

इसमें नए संस्थागत ढांचे का सुझाव भी दिया गया है जिसके शिखर पर भारत का उच्च शिक्षा आयोग होगा। इसमें विनियमन, मान्यता, फंडिंग व सीखने के परिणामों पर चार विभाजन होंगे। यह व्यवस्था वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त हितों के टकराव की समस्या से निपटेगी तथा वर्तमान नियामक व्यवस्था का स्थान लेगी। राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन के माध्यम से शोध पर अधिकतम जोर दिया गया है जो अकादमिक संस्थानों में 'शोध की स्थापना व संवर्धन में सहायता' करेगी। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से एनईपी में स्वीकार किया गया है कि उच्च शिक्षण संस्थानों को राजनीति से मुक्त किया जाना चाहिए तथा उनके प्रशासनिक बोर्डों में नौकरशाहों के बजाय शिक्षाविदों की नियुक्तियां होनी चाहिए। लेकिन सेवानिवृत्त नौकरशाहों व राजनेताओं के उच्च शिक्षण संस्थानों-एचईआई पर कब्जों तथा किसी सुधार का विरोध करने की उनकी जिद को देखते हुए जल्द ही इन संस्थानों पर उनका वर्चस्व कम करना आसान नहीं होगा।

एनईपी का सर्वाधिक क्रांतिकारी हिस्सा उसका बहु-विषयी व्यवस्था पर पूरी तरह ध्यान दे कर नए विशाल विश्वविद्यालय व एचईआई क्लस्टर बनाने तथा संबंधित कालेजों की वर्तमान व्यवस्था समाप्त करने पर है। लेकिन इन व्यापक परिवर्तनों के लिए असाधारण संसाधनों की आवश्यकता होगी और एनईपी इस मामले में निराश करती है। केन्द्र व राज्यों द्वारा शिक्षा पर होने वाला खर्च वर्तमान समय में जीडीपी का केवल चार प्रतिशत है, जबकि अतीत की सभी शिक्षा नीतियों में इसे बढ़ा कर 6 प्रतिशत करने का लक्ष्य था। इसके परिणामस्वरूप शोध पर हमारा खर्च दयनीय रूप से जीडीपी का केवल 0.69 प्रतिशत है। ढांचागत संरचनाओं में निवेश किए बिना एनईपी द्वारा निर्धारित मानक प्राप्त करना कठिन होगा। अतः राज्यों व केन्द्र को एकसाथ मिल कर शिक्षा पर 6 प्रतिशत जीडीपी खर्च की ओर बढ़ना होगा। लेकिन इसके लिए एनईपी ने कोई कानून बनाने की पहल नहीं की है। शायद इसका कारण महामारी के कारण बजट पर पड़ने वाला दबाव रहा हो।

इस बीच देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों को अपने अलग-अलग दायरों से बाहर निकलने का यथासंभव प्रयास अवश्यक करना चाहिए। बेहतर सिनर्जी के लिए वे प्रांतीय व क्षेत्रीय स्तरों पर कंसार्टियम भी बना सकते हैं। अपने शिक्षा संसाधनों की मैपिंग व उनका साझा कर वे छात्रों को सर्वोत्तम सुविधायें प्रदान करने में सफल हो सकते हैं। प्रत्येक शिक्षण संस्थान को अपनी विशिष्टता वाले क्षेत्र में क्षमता का विस्तार करना चाहिए ताकि निवेश व विशेषज्ञता को अधिकतम बढ़ावा दिया जा सके। इसके लिए संस्थानों का एक नेटवर्क बनाना अच्छा रहेगा। विश्वविद्यालयों का लक्ष्य सीखने की इच्छा रखने वाले सभी लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करना होना चाहिए।

# बिहार में चुनावी वादों की भरमार

"अंत में, शासन करने योग्य समझदारी भरा विकल्प चुनना तथा एक करिश्माई तथा ईमानदार नेता चुनना मतदाताओं पर निर्भर है।"

**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक पूर्व लोकसभा अपर सचिव व स्तम्भकार हैं)



**चु**नाव का समय वादे करने, नई उम्मीदें तथा आकांक्षाएं पैदा करने और सबसे ऊपर, जनता की असली ताकत को प्रदर्शित करने के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित एक अवसर होता है। असलियत में, जैसा कि कुछ राजनीकि पंडितों का सही ही कहना है, '' यही एकमात्र चरण होता है जब राजनीतिक दल दूसरे चरण के लिए मतदाताओं के चरणों पर होते हैं, और एक बार निर्वाचित हो जाने पर, मतदाता अगले पांच वर्षों के लिए चुने गए लोगों के चरणों पर आ जाते हैं।'' बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान महासमर चुनावी अतिशयोक्तियों एवं वादों से भरा परिपूर्ण नजर आता है और उनके पास हर किसी के लिए कुछ न कुछ है, लेकिन समानुपातिक रूप से उस संख्यात्मक घटक के लिए ज्यादा है जिसके विजय को प्रभावित करने की संभावना है। राष्ट्रीय जनता दल और महागठबंधन के नेता, तेजस्वी यादव, ने चुनावी अतिशयोक्तियों का चुरा लिया जब उन्होंने घोषणा की कि यदि वो सत्ता में आए, तो उनकी सरकार 10लाख से अधिक लोगों को नौकरियां देगी, जिससे कुछ समय में लिए उनकी रैलियों में युवाओं का सैलाब उमड़ने लगा। उनके प्रतिद्वंद्वियों ने उनके वादों को अव्यावहारिक बताकर उनका मजाक उड़ाया। नौकरियां सृजित करने के वादे को एक अनुभवहीन तथा अर्ध-साक्षर नौजवान की लफ्फाजी करार दिया गया। फिर भी, जमीनी स्तर पर हवा का रुख बदलता देख, उसके पश्चात जारी हुए भाजपा के संकल्प पत्र में, राजद के वादे को विश्वसनीयता प्रदान करते हुए 19 लाख नौकरियां तथा प्रत्येक बिहारी के लिए निशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराने का वादा किया गया।

नौकरियां देना, निस्संदेह, सबसे बड़ी चुनौती है, मगर, खासकर बिहार में यह व्याप्त बेरोजगारी व निराशा के माहौल में यह सबसे ज्यादा आकर्षक वादा भी है। यह बात श्रमिक वर्ग के लोगों के अपने घरों की ओर वापस पलायन तथा लॉकडाउन से उपजी भूख द्वारा प्रमाणित होती है। बिहार में बेरोजगारी दर 46 प्रतिशत से अधिक है, जो लाकडाउन प्रेरित प्रवासियों के कारण और भी बद्तर हो गई है। बिहार की जनसंख्या का 52 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु के लोगों का है, जो अत्यधिक तनावग्रस्त तबका है तथा जनमानस के पेंडुलम को घुमाने में सक्षम है। बेरोजगार युवाओं की एकत्र होने वाली भीड़ तथा उनके जबानी उद्गारों से भीतर ही भीतर पनप रहे असंतोष व आक्रोश के संकेत मिलते हैं।

एक बड़े तबके में मोहभंग की स्थिति नजर आती है, जो कि नीतीश कुमार के 15 वर्ष से चले आ रहे शासन तथा सत्ता में कायम रहने के लिए अवसरवादी राजनीति का सहारा लेने के चलते पैदा हुई है। चारा घोटाला व अन्य घोटाले अतीत की चीजें बनकर रह गए हैं। सुशासन का जादू फीका पड़ रहा है क्योंकि लोगों को नौकरियों एवं आर्थिक प्रगति की दरकार है। तेजस्वी को एक नौसिखिया, एक बड़े परिवार का बोझ लादे एवं प्रभु जाति का सदस्य बताया जाता है जिसका हिस्सा बिहार की जनसंख्या में लगभग 14.4 प्रतिशत है। मतदाताओं को बिहार में बेतहाशा वसूली एवं जंगल राज का स्मरण दिलाया जाता है, जो उद्योगों के वहां से पलायन का कारण बना था। प्रतिवादी दावा यह है कि लालू प्रसाद ने लोगों को यदि समृद्धि नहीं तो स्वर दिया है, स्वर्ग नहीं। तेजस्वी, लालू के पुत्र होने के तमगे के बावजूद, जो जनता के धन को लुटाने के आरोप में जेल में बंद हैं, भारी संख्या में युवाओं की भीड़ आकर्षित करने में सफल रहे हैं। उनके सार्वजनिक भाषण एवं मीडिया से संपर्क परिपक्वता, समझदारी एवं संतुलन का संकेत देते हैं। उन्होंने निश्चित रूप से जाति की विभाजक रेखाओं को क्षीण करते हुए नौजवानों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

''सुशासन बाबू'' नीतीश कुमार, जिनकी श्रेष्ठ प्रशासन को लेकर भारी-भरकम छवि है, सारगर्भित हैं। उनके राजनीतिक कदमों का अनुमान लगाना संभव नहीं है। वो लंबे समय से मुख्यमंत्री पद पर आसीन हैं लेकिन ऐसे कई नेता रहे हैं जिन्होंने लगातार चार कार्यकालों तक मुख्यमंत्री पद संभाला है। पश्चिम बंगाल में ज्योति बसु, सिक्किम में पवन कुमार चामलिंग, अरुणाचल में गेगांग अपांग, मिजोरम में लाल थानवाला और त्रिपुरा में मणिक सरकार ने लगातार 20 वर्षों या उससे अधिक शासन किया है। ओडिसा के वर्तमान मुख्यमंत्री, नवीन पटनायक, पांचवी बार निर्वाचित हुए हैं। नीतीश ने लाकडाउन के दौरान प्रवासियों के अपने घरों को लौटने का प्रबल विरोध किया और बाढ़ की समस्या से कुशलतापूर्वक निबटने में भी सफल नहीं हुए। इन सब कारणों से निश्चित ही उनकी लोकप्रियता पर असर पड़ा है।

चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव होता है। यह उत्साहजनक है कि महामारी भी हमारी जनता की भावना को क्षीण नहीं कर सकती, जो बहुत से प्राचीन गणतंत्रों का स्थान है, जैसा कि बिहार की चुनावी रैलियों में प्रमाणित होता है। चुनाव जीतने के लिए ही वादे किए जाते हैं। शांति एवं समृद्धि का विचार एक लोकतंत्र का मूल लक्षण है। ऐसा नहीं है कि सभी चुनावी वादे खोखले होते हैं। किसी भी लोकतंत्र में, जनता के जनादेश को समय-समय पर नवीनीकृत करना पड़ता है। अतः सत्ताधारी राजनीतिक दल अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखने व सत्ता में बने रहने के लिए जनता से किए गए वादे पूरे करने हेतु हरसंभव प्रयास करते हैं। अध्ययन दर्शाते हैं कि वादों का एक अहम हिस्सा स्थिर लोकतंत्रों में पूरा किया जाता है। बिहार में मतदाताओं के समक्ष विकल्प चुनने की चुनौती है।

एक चीज निश्चित है, नौकरियां देने के वादे ने जातिगत रेखाओं से परे जाकर युवाओं को उत्साहित किया है। अंत में, शासन करने योग्य समझदारी भरा विकल्प चुनना तथा एक करिश्माई तथा ईमानदार नेता चुनना मतदाताओं पर निर्भर है। आखिरकार, पुरानी कहावत है, हम उन लोगों को चुनते हैं जो उसके योग्य हों, और यह कहावत निराधार नहीं है।

## फरमाया



**कोविड-19** महामारी, जलवायु आपात, बढ़ती असमानता एवं फैलती घृणा से निबटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग एकमात्र रास्ता है।

**- एंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**हमने** प्रत्येक पंचायत में कम से कम दो ऐसे लोगों को चुनने का लक्ष्य तय किया था जिन्हें आर्थिक सहयोग की आवश्यकता हो। हर्ष का विषय है कि हमें 10,000 मामले निबटा लिए हैं।

**- मनोज सिन्हा**
उप राज्यपाल जम्मू-कश्मीर



**उद्धव** ने कांग्रेस द्वारा सावरकर की आलोचना पर एक शब्द भी नहीं कहा था और अब वो सावरकर आडिटोरियम से रैली को संबोधित करने जा रहे हैं।

**- केशव उपाध्याय**
महाराष्ट्र भाजपा प्रवक्ता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## कुशल नेता, अकुशल प्रशासन

**भले** ही महामारी के प्रति सरकार की शुरुआती प्रतिक्रिया एकदम सटीक न रही हो जिसमें खासकर प्रवासी श्रमिकों के मुद्दे से निपटना शामिल है। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि वर्तमान परिस्थितियों में कोई सरकार इससे बेहतर काम कर सकती थी। स्वास्थ्य के राज्यों का विषय होने के साथ ही भारत की विशाल जनसंख्या, खराब स्वास्थ्य ढांचा तथा सफाई के प्रति जागरूकता में कमी की स्थितियों में सरकार ने संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के सारे प्रयास किए हैं। वास्तव में मोदी सरकार ने प्रशंसनीय ढंग से स्वच्छता और सफाई पर ध्यान केन्द्रित किया है।प्रधानमंत्री की अनेक पहलों को सरकार संभवतः ठीक से लागू नहीं कर पा रही है। उसे समझना चाहिए कि संसद में प्रचंड बहुमत दिलाने वाला वोटों का 30 प्रतिशत हिस्सा किसी प्रकार भी सारी जनता के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। पहलों को सारी जनता के लिए स्वीकार्य बनाने हेतु सभी पक्षों के साथ ईमानदारी से संवाद व विचार-विमर्श की आवश्यकता है। इसमें दबाव के बजाय महत्वपूर्ण रूप से लेन-देन की भावना को खास तौर से महत्व दिया जाना चाहिए।

**- दीपक वर्मा**, रायबरेली

## पर्यावरण संबंधी सरोकार

**भारतीय** विनिर्माण कम्पनियों को अपने उत्पादों में अति आवश्यक पर्यावरणीय आयाम निर्मित करने की आवश्यकता है। यह कोई आसान काम नहीं है इस तथ्य को देखते हुए कि कभी-कभी बहुत से उत्पादों के लिए जिन्हें हम खरीदते हैं, विक्रय सेवा प्राप्त करना बहुत भयावह अनुभव हो जाता है। इस स्थिति से ऐसे स्तर तक पहुंचना बहुत लंबी यात्रा है जहां कम्पनियां 100 प्रतिशत पुनः प्रयोग के योग्य उत्पाद बनाती है क्योंकि इसके लिए सरकार तथा विश्व स्तरीय कारपरेट की ओर से बढ़ावा देने वाली नीतियों व प्रोत्साहनों की आवश्यकता होती है। इस यात्रा में, नवाचारवादी पद्धतियां एवं विचार भारतीय कम्पनियों के लिए पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार उत्पाद बनाने की आधारशिला रख सकते हैं। जिन पहलकदमियों के लिए जोर दिया जा सकता है वह है हरित विद्युतीय एवं श्वेत वस्तुओं की एक श्रेणी सृजित करना जो 100 प्रतिशत पुनर्चक्रीय सामग्री से बने हों और उनके साथ एक स्पष्ट जीवन चक्र निस्तारण योजना हो। अभी भी सामाजिक परियोजनाओं पर कारपोरेट सामाजिक दूरदृष्टि का प्रभाव देखा जा सकता है, लेकिन ऐसी कोई पर्यावरणीय परियोजना नजर नहीं आती जिस पर गंभीर कारपोरेट प्रयास की मुहर लगी हो।

**- शीतल द्विवेदी**, कानपुर

## राज्यपाल पद की गरिमा

**सरकारें** चाहे जो रही हों, राज्यपालों की भूमिका राजनीति में संलिप्त रही है। केन्द्र में चाहे जिसकी सरकार रही हो, उसने राज्यपाल का चयन इस आधार पर किया कि वह विपक्षी राज्य सरकारों पर नजर रख कर संघीय शक्तियों का प्रयोग संकट के समय कर सके, खासकर ऐसे समय जब केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी को चुनौती मिल रही हो और वह सत्ता से थोड़ी दूर रह गई हो। लेकिन परंपरा के बावजूद इसे सही नहीं ठहराया जा सकता है। कोश्यारी का वर्तमान पत्र प्रकरण उनके संवैधानिक पद की सीमा से बाहर है जिसमें उन्होंने राज्य में धार्मिक स्थल खोलने का अनुरोध किया है। कोश्यारी ने बार-बार शिवसेना नीत गठबंधन सरकार को अपमानित करने का प्रयास किया है। उन्होंने हिंदुत्व के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल उठा कर ठाकरे को राजनीतिक लाभ ही पहुंचाया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने राज्य में देर रात राष्ट्रपति शासन लागू कर जल्दी से भाजपा नेता फड्नवीस को तत्कालीन विद्रोही राकांपा नेता अजित पवार के साथ शपथ दिला दी थी।

**- अभिजित किशोर**, नोएडा

संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता ने किया सम्मानित

# डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स के विजेता हुए पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



इस्पात संयंत्र द्वारा अपने युवा कार्यपालकों को अपनी इनोवेटिव स्किल दिखाने के लिए डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स का पहली बार आयोजन किया गया था। इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता के विजेताओं को डायरेक्टर इंचार्ज सभागार में 27 अक्टूबर को आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इन पुरस्कार विजेताओं को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज श्री अनिर्बान दासगुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यमान कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एस के दुबे ने ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र व नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस समारोह में विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (खदान एवं रावघाट) मानस बिस्वास, निदेशक प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एस के इस्सर, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) राकेश, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राजीव सहगल, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएँ) ए के भट्टा, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एस के दुबे, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी मुख्य महाप्रबंधक (ट्रैफिक) ए के तिवारी ने भी समारोह में शिरकत की।

डायेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स के विजेताओं में प्रथम पुरस्कार अभिषेक श्रीवास्तव, एजीएम (प्रोजेक्टस), प्रशांत जैन, एजीएम (युआरएम) तथा भावनीत कृष्णा, उपप्रबंधक (एसएमएस-3) की टीम ने प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार के रूप में टीम के प्रत्येक सदस्य को 15000/- रुपये नकद तथा प्रमाणपत्र एवं विजेता का ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार उमेश मलयथ, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएएस एण्ड सीडब्ल्यूपी), वी निवेश, उपप्रबंधक (कार्मिक-पी एंड ई) तथा श्रुति मेनन, उपप्रबंधक (बीआरएम) की टीम ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार के रूप में टीम के प्रत्येक सदस्य को 10000/- रुपये नकद तथा प्रमाणपत्र एवं उप-विजेता का ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार सागर द्वार, उपप्रबंधक (यूआरएम) तथा अवन्ति वुचुला, उपप्रबंधक (एचआरडी) की टीम ने प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार प्राप्त टीम के प्रत्येक सदस्य को 5000/- रुपये नकद तथा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। डायेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फ ॉर यंग मैनेजर्स के प्रथम व द्वितीय पुरस्कार विजेता टीमों ने अपने पुरस्कृत केस स्टडी का प्रस्तुतीकरण किया। विजेताओं को भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एस के दुबे ने ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र व नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यपालक निदेशकगणों ने भी विजेता टीमों को बधाई दी।

विदित हो कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने सृजनशीलता और रचनाधर्मिता को बढ़ावा देने के लिए नित-नये प्रयास किए हैं। इन्हीं प्रयासों के मध्य संयंत्र में पहली बार ÷डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स के आयोजन किया गया। जिसमें संयंत्र के युवा प्रबंधकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कोविड काल में भी भिलाई इस्पात संयंत्र ने सृजनशीलता की संस्कृति को सम्पोषित करने हेतु अपने प्रयासों को जारी रखा है। इस प्रतियोगिता में संयंत्र के युवा प्रबंधकों की 9 टीमों ने भाग लिया।

संयंत्र स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में, मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग पर कोरोना का प्रभाव- एक ग्रहण है या चमकता हुआ अवसर÷ थीम पर मौलिक रिसर्च पेपर मंगाए गए थे। इस रिसर्च पेपर की शब्द सीमा 5000 शब्द रखा गया है। विजेताओं की घोषणा चयन समिति द्वारा सर्वोच्च 3 टीमों का चयन उनके पेपर प्रेजेंटेशन व केस-स्टडी के समग्र मूल्यांकन से किया गया।

# कुम्हारी नगरपालिका ने 40 वर्ष पुराने कब्जा को कराया मुक्त

## ग्रामीणों के हितार्थ बनेगी कार्ययोजना

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 19 जंजगिरी में नेशनल हाईवे रोड के किनारे शासकीय भूमि के बड़े हिस्से पर बेजा कब्जा कर लंबे समय से व्यवसाय चलाया जा रहा था।

जिसे बुधवार को नगर पालिका कुम्हारी, राजस्व विभाग और पुलिस टीम की संयुक्त उपस्थिति में कार्रवाई करते हुए जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।

ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष डायालाल साहू ने बताया कि ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इस बेजा कब्जा को लेकर कई बार आपत्ति दर्ज कराई थी लेकिन किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई थी। कांग्रेस के शासनकाल मे ग्रामीणों की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की गई जो वास्तव मे ग्रामीणों के हित मे है। वर्तमान पालिका प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कब्जा मुक्त कराया। कार्रवाई के पूर्व बेजा कब्जा करने वाले राजू ढाबा ,भाऊ प्रोविजन स्टोर ,आटा चक्की के संचालकों को विधिवत नोटिस जारी किया गया था । समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रशासनिक टीम ने जेसीबी की सहायता से जमीन को कब्जा मुक्त कराया।



जंजगिरी में खाली कराए गए जमीन पर ग्रामीणों के हित के लिए रोजगारोन्मुखी दिशा में बहुत जल्द ही कार्य आरंभ करेंगे ताकि ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिल सके । युवाओं के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है जल्द ही जमीनी स्तर पर दिखाई देगा।

**- के रवि कुमार**
कुम्हारी नगर पालिका उपाध्यक्ष

पूर्व में भी संबंधितों को विधिवत कई बार नोटिस जारी किया गया था। लंबे समय से ग्रामीणों की भी शिकायत थी। नगरपालिका प्रशासन, राजस्व की टीम और पुलिस प्रशासन के सहयोग से शासकीय भूमि को बेजा मुक्त कराया गया।

**-जितेंद्र कुशवाहा,**
सीएमओ कुम्हारी नगर पालिका

# नरेंद्र मोदी सेना युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने दया सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नरेंद्र मोदी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देवशुक्ला ने नरेंद्र मोदी सेना के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर दया सिंह को मनोनीत किया है। पंडित शुक्ला ने दया सिंह को नियुक्त पत्र सौंपते हुए उम्मीद जताई है कि नरेंद्र मोदी सेना के संगठन को पूरे देश में मजबूती से खड़ा कर प्रधानमंत्री की नीतियों और रीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। गौरतलब है कि दया सिंह भिलाई में संघर्षशील और जुझारू व्यक्तित्व के रूप में अपनी अलग पहचान रखते है। बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति की स्थापना कर दया सिंह ने जनसेवा और लोक कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। कोविड-19 कोरोना संक्रमण व लॉकडाउन के दरम्यान जरूरतमंदों की सेवा भी कल्याण समिति के माध्यम से की। इसके अलावा दया सिंह भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक में गहरी दखल रखते है। दया सिंह भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश इकाई में भी दायित्व निभा चुके है। सिंह बोलबम एवं कल्याण समिति के माध्यम से प्रत्येक महाशिवरात्रि के मौके पर शिवजी ऐतहासिक बारात निकालकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा चुके है। शिवजी की बारात देशभर के कई प्रतिष्ठित हस्ती और सांसद और विधायक भी शामिल होते रहे है। हेलमेट से जीवन रक्षा के नारे को बुलंद करते हुए विशाल हेलमेट बाइक रैली निकालकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी भिलाई का नाम दर्ज करा चुके है।

विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भी श्री सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा है। दया सिंह की सक्रियता एवं विभिन्न गतिविधियों में सामाजिक भागीदारी को ध्यान में रखकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर काम करने का अवसर मिला है। नरेंद्र मोदी सेना के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर दया सिंह ने सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देव शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का भरोसा दिलाया है।

# संभागायुक्त ने कलेक्टर्स, एसपी, डीएफओ एवं जिला पंचायत सीईओ की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



संभागायुक्त टीसी महावर ने जिला मुख्यालय राजनांदगांव से दूर आरोहण बीपीओ ग्राम टेड़ेसरा में कलेक्टर्स, एसपी, डीएफओ एवं जिला पंचायत सीईओ के कार्यों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली और इसके साथ पुलिस महानिरीक्षक तथा पुलिस अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था एवं अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक विवेकानंद सिन्हा, सीसीएफ (मुख्य वन संरक्षक) शालिनी रैना, कलेक्टर राजनांदगांव टोपेश्वर वर्मा, कलेक्टर दुर्ग सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, कलेक्टर कबीरधाम रमेश कुमार शर्मा, कलेक्टर बालोद जन्मेजय महोबे, कलेक्टर बेमेतरा शिव अनंत तायल, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त महावर ने कहा कि सभी अधिकारी समन्वय एवं सहयोग के साथ बेहतरीन कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण के कार्य में विशेष ध्यान दें। पुलिस महानिरीक्षक विवेकानंद सिन्हा ने कहा कि संभाग में कानून एवं शांति व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों के बेहतर तालमेल का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि दोनों अधिकारी साथ मिलकर कार्य करते हैं तो समस्या का निपटारा तुरंत हो जाता है। उन्होंने समस्या के तत्काल निराकरण के लिए कहा।

कमिश्नर ने कहा कि अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन का समय-सीमा में निराकरण करें। सीमांकन का कार्य महत्वपूर्ण है जहां ज्यादा प्रकरण लंबित है वहां शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने जिलावार राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि तहसीलवार समीक्षा करने पर यह देखा जा सकता है कि किस तहसील से ज्यादा प्रकरण लंबित है। निराकृत प्रकरणों का राजस्व अभिलेखागार में भेजा जाना महत्वपूर्ण कार्य है। केस के डिस्पोजल के बाद उसे रिकार्ड रूम में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। इस कार्य के लिए डिप्टी कलेक्टर की ड्यूटी लगाएं। संभागायुक्त महावर ने कहा कि नक्शा नवीनीकरण का कार्य करें।

उन्होंने कलेक्टर्स से कहा कि लैण्ड रिकार्ड, डायवर्सन, भू-भाटक वसूली, नजूल की समीक्षा अलग से करें। जिससे राजस्व अमले के कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने गिरदावरी कार्य की भुईयां साफ्टवेयर में एन्ट्री की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करें। एसडीएम एवं तहसीलदार निरीक्षण के दौरान दायरा पंजी, डिस्पोजल पंजी का निरीक्षण करें जिससे उन पर नियंत्रण रखा जा सके।

# ईद-ए-मिलाद पर्व के दौरान जुलूस निकालने के संबंध मे निर्देश जारी

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर शुक्रवार को ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) पर्व पैगम्बर साहब के जन्म दिवस के अवसर पर जुलुस हेतु अनुमति निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रदाय की जाती है-जुलूस कमेटी द्वारा निर्धारित रूट मार्ग एवं तिथि व समय का पालन करना होगा। जुलूस में कुल 50 व्यक्ति से अधिक न हो। जुलूस में शामिल होने वाले सभी व्यक्तियों का नाम पता मोबाईल नंबर दर्ज किया जायेगा ताकि उनमें से कोई भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित होने पर कान्टेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। जुलुस में शामिल होने वाले कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के नहीं जायेगा ऐसा पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति अथवा कमेटी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया जायेगा। संबंधित कमेटी द्वारा सैनेटाईजर, थर्मल स्क्रिनिंग, आक्सीमीटर, हैण्डवाश एवं क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था की जायेगी। थर्मल स्क्रिनिंग में बुखार पाये जाने अथवा कोरोना से संबंधित कोई भी सामान्य या विशेष लक्षण पाये जाने पर जुलुस में शामिल नहीं करने की जिम्मेदारी समिति की होगी।

जारी आदेश मे कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति जो जुलुस में शामिल होने पर संक्रमित हो जाता है तो इलाज का सम्पूर्ण खर्च कमेटी द्वारा किया जायेगा। जुलूस के समय अथवा जुलूस के पश्चात किसी भी प्रकार के सार्वजनिक भोज, भंडारा करने की अनुमति नहीं होगी।

# बेटियों की सुरक्षा के लिए एनएसयूआई ने ताइक्कांडो कोर्स आयोजित किया

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

**भिलाई।** भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में बेटियों की सुरक्षा के लिए एनएसयूआई खुर्सीपार द्वारा 1 सप्ताह की निशुल्क ताइक्कांडो आत्मरक्षा कोर्स का आयोजन किया गया। इसमे मुख्य रूप से खुर्सीपार क्षेत्र की बालिकाएं एवं स्कूल की छात्राएं उपस्थित रहे। 1 सप्ताह के इस ताइक्कांडो आत्मरक्षा कोर्स में बालिकाओं एवं बेटियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए तथा विषम परिस्थितियों में खुद को बचाने का तरीका सिखाया गया। मुख्य रूप से ट्रेनर अविनाश कश्यप के द्वारा यह ट्रेनिंग दिया गया। कार्यक्रम के सातवें दिन समापन कार्यक्रम किया गया।



जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डी. काम राजू रेड्डी (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुर्सीपार भिलाई) की उपस्थिति रही।

बेटियों एवं बालिकाओं को अन्याय ना रहने एवं आत्मरक्षा की कुशल नीति सीखने पर डी. काम राजू ने सभी को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी तथा साथ ही ट्रेनर अविनाश कश्यप की इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए उनको सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसयूआई खुर्सीपार के संगम यादव, अशफाक, इमरान खान, राहुल शर्मा एवं साथियों द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से तुलसी पटेल (पार्षद), बबीता भोसारे (एल्डरमैन), डी नागमणि (एल्डरमैन), अरुण राय (महामंत्री), अयूब मंसूरी (उपाध्यक्ष), यादव जी एवं आम जनता उपस्थित रहे।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 130वीं बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

**नई तकनीक की मदद से हिंदी कार्यान्वयन का शत-प्रतिशत अनुपालन करें : सुरेश कुमार**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 130 वीं बैठक दिनांक 28 अक्टूबर 2020 को कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) के सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में सुरेश कुमार दुबे, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) सभागार में उपस्थित थे। डॉ. एस. के. इस्सर, निदेशक प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वा. सेवायें), राकेश, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) तथा संयंत्र के समस्त विभागाध्यक्ष, माननीय सदस्य के रूप में इस बैठक में ऑनलाइन जुड़े। श्रीमती निशा सोनी, एवं महाप्रबंधक प्रभारी (कार्मिक) एवं जैकब कुरियन, महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क) भी इस बैठक में शामिल हुए। इस गरिमामय आयोजन का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर अपने सारगर्भित सम्बोधन में सुरेश कुमार दुबे, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने कहा कि साथियों, हमारा संयंत्र वर्षों से सेल की सभी इकाइयों में अपनी अलग पहचान बनाये हुए है और यह पहचान का आधार केवल हमारे तकनीकी मापदंडों पर आधारित कीर्तिमान ही नहीं वरन हमारी जुझारू प्रवृत्ति, विपरीत परिस्थितियों में भी अपना श्रेष्ठ देने की इच्छाशक्ति और टीम भावना से ओतप्रोत हमारी कार्य संस्कृति है जिसने हमें ध्वजवाहक इकाई की उपाधि दिलाई है। और इन सभी गुणों के विकास में हमारी राजभाषा हिंदी ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

समय के साथ सुविधाएँ बढ़ी हैं, नई तकनीकों की मदद से प्रदर्शन में निरंतर सुधार हो रहा है, तो फिर क्यों न हम भी हिंदी को कार्यालयीन प्रयोग में बढ़ावा देने के लिए वर्तमान उन्नत तकनीक जैसे यूनीकोड, गूगल वायस टायपिंग आदि का सहारा लेकर शत् प्रतिशत अनुपालन की दिशा में अग्रसर होवेंघ हमारी दृढ़ इच्छाशक्ति और मबद्ध प्रयास से निश्चय ही हम राजभाषा के शत् प्रतिशत अनुपालन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सकारात्मक रवैये से आगे बढ़ते हुए हम हिंदी को उसका उचित सम्मान सदैव प्रदान करते रहेंगे।

# कलेक्टर ने कोरोना जांच कार्य मे तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं सतर्कता बरतने के लिए कलेक्टर शिव अनंत तायल ने गुरुवार जिले के जनपद पंचायत के सीईओ, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं नगरीय निकाय के सीएमओ की संयुक्त बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे है। बैठक मे संयुक्त कलेक्टर दुर्गेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस के शर्मा भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की विकासखण्ड वार आरटीपीसीआर, एंटीजेन एवं टू नॉट मशीन के जरिए लोगों की कोरोना जांच मे तेजी लाऐं। जिले के अन्य विकासखण्डों की अपेक्षा नवागढ़ ब्लॉक मे कोरोना जांच की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए इस कार्य मे प्रगति लाने कि निर्देश बीएमओ को दिए। विकासखण्ड नवागढ़ में तीन मोबाईल जांच टीम कार्यरत है। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जिस गांव मे जाना प्रस्तावित है, वहां कोटवार के जरिए पहले से मुनादी करवा लें। जांच के दौरान टीम के सहयोग हेतु रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा आवश्कता पड़ने पर पटवारी को भी उपस्थित रहना होगा। जिलधीश ने नगरीय निकाय के सीएमओं को निदेश दिए की पार्षद फल-सब्जी वाले, नाई, दुकान, सफाई कामगारों का भी कोरोना टेस्ट अवश्य करा लेवें। जिले मे कार्यरत 1840 मितानिनों का भी कोरोना टेस्ट कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने की लोगों से अपील- कलेक्टर श्री शिव अनंत तायल ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति या उनके परिवार के अन्य सदस्यों को सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई, स्वाद एवं सूंघने की क्षमता का अभाव होने पर तत्काल कोरोना जांच करावाना चाहिए। कोरोना के टेस्ट से डरें नहीं, टेस्ट अवश्य कराएं।

## रोशन करेंगे हर गरीब का आंगन : मंगेश वैद्य

# हिन्द सेना दीपावली में बांटेगी वस्त्र, खाद्यान्न एवं पच्चीस लाख दीए

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

हिन्द सेना समाजसेवी संगठन अपनी सामाजिक सरोकार की परंपरा को लगातार आगे बढ़ा रही है। इसी के तहत हिन्द सेना ने इस दीपावली पर हर गरीब के आंगन में रोशनी बिखेरने का फैसला किया। संघठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंगेश वैद्य साहू ने बताया कि दीवाली पर पूरे देश में उन बेहद गरीब परिवारों में चूल्हे भी नहीं जल पाते है ऐसे निर्धनों को वस्त्र,खाद्यान्न एवं मिट्टी के पच्चीस लाख दीए वितरित किए जाएंगे। वहीं छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सकारात्मक सोच के अनुरूप गोबर से बने दीए भी जरूरतमंदो को उपलब्ध कराए जाएंगे।



मंगेश वैद्य साहू ने बताया कि देश में आज भी ढेर सारे ऐसे परिवार है, जिनके घरों में दीपावली त्यौहार तो दूर की बात है उन घरों में चूल्हे भी नहीं जल पाते है, आम दिनों में भी रात के समय रोशनी की व्यवस्था नहीं हो पाती। जब सारे देश के लोग दीपावली के जश्न में डूबे रहते हैं तब ऐसे परिवारों के सदस्य अपने घर के अंधेरे कोने में अपनी किस्मत पर आंसू बहाते बैठे रहते हैं। हिन्द सेना ने इस बार की दीपावली पर ऐसे असहाय लोगों के घरों को रोशन करने और उनके आंसू पोछने का फैसला किया है। वैद्य ने बताया कि के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य दीपावली के पूर्व देश के प्राय सभी प्रदेशों में बेहद जरूरतमंदो की पहचान कर उन्हें वस्त्र,खाद्यान्न एवं मिट्टी के दीए भेट करेंगे। उन्होंने बताया कि दीपावली के शुभ अवसर पर हिन्द सेना ने सम्पूर्ण देश में वस्त्र,खाद्यान्न एवं पच्चीस लाख दीए बांटने का लक्ष्य रखा है। मंगेश वैद्य साहू ने कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य के हर गरीब, दलित,शोषित आदिवासी के जीवन में खुशियां बिखेरने के लिए प्राण प्रण से जुटे हुए हैं, उसी से प्रभावित होकर हिन्द सेना ने इस बार की दीपावली पर अति गरीबों, असहायों व जरूरतमंदो की विशेष सेवा करने का बीड़ा उठाया है। इस पुनीत कार्य को अंजाम देने के लिए समस्त राष्ट्रीय एवं प्रदेश की कार्यकारणी को विशेष दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। समस्त हिन्द सैनिक वस्त्र,खाद्यान्न एवं दीपकों व्यवस्था एवं जरूरतमंदो की पहचान करने के काम में जुट गए हैं।

### आगे बढ़ाएंगे सीएम बघेल की सोच को

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंगेश वैद्य साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वास्तव में जमीन से जुड़े व गरीब दलित का दर्द शिद्दत से महसूस करने वाले जननेता है। इसी लिए उन्होंने राज्य में गरीबों, वंचितों, दलितों एवं महिलाओं के उत्थान के लिए दूरगामी परिणाम देने वाली जमीनी योजनाएं चला रखी है। गोधन न्याय योजना भी इन्हीं में से एक है। दो रू.प्रति किलोग्राम की दर से गोबर खरीद कर उससे जैविक खाद एवं अन्य उत्पाद बनाने का काम छग की कांग्रेस सरकार कर रही है। इस योजना से जुड़कर राज्य के अनेक गावों में स्व.सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं गोबर से दिए तथा अगरबत्ती बनाने का काम कर स्वावलंबन की राह पर चल पड़ी है। श्री वैद्य ने बताया हिन्द सेना के पदाधिकारी व सदस्य इन महिला समूहों से यथा शक्ति गोबर निर्मित दिए खरीद कर गरीबों को भेट करेंगे।

## क्विक न्यूज

### बिजली के मनमाने बिल भेजे जाने को लेकर लोगों में आक्रोश



**मुंगेली।** जिले में बिजली विभाग द्वारा मनमाने बिल भेजे जाने को लेकर लोगों में आक्रोष नजर आने लगा है। क्षेत्र में इन दिनों बिना मीटर रिडिंग लिये लोगो के घरो में मनमाने बिजली का बिल भेजा जा रहा है, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो में इस समस्या के चलते लोगो का लगातार बिजली आफिसो का चक्कर काटना बदस्तुर जारी है। वही आज भी ऐसे कई जगह है जहां मीटर तो लगा है पर रिडिंग न कर मनमाने एवरेज बिल भेजा जा रहा है। ऐसे में आम नागरिक शिकायत लेकर जाने पर उनकी बातो को नजरअंदाज कर देते है, बिजली विभाग के इस रवैये पर समाजवादी पार्टी ने ज्ञापन सौपा।

### समाज को एक करने छुआछूत हटाने के बाबा के मार्गो पर चलने का आह्वान




**मुंगेली।** लालपुर धाम में आयोजित परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास बाबा जी के सात दिवसीय सतनाम विजय अथर्वल ग्रंथ में जिला पंचायत के अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने सम्मिलित हुआ साथ में उपस्थित थे रेखचंद कोसले अध्यक्ष सरपंच संघ मुंगेली, उर्मिला रमेश यादव' पूर्व सभापति जिला पंचायत मुंगेली, मंजीत रात्रे' युवा कांग्रेस नेता मुंगेली राजेश लहरे सरपंच लोहड़िया, उत्तरा अनंत' उपसरपंच खुर्सी, चंदन अनंत, अयोध्या टंडन और सभी आस पास गांव के नागरिक गण और समाज के सभी वरिष्ठ सियान और माता बहन और आयोजन समिति के सभी सदस्य गड़ उपस्थित रहे साथ ही लेखनी सोनू चंद्राकर के द्वारा 2100 रुपया के आर्थिक सहायता आयोजन समिति को दिया और साथ ही रेखचंद कोसले के द्वारा 1100 रुपया आर्थिक सहायता दिया गया।

# होम आइसोलेटेड मरीजों की देखभाल में रायगढ़ जिला प्रदेश में दूसरे पायदान में

■ **कलेक्टर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग कर रहा उम्दा काम**

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



होम आइसोलेटेड कोरोना संक्रमित मरीजों की देखभाल में रायगढ़ जिले की व्यवस्थाओं को पूरे प्रदेश में दूसरी रैंकिंग मिली है। मरीजों से मिले फीडबैक के आधार पर यह रैंकिंग तैयार की गयी है। होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों का स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 19 से 23 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय टेलीफोनिक सर्वे करवाया गया। जिसमें कोविड गाइडलाइन्स के अनुसार जिले में की गयी व्यवस्थाओं के संबंध में 11 बिंदुओं पर जानकारी सीधे मरीजों से ली गयी।

सर्वे के अनुसार 88 प्रतिशत के स्कोर के साथ रायगढ़ जिला पूरे राज्य में दूसरे पायदान पर है। कलेक्टर भीम सिंह ने कोरोना की चुनौती से निपटने के लिए जिले में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था के लिए कमान खुद संभाल रखी है।

वे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य विभाग और कोविड का उपचार कर रहे अस्पताल संचालकों की बैठक लेकर बीते एक हफ्ते के दौरान जिले में कोरोना की क्या स्थिति रही उसकी समीक्षा करते हैं। जिसमें संक्रमण की स्थिति, टेस्टिंग, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर विकास तथा मैन पॉवर के साथ चिकित्सा उपकरण और संसाधनों की उपलब्धता, प्रशासनिक मॉनिटरिंग की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा कर निष्कर्षों के आधार पर आगे की रणनीति तैयार कर उस पर अमल करने की रुपरेखा तैयार की जाती है।

### तीन टीमें संभालती हैं होम आइसोलेशन अलॉटमेंट का काम

होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की देखभाल के लिए एक पूरा सेटअप तैयार किया गया। जिसका नोडल डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी को बनाया गया। टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद मरीज को होम आइसोलेशन उपलब्ध करवाने का पूरा काम व्यवस्थित तरीके से किया जाता है। इसके लिए तीन अलग-अलग टीम लगायी गयी। पहली टीम टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद मरीजों को कॉल कर किस मरीज को होम आइसोलेशन में रहना है यह जानकारी इकठ्ठी करती है। दूसरी टीम कांटेक्ट ट्रेसिंग के तहत होम आइसोलेशन का आप्शन चुने मरीजों के घर का जाकर उसका मुआयना कर यह देखती है कि मरीज का घर होम आइसोलेशन के लिए उपयुक्त है या नहीं। सब कुछ सही होने पर होम आइसोलेशन के लिए सारे फॉर्म भरकर, मरीज से सहमति पात्र लेते हुए उन्हें सभी आवश्यक जानकारी देती है, तीसरी टीम होम आइसोलेटेड मरीजों को दवाई उपलब्ध करवाने का कार्य करती है।

### मरीजों का रोजाना होता है डबल फॉलोअप

होम आइसोलेशन के मरीजों के डबल फॉलो अप की व्यवस्था बनाई गयी है। पहला होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को एक डॉक्टर अलाट किया जाता है। जो नियमित कॉल कर उनकी स्वास्थ्य के अपडेट लेता है। इसके अलावा होम आइसोलेशन सेल से भी फोन कर सभी मरीजों से नियमित फॉलो अप किया जाता है। जिसमें उनसे ऑक्सीजन सेचुरेशन, टेम्परेचर रीडिंग की जानकारी ली जाती है। मरीजों के लिये आपात कालीन सुविधा के लिए 24×7 काल सेंटर बनाया भी गया है, जिसमें तीन शिफ्ट में डॉक्टर्स तैनात रहते हैं। जिले में अब तक 5041 मरीज कोरोना संक्रमण से ठीक होकर होम आइसोलेशन से डिस्चार्ज हो चुके हैं।

## विस अध्यक्ष की अनुशंसा पर अग्रवाल बनाए गए जनभागीदारी के अध्यक्ष

■ **संगीता घनश्याम पांडेय बनाई गई शासकीय कन्या शाला की जनभागीदारी अध्यक्ष**

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. चरणदास महंत की अनुशंसा पर जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी मंत्री टीएस सिंहदेव की स्वीकृति से जांजगीर चांपा जिला कलेक्टर ने शक्ति विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शक्ति नगर पालिका क्षेत्र के आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की जन भागीदारी अध्यक्ष पद पद पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल की नियुक्ति की है, वही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सक्ती की जन भागीदारी अध्यक्ष संगीता घनश्याम पांडेय शक्ति को बनाया गया है, तो वही शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पोरथा में समीर राठौर पिता-चेतराम राठौर जनभागीदारी अध्यक्ष एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लवसरा में सरजू साहू पिता-टिल्लूराम साहू को अध्यक्ष बनाया गया है, तथा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल को शक्ति शहर के आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला का जनभागीदारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जहां पार्टी कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की मंशानुरूप शिक्षा के क्षेत्र में एक नई योजनाएं तैयार होकर कार्य होने की बात कही है, तो वहीं श्यामसुंदर अग्रवाल ने भी छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एवं जिले के प्रभारी मंत्री टीएस सिंहदेव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि उन्हें जो जनभागीदारी अध्यक्ष की जवाबदारी दी गई है वे पूरी तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की सरकार प्रदेश में अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शक्ति में भी विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से अंग्रेजी माध्यम की शाला प्रारंभ करने जा रही है, जिसके लिए सारी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, एवं इसी सत्र से यह विद्यालय शक्ति विकासखंड के लोगों के लिए उपलब्ध होगा, वही संगीता घनश्याम पांडेय ने भी अपनी इस नियुक्ति पर विधानसभा अध्यक्ष एवम जिले के प्रभारी मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## दो दिवसीय डिजिटल नवरात्रि रास गरबा उत्सव में अनिता ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ केशरवानी वैश्य महिला सभा द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय दो दिवसीय डिजिटल नवरात्रि रास गरबा उत्सव में आयोजित ढोलक की थाप पर भजन में प्रथम स्थान पर मुंगेली नगर की अनिता किरण गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा एवं वर्तमान संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष नगर केशरवानी महिला समिति ने बाजी मारी और समाज का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि अनिता ने मुंगेली महिला समिति को हर क्षेत्र में सफ्ल मार्गदर्शन की अगुवाई में सहभागी बन महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की प्रशंसनीय भूमिका निभाती रही हैं। इसी क्रम में प्रदेशस्तरीय गायन में प्रथम स्थान जयश्री परमेश्वर केशरवानी, बेस्ट गरबा जोड़ी में द्वितीय स्थान तनु-रानू केशरवानी ने प्राप्त किया। राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री जया गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम आयोजिका प्रदेशाध्यक्ष कविता केशरवानी के मार्गदर्शन मे संपन्न हुआ। जिसमें 20 नगर - ग्राम सभाओं के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रदेश शिक्षा मंत्री तोषी गुप्ता केशरवानी ने किया। प्रदेश महामंत्री दिव्या केशरवानी, प्रदेश प्रभारी शोभा रामगोपाल केशरवानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष सारिका गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रजनी राजनारायण का विशेष सहयोग रहा। इस डिजिटल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य केशरवानी वैश्य सभा के प्रदेशाध्यक्ष रतनमणि केशरवानी जी विशिष्ट अतिथि महामंत्री रोहित केशरवानी जी तथा संगठन मंत्री नीलेश गुप्ता जी थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर की कार्य योजना को लेकर प्रदेश संयोजक ने ली बैठक

■ **सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व छात्रों को जोड़ने बनी कार्ययोजना**

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

प्रदेश में अखिल भारतीय स्तर पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्था सरस्वती शिक्षा संस्थान के माध्यम से प्रदेश के लाखों विद्यालयों में पूर्व छात्र-छात्राओं के अनुभवो का लाभ लेने एक बेहतर कार्ययोजना तैयार कर वर्तमान परिवेश में उनके अनुभवों का लाभ विद्यालय को प्राप्त करने की सकारात्मक सोच से 29 अक्टूबर को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शक्ति के सभागार में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व छात्र कार्य योजना प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक परिचय मिश्रा एवं शत्रुघ्न देवांगन ने एक बैठक ली, आगंतुक पदाधिकारियों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया।

तत्पश्चात बैठक में उपस्थित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं एवं प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों का परिचय सत्र संपन्न हुआ, बैठक को संबोधित करते हुए संस्थान के पूर्व छात्र प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक परिचय मिश्रा रायपुर ने कहा कि आज पूरे देश में सरस्वती शिशु मंदिर लाखों की संख्या में विगत कई दशकों से एक संस्कारिक शिक्षा एवं बेहतर शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं, तथा इस विद्यालय से पूर्व वर्षो में पढ़कर निकले छात्र- छात्राएं आज देश सहित विदेशों में भी विभिन्न प्रशासनिक एवं उच्च पदों सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रहे हैं, तथा ऐसे छात्र- छात्राओं के अनुभवों को विद्यालय से पुनः जोड़ने हेतु हम सभी सकारात्मक रूप से प्रयास करें।

तथा सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़कर निकले छात्र- छात्राएं आज अपने अनुभव विद्यालय परिवार को दें साथ ही आने वाली नई पीढ़ी को भी वे अवगत कराएं, ऐसा संस्थान की योजना है, एवं यह योजना अखिल भारतीय स्तर पर सभी राज्यों में चल रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है।

## बिना मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग पर फिर सख्त हुई रायगढ़ पुलिस

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोरोना संक्रमण के रोकथाम के लिए कई तरह के जागरूक कार्यक्रम किया जा रहा है। ताकि जिले में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण में कुछ हद तक राहत मिल सके। मगर शहरवासी कोरोना संक्रमण को लेकर आज भी गंभीर नहीं दिख रहे हैं और सोशल डिस्टेंश का पालन नहीं कर रहे हैं। साथ ही बिना मास्क लगाए लोग शहर में आसानी से घुमते देखे जा सकते हैं। रायगढ़ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक बार फिर से कार्रवाई करने शहर के कई चौक-चौराहों पर बिना मास्क घुमने वालों पर चालानी कार्रवाई शुरू की गई है। त्यौहारी सीजन में दुकानों में भीड़ बढ़ती जा रही है। शहरवासी कोरोना के भय से बेखौफ होकर बिना मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का उगंघन कर घूमते देखे जा रहे हैं। जिसे संज्ञान में लेते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन भीड़-भाड़ इलाकों में कार्रवाई कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के पालन में बुधवार को रायगढ़ के सभी थाना प्रभारी के नेतृत्व में शहर में बिना मास्क घूम रह लोगों तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने वाले दुकानों पर कार्रवाई की गई। गत अप्रैल से अब तक तकरीबन 9500 लोगों पर बिना मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग पर कार्रवाई की जा चुकी है।

## अखिल भारतीय हिंदी प्रकाशक संघ का 56 वां वार्षिक अधिवेशन जयपुर में आयोजित

■ **पाठ्य पुस्तक प्रकाशकों को शासकीय कार्य में होने वाली दिक्कतों पर विस्तार पूर्वक हुई चर्चा**

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ का 56 वां वार्षिक अधिवेशन के साथ साथ हिन्दी प्रकाशक और उसकी चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन जयपुर में 28 अक्टूबर को को मुजी कालोनी प्रधान मार्ग मालवीय नगर जयपुर में संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। अधिवेशन में देश भर के लगभग 50 प्रकाशकों के प्रतिनिधियों ने सहभगिता की, अधिवेशन में कोरोना महामारी को देखते हुए दो गज की दूरी का पूर्ण ध्यान रखा गया।

अधिवेशन में सर्वप्रथम महामंत्री अरूण कुमार शर्मा द्वारा संघ की वार्षिक रिपोर्ट पेश की गई एवं कोषाध्यक्ष विजय गोयल द्वारा आय-व्यय का विवरण बताया गया। संगोष्ठी में अनेक प्रकाशको ने अपने अपने विचार रखें, जिसमें हिन्दी पुस्तकों के पाठकों की कमी कई राज्यो द्वारा पुस्तक खरीद द्वारा हिन्दी पुस्तकों की खरीद ना करना आदि अनेको समस्याओं का उल्लेख किया गया तत्पश्चात उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल (श्याम प्रकाशन)द्वारा बताया गया की राज्य सरकारी द्वारा पुस्तकों की थोक खरीद में तरह तरह के अव्यावहारिक नियम व शर्ते लगायी जा रही है, जिसके कारण देश के कई छोटे प्रकाशक उस खरीद प्रक्रिया में शामिल नही हो पाते, जिसको रोकने के लिए संघ द्वारा कार्यवाही की जा रही है,कई राज्यों में तो पुस्तकों को जी.एस.टी. से बाहर रहने के बाबजुद भी प्रकाशकों से जी.एस.टी. नम्बर भी मांगे जा रहे है, उसके खिलाफ भी संघ द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट में रिट लगा दी गई है।

## रोजगार सहायक पर प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार करने का आरोप

पायनियर संवाददाता ◀ मालखरौदा
www.dailypioneer.com

जाँजगीर चापा जिला के मालखरौदा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नावापारा में आवास योजना में भ्रष्टाचार देखने को मिला है नवापारा के ग्रामीणो और पंचों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक ने अपने निजी रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने और सरकार को धोखा देने के लिए पूर्व में निर्मित मकान को ही नये मकान के लिए जीयो टेग कर दिया गया है। ग्रामीणों एवं पंचो ने इसकी शिकायत मालखरौदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लिखित में किया है और जल्द से जल्द कार्यवाई की मांग भी किया है। ग्रामीणों ने अपने शिकायत में बताया है ग्राम पंचायत नावापार में वित्तीय वर्ष 2017-18 में जोहनमती वेवा पुनीराम साहू के नाम पर प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ था, जिसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। फिर वित्तीय वर्ष 2018-19 में उदयकुमार पिता पुनीराम साहू के नाम पर आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ। उदयकुमार द्वारा उन्की माँ जोहनमती के द्वारा निर्मित मकान को द्वितीय किश्त के लिए जीयो टेग कराया गया था,जो ग्राम पंचायत के निरिक्षण के दौरान पता चला की उदयकुमार द्वारा उनकी माँ की ही मकान को दिखाकर जीयो टेग की जानकारी होने पर सचिव ग्राम पंचायत नावापारा द्वारा द्वितीय किश्त की राशि पर रोक लगाए जाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी मालखरौदा को दिनांक 14/01/2019 को पूर्व से निर्मित मकान को हितग्राही द्वारा आवास मित्र से सांठ गांठ कर किये गये जीयो टेग को निरस्त करने की लिखित शिकायत कि गई थी।आवास मित्र पद से हटने के बाद ग्राम पंचायत नावापारा के रोजगार सहायक रोहित साहू के द्वारा जोहनमति द्वारा निर्मित मकान को उदयकुमार के नाम से जीयो टेग कर मनरेगा और आवास की राशि को अपने निजी रिश्तेदार को लाभ पहुंचाकर शासन को नुकसान पहुंचाकर राशि का गबन किया गया है। साथ ही ग्रामीणों यह भी बताया है की जोहनमति रोजगार सहायक रोहित साहू के सगे चाची है और उदयकुमार चचेरे भाई है इसी कारण रोजगार सहायक के द्वारा इस तरह से भ्रष्टाचार किया गया साथ ही ग्रामीणों ने जल्द से जल्द रोजगार सहायक के ऊपर कार्यवाही करने की मांग मालखरौदा सीईओ से किया है।

-शिकायत प्राप्त हुआ है जल्द ही जांच कर उचित कार्यवाई किया जायेगा।

**संदीप सिंह पोयाम,**
मुख्यकार्यपालन अधिकारी
मालखरौदा

## विधायक चंदेल ने 1 नवंबर से धान खरीदी की मांग की

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने छ.ग. विधानसभा के विषेश सत्र में सदन शुरू होते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री व छ.ग. सरकार से मांग किया कि प्रदेश के किसानों की धान खरीदी 1 नवंबर से किया जाय, इसके साथ उन्होंने कहा कि जब केन्द्र सरकार ने 60 लाख मिट्रिक टन केन्द्रीय पुल में चावल लेने का फैसला किया है तब राज्य सरकार को चाहिए कि छ.ग. प्रदेश के किसानों का प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी करें। चंदेल ने किसनों के मुद्दे को जोर-शोर से उठाते हुए सदन में कहा कि किसानों का फसल पककर तैयार हो चुका है अतः 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू किया जाना किसानों के हित में होगा। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेष के किसानों की अन्य समस्याओं को भी कृषि बिल में चर्चा के लिये बुलाये गये विषेश सत् में कहा कि राज्य सरकार के इस कृशि बिल संषोधन विधेयक का कोई औचित्य नहीं है,पिछले दिनों केन्द्र सरकार ने संसद के दोनों सदनों में जिस नये कृषि बिल की स्वीकृति प्रदान किया है यह बिल देश के किसनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इस देश का किसान अब कहीं भी अपने उत्पादन को बेच सकता है, लेकिन कांग्रेस के लोग केन्द्र सरकार के इस कृषि बिल को लेकर के पूरे देश में भ्रम पैदाकर किसानों को गुमराह कर रहे है। उन्होंने आगे कहा कि छ.ग. विधान सभा के इस विषेश सत्र का कोई औचित्य नहीं। इसके साथ ही विधायक चंदेल ने सदन में राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि छ.ग. प्रदेश में आज यहां के किसान सर्वाधिक परेशान है। धान खरीदी केन्द्रों में भारी अव्यवस्था का आलम है, 2500 रूपये प्रति क्विंटल देने का वादा राज्य की कांग्रेस सरकार ने किया था, लेकिन अभी दो किस्त ही किसानों को मिल पाया है, उन्होंने बाकी राशि को 1 नवंबर तक एक मुस्त किसानों के खाते में जमा कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल का बोनस देने का वादा राज्य की कांग्रेस सरकार ने किया था, लेकिन अपने वादे से मुंह मोड़ लिया है, उन्होंने कहा कि सोसायटियों में धान का उठाव नहीं हो पाया, व कस्टम मिलिंग के लिये पर्याप्त धान उपलब्ध नहीं है, सोसायटियों में बोरों का आभाव, धान को रखने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

## पेज 1 के शेष...

### विश्व में 11.73 लाख ...

और 34,257 लोगों की मौत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका में 7.19 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 19,111 लोग काल के गाल में समा गए हैं। ईरान में इस महामारी से 5.88 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुये हैं और 33,714 लोगों की मौत हो चुकी है। यूरोपीय देश इटली में इस जानलेवा वायरस से 5.89 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 37,905 लोगों की मौत हुई है। चिली में कोरोना से लगभग 5.05 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 14,032 लोगों की मौत हुई है। जर्मनी में अब तक इस वायरस की चपेट में 4.79 लाख से अधिक लोग आए हैं तथा 10,218 लोगों की मौत हुई है। इराक में कोरोना से लगभग 4.64 लाख संक्रमित हुए हैं और 10,770 लोगों की मौत हो चुकी है। बंगलादेश में संक्रमितों की संख्या चार लाख से अधिक हो गई है और 5,861 लोगों की मौत हो चुकी है। इंडोनेशिया में संक्रमितों की संख्या लगभग चार लाख से अधिक हो गयी है तथा 13,612 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलीपींस से कोरोना में अब तक 3.75 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 7,114 लोगों की मौत हुई है। यूक्रेन में कोरोना संक्रमण के 3.74 लाख से अधिक मामले है तथा 6,938 लोगों की मौत हो चुकी है। तुर्की में इस महामारी से अब तक 3.68 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 10,027 लोगों की मौत हो चुकी है। बेल्जियम में कोरोना से 3.47 लाख से अधिक लोग संक्रमित हैं और 11,038 लोगों की मौत हुई है। सऊदी अरब में भी कोरोना के 3.46 लाख से अधिक मामले सामने आए हैं जबकि 5,348 लोगों की मौत हो चुकी हैं। पाकिस्तान में कोरोना से अब तक 3.31 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 6,775 लोगों की मौत हो चुकी है। नीदरलैंड में कोरोना से अब तक 3.26 लाख से अधिक संक्रमित हुये हैं और 7,265 लोगों की मौत हुई है। इजरायल में इस महामारी से अभी तक 3.12 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुये हैं और 2,494 लोगों की जान जा चुकी है। कोरोना वायरस से इक्काडोर में 12,608, कनाडा में 10,084, बोलीविया में 8,694, रोमानिया में 6,681, मिस्र में 6,234, स्वीडन में 5,927, पोलैंड में 4,849, चीन में 4,739, ग्वाटेमाला में 3,682, पनामा में 2,663 और होंडुरास में 2,639 लोगों की मौत हो चुकी है।

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली जिला - मुंगेली (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6अ/2020-2021

ग्राम-पातालकुंडी, प.ह.नं. 07

एतद् द्वारा ग्राम पातालकुंडी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **सुरेन्द्र कुमार उर्फ खम्हनदास धुरड़े पिता शिवप्रसाद जाति सतनामी** निवासी पतालकुंडी तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम पतालकुंडी हल्का नं. 07 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 80/4 रकबा 0.425 हे. को नाम त्रुटिवश के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 26.10.2020 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली जिला - मुंगेली (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6अ/2020-2021

ग्राम-फंदवानी, प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा ग्राम फंदवानी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **हीरालाल देवांगन पिता माखन लाल वगै. जाति कोस्टा** निवासी फंदवानी तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम फंदवानी हल्का नं. 13 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 52/1 रकबा 0.360 हे. को नाम पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 13.11.2020 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

// सूचना //

क्रमांक/.../वा./वि.अ./2020

मुंगेली, दिनांक 21.10.2020

**श्री रामदास पिता कृतराम, उम्र 24 वर्ष**
निवासी ग्राम भुलनकापा
तह. पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)
एवं
**कु. खिलेश्वरी वर्मा पिता चंद्रकुमार,**
उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सिलतरा
तह. पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचना दी जाती है कि आवेदकगणों के विशेष विवाह पत्र आदि किसी प्रकार का कोई आपत्ति/दावा हो तो दिनांक 05.11.2020 को समय 03.00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते हैं। आपके उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने की दशा में आपकी सहमति मानते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। बाद में आपत्ति पेश करने पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

मुहर

अतिरिक्त कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी
जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
e-Procurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 68582 निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि./ई-प्रोक्यूरमेंट/2020-21, दि. 28.10.2020

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 18.11.2020 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम** - नरियरा माईनर 01 के आर.डी. 2500 मी. से 3500 मी. बोरसी माईनर के आर.डी. 3500 मी. से 4500 मी. एवं जेवरा उप वितरक नहर के आर.डी. 8000 मी. से 11000 मी. में सी.सी. लाईनिंग नहर का जीर्णोद्धार एवं फाल, व्ही.आर.बी.,आर.सी.सी. कोलावा का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत - रु. 98.71 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 04.11.2020 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकता हैं।

**नोटः**-निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर**
**जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

जी-84625/7

# जिला पंचायत की बैठक में सभापति टिकरिहा ने अनियमितताओं पर लगाई फटकार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला पंचायत की बैठक में सभापति राहुल टिकरिहा ने विभिन्न विभागों से जानकारी ली और कार्य को लेकर फटकार लगाई उन्होंने ने कहा कि मनरेगा में भ्रष्टाचार के साथ मजदूरों की सालो से मजदूरी लंबित है। मनरेगा योजना (गौठान) में सरपंचों को दबाव बनाकर कार्य लिया जा रहा जिसमे सरपंच कर्जदार हो रहे है।

कृषि विभाग को तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दावा कर कृषि विभाग, मल्टी इंटरनेशनल कम्पनी बायर के अमानक धान बीज मामले में एक महीने बाद भी रकबा व किसानों का आंकड़ा प्रस्तुत नहीं कर पाया, जिससे उपभोक्ता फोरम जाने में किसानों को समस्याएं उत्पन्न हो रही है।

टिकरिहा ने सरदा लेंजवारा के धान संग्रहण केन्द्रों में मजदूरों की महीनों से लंबित मजदूरी भुगतान को लेकर विपणन अधिकारी को फटकार लगाते हुए 2 नवम्बर तक मजदूरी भुगतान नहीं होने पर सरदा रायपुर रोड़ में चक्काजाम करने की चेतावनी दी ।जल जीवन मिशन के तहत लगाए जा रहे खराब पाईप को लेकर कहा की सभी पाईप उखाड़ कर सही लगाया जाए।

इस पर पीएचई विभाग संज्ञान लेने को कहा तथा तांदुला जल विस्तार के तहत के ग्राम खड़मुडा पर पर बने टार नहर व गब्दा में बने गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य को फिर किसानों के अनुसार बनाया जाने की बात रखी इसे विभाग ने स्वीकार किया जिसमे किसानों को सिंचाई में सविधा प्राप्त हो सके। शिक्षा विभाग के संबंध में कहा कि स्कूलों में कार्यरत रसोइया व सफाई कर्मियों का मानदेय जो कि अप्रैल से लंबित है वेतन लंबित होने के चलते उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है, मानदेय तत्काल भुगतान की बात रखी नहीं तो इनके साथ विभाग को घेरने मजबूर होंगे।

इसी तरह बताया कि बिजली विभाग द्वारा 2018 में बेमेतरा क्षेत्र में हाईटेंशन टॉवर लगाया गया था, जिसका मुआवजा अधिकांश किसनों को मुआवजा नहीं दिया गया है।

ठेकेदार गायब है, जमीन, फसल और पेड़ कटाई के मुआवजा के लिए किसान आज भी चक्कर काटने मजबूर है। इन्हे मुआवजा प्रदाय करने के साथ जवाबदेही तय करने कहा गया। वहीं भारी भरकम बिल का विषय भी गरमाया रहा जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानियां हो रही है।

## मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में 5 को होगी प्रवेश परीक्षा

**कोण्डागांव।** कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 05.नवंबर दिन गुरूवार को (प्रातः 10.30 से दोपहर 1.00 बजे तक) पूर्व में निर्धारित परीक्षा केन्द्र क्रमांक-01 शासकीय कन्या उमावि कोण्डागांव, परीक्षा केन्द्र क्रमांक-02 सरस्वती शिशु मंदिर उमावि कोण्डागांव एवं परीक्षा केन्द्र क्रमांक-03 शासकीय उमावि तहसीलपारा कोण्डागांव पर आयोजित होगी। इस क्रम में कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सभी परीक्षार्थी मास्क लगाकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेंगे। ज्ञात हो कि पूर्व में यह परीक्षा 14.जुलाई.2020 को निर्धारित की गई थी। किन्तु अपरिहार्य कारणों से उक्त परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया।

# भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मिलिशिया कमांडर सुखराम ने किया समर्पण

■ शासन के समर्पण नीति के तहत समर्पित माओवादी पर है 1 लाख का इनाम

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी के कुशल मार्गदर्शन में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत पश्चिम बस्तर डिविजनल कमेटी अन्तर्गत भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत उतला मिलिशिया कमाण्डर के रूप में सक्रिय माओवादी सुखराम ओयाम पिता बुधु ओयाम उम्र 23 वर्ष साकिन उतला गोरीयापारा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर ने 29.अक्टूबर को उप महानिरीक्षक केरिपु कोमल सिंह, पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया । छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण नीति के तहत् समर्पित माओवादी के धारित पद पर 1.00 लाख का रूपये का ईनाम घोषित है।

## माओवदी संगठन में कार्य का विवरण

1. वर्ष 2005 में बाल सघंम के रूप में भर्ती हुआ । वर्ष 2011 में मिलिशिया सदस्य के पद पर पदोन्नत हुआ व वर्ष 2018 में ग्राम उतला का मिलिशिया कमाण्डर के पद पर पदोन्नत किया गया, संगठन में 12 बोर बंदुक व देशी कट्टा रखता था।

### कई घटनाओं में शामिल

1. वर्ष 2016 में ग्राम गुमलनार के सरपंच की हत्या में शामिल था।
2. वर्ष 2016 में पातरपारा एवं पुसनार के मध्य पुलिस पार्टी पर हमला की घटना में शामिल। जिसमें 01 पुलिस कर्मी शहीद हुआ एवं 01 इंसास रायफल लूट कर ले गये थे।



3. वर्ष 2016 में भैरमगढ. कोष्टापारा राहत शिवर में हमला में शामिल।

संगठन के विचारधार एवं रहन सहन व परिवार से लम्बे समय तक दूर रहने के कारण आज दिनांक 29.10.2020 को उतला मिलिशिया कमाण्डर सुखराम ओयाम द्वारा उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स पुलिस अधीक्षक बीजापुर के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादी सुखराम को प्रोत्साहन स्वरूप दस हजार राशि प्रदान की गई।

## पटाखे की दुकानें एक ही जगह लगाया जाएगा

**तिल्दा नेवरा।** इस वर्ष पटाखे की दुकान को नियम से एक ही जगह पर बिक्री के लिए लगाया जाएगा जिसमें नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा के द्वारा इच्छुक व्यापारियों को 3-11 -2020 को दोपहर 2.00 बजे पालिका के सभाकक्ष में एक विशेष बैठक बुलाया गया है इसमें इच्छुक व्यापारी बैठक में भाग ले सकते हैं।

वह पालिका के द्वारा बनाए गए नियमों के तहत अपनी दुकान के लिए स्थान को रिजर्व कराया जा सकता है इस बैठक में दुकानों की बोली भी लगाया जा सकता है और जमानत राशि जमा करके दुकान को अपने लिए बुक कराया जा सकता है इसमें नगर के सभी फटाके के व्यापार से जुड़े हुए नगरवासी आमंत्रित है।

# 4 दिनों से लापता बर्तन कारोबारी का मिला शव

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शहर के कुम्हारपारा इलाके में रहने वाले बर्तन कारोबारी संतोष जैन का शव आज कोडेनार थाना क्षेत्र के रायकोट में मिला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिस स्थिति में कारोबारी संतोष जैन का शव मिला है उसे देखकर हत्या की आशंका उत्पन्न हो रही है बताया जा रहा है कि शव का हाथ बंधा था और शरीर मे चोट के निशान मिले है। एसडीओपी केशलूर यूलेण्डन यार्क ने बताया कि केशलूर इलाके में एक व्यक्ति के शव मिलने की सूचना मिली थी शव अज्ञात होने के वजह से शहर के सभी थानों में सम्बंधित शव के बारे में पतासाजी की गई जिस व्यक्ति का शव मिला है उसका नाम संतोष जैन है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज है। दरअसल कुम्हारपारा में रहने वाला एक बर्तन कारोबारी पिछले रविवार से लापता था। वही कारोबारी के लापता होने की जानकारी कोतवली पुलिस को बुधवार को मिली। जब कारोबारी की बहन ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका भाई पिछले 4 दिनों से लापता है। इस मामले में पूरे शहर में बर्तन कारोबारी के अपहृत होने और उसे रिहा करने के बदले 10 लाख रुपए मांगने की खबर चर्चा में थी।

# करीलजी ने लोकभाषा हल्बी के माध्यम से बस्तर में आजादी का शंखनाद किया

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली /गीदम
www.dailypioneer.com



22अक्टूबर 1909 को 36 गढ़ के बस्तर जिले के छोटे से गांव गीदम (हारम) में स्वतंत्रता सेनानी, साहित्य मर्मज्ञ पंडित देवीरत्न अवस्थी, करीलजी का जन्म हुआ था। माँ सरस्वती साधना के चलते करीलजी ने हिंदी, संस्कृत,अंग्रेजी , उर्दू, हल्बी की शिक्षा ग्रहण की। करीलजी बस्तर स्टेट के प्रथम पत्रकार थे। अंग्रेजी रियासत ने आपको दो बार बस्तर बदर किया।

अंग्रेजों की खिलाफत, स्वतंत्रता की मांग व खादी पहनने के चलते राज्य से ही निष्कासन का तुगलकी आदेश जारी हुआ। करीलजी ने लोकभाषा हल्बी के माध्यम से बस्तर में आजादी का शंखनाद किया। तब बस्तर में लगभग 7 प्रतिशत से भी कम में शिक्षा रही होगी बस्तर के लोगों को आजादी और अंग्रेजों के अन्याय के प्रति जागरूक करने हल्बी गोठ में पहला गीत करीलजी ने लिखा - पंडरी पण्डरा भाई साहब पण्डरा पण्डरा घोड़ा

ईलो दखा ईलो दखा हाथे धरुन कोडा। गीदम से आपके क्रांतिकारी लेख पूरे देश में निरंतर प्रकाशित होते जिनमें अंग्रेजो के अन्याय के खिलाफत होती। अंग्रेजी सत्ता ने आपके क्रांतिकारी स्वरूप के देखते हुए बस्तर बदर कर दिया। 17 वर्ष तक निष्कासन की अवधि में आप साबरमती आश्रम चले गये और आजादी के आंदोलन में आप महात्मा गांधी, राजेन्द्र प्रसाद, पंडित नेहरू, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, महावीर प्रसाद द्विवेदी आदि आदि अनेको राष्ट्रनेता एवमं साहित्यकारों के संपर्क में लंबे समय तक रहे। कलम के धनी करीलजी ने निष्कासन की अवधि में साहित्य की अनुपम सेवा की। महाकवि कालिदास की कृति मेघदूत, रघुवंश व अन्य तथा शेक्सपियर की कृति मैक्रेथ का अंग्रेजी से हिंदी में छंदबद्ध अनुवाद किया। हिंदी साहित्य में चुनिंदा महाकाव्य में देवार्चन करीलजी की ही कृति है। मधुपर्क, लोकरीति नामक काव्य संग्रह में बैसवारी व हल्बी काव्य भी छंदबद्ध प्रकाशित हुआ है। लगभग 25 ग्रन्थों के रचनाकार करीलजी की 6 कृतियों का ही प्रकाशन हो पाया था....और काल ने उन्हें असमय हमसे विदा कर दिया।

आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले मर्मज्ञ साहित्यकार को बस्तर बदर के चलते बस्तर ही आज भूल गया। अप्रकाशित पांडुलिपि आज भी पद्माकर अवस्थी लालगंज उत्तरप्रदेश के पास सुरक्षित हैं। दो माह पूर्व डॉक्टर उषा मिश्र सागर (करीलजी की भतीजी) ने आपके ग्रन्थों को प्रकाशन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। 19 जुलाई 1976 को लालगंज उत्तरप्रदेश में कैंसर की बीमारी से आपका निधन हो गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

# विशेष ई-मेगा कैंप का आयोजन होगा 31 अक्टूबर को

### इस नम्बर पर सम्पर्क कर करा सकते हैं पंजीयन

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के सचिव अनिल प्रभात मिंज के द्वारा जानकारी दी गई कि कोरोना काल में जहां दिन-प्रतिदिन के कार्य प्रभावित हुए हैं, ऐसी स्थिति में लोगों के मध्य पहुंचकर विधिक जागरूकता का कार्य करना सुरक्षित नहीं है। इसलिए हाईकोर्ट एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ई-प्लेटफार्म के माध्यम से 31 अक्टूबर को विशेष ई-मेगा कैम्प आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

इसमें शासन द्वारा संचालित योजनाओं जैसे- आकाशीय बिजली, सर्पदंश, सड़क दुर्घटना से मृत अथवा घायल होने वाले पीड़ितों को प्रदान की जानी वाली सहायता, समाज कल्याण विभाग, पंचायतों तथा नगर निकायों एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राहियों की पहचान कर उक्त दिनांक को संबंधित योजना के अनुरूप राशि अथवा लाभ प्रदान किया जाना है साथ ही समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी एवं प्रक्रिया भी आमजन को प्रदान की जानी है।

इस संबंध में अगर आमजनों को शासकीय योजना का लाभ पाने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत अथवा परेशानी हो रही हो, तो वे तत्काल निःशुल्क हेल्पलाईन नंबर 7646819948, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दूरभाष नंबर 07786242501 पर सम्पर्क कर अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला न्यायालय परिसर स्थित प्रबंध कार्यालय में उपस्थित होकर पंजीयन करवाकर अपनी शिकायत दर्ज कराकर उक्त विशेष ई-मेगा कैम्प के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लिंक

विशेष ई-मेगा कैम्प में प्राप्त एसओपी अनुसार दो स्थान नियत रहेंगे। पहला स्थान जो कोर प्लेस कहलाएगा, वहां जिला न्यायाधीश, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं चयनित विभागों के वक्ता उपस्थित रहेंगे। द्वितीय स्थान पर हितग्राही उपस्थित रहेंगे। दोनों स्थानों को आपस में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लिंक किया जाएगा।

## हिन्दी सेवा सम्मान से परवीन अख्तर सम्मानित

**कोंडागांव।** देश की प्रतिष्ठित हिन्दी न्यूज वेबसाईट प्रभासाक्षी के 19 वें स्थापना दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार व राज्यसभा के पूर्व सांसद तरूण विजय ने डॉ परवीन अख्तर को हिन्दी भाषा के प्रोत्साहन के लिये 'हिन्दी सेवा सम्मान' से सम्मानित किया। उनके नाम की घोषणा भारतीय जनसंचार संस्थान दिल्ली के महानिर्देशक संजय द्विवेदी ने की । बस्तर के फरसगांव के आदर्श विद्यालय में पदस्थ डॉ परवीन अख्तर सामाजिक मुद्दों पर नियमित लेखन में सक्रिय हैं। उन्होंने समकालीन हिंदी रंग परिदृश्य और डॉ सुरेश शुक्ल चन्द्र पर शोध किया है। साथ ही समकालीन हिंदी नाट्य परिदृश्य पर किताब लिख चुकी हैं।



# शिक्षा विभाग की भर्राशाही, सीएससी बना ठेकेदार

### सरपंच की लिखित शिकायत जिला कलेक्टर से फिर भी कार्यवाही नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर में अफसरराज किस कदर हावी है अगर देखना हो तो जगदलपुर के ब्लाक खंड़ शिक्षा अधिकारी के कार्यालय जाने की आवश्यकता है।बीईओ द्वारा मुनाफाखोरी करने के लिए जमावाड़ा पंचायत के संकुल स्त्रोत समन्वयक को आहाता निर्माण का ठेकेदार बना दिया। इस मामले में जमावाड़ा के सरपंच ने इसकी लिखित शिकायत जिले के कलेक्टर से की है। किंतु अब तक जिला प्रशासन की तरफ से किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई।

जगदलपुर जनपद पंचायत के जमावाड़ा ग्राम पंचायत के सल्फीगुड़ा, जमावाड़ा खासपारा व भैंसबांधा में स्कूलों में आहाता निर्माण का कार्य किया गया। इस हेतु खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है तथा यह कार्य ठेकेदारों के माध्यम से किया जाना है।किंतु इस कार्य को जमावाड़ा के संकुल स्त्रोत समन्वयक को आहाता निर्माण कार्य गुपचुप तरीके से दे दिया गया। वही इस संकुल स्त्रोत समन्वयक ने एक अन्य फर्म को निर्माण कार्य सौंपा।

इस निर्माण कार्य की शिकायत सरपंच ने कलेक्टर से की किंतु जोड़- तोड़ में माहिर खंड शिक्षा अधिकारी अपने चहेते संकुल स्त्रोत समन्वयक को बचाने में जुटे हैं।आप सुधि पाठकों को बता दें कि भाजपा शासनकाल में शिक्षकों को निर्माण एजेंसी का ठेकेदार बनाने पर कांग्रेस जमकर हो-हल्ला मचाया करती थी किन्तु अब कांग्रेसी इस पर रहस्यमयी चुप्पी साध रहें हैं जिससे कांग्रेसियों की किरकिरी हो रही है।

### निविदा शर्तो का उल्लंघन

किसी भी निर्माण कार्य के प्रारंभ होने पर कार्य संबंधी जानकारी का बोर्ड लगाया जाता है और इसमें कार्य निर्माण एजेंसी का नाम, लागत, कार्य प्रारंभ व कार्य समाप्त होने की तिथि, उपयंत्री का नाम उल्लेख करना होता है किंतु निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी यह जानकारी कहीं पर भी नहीं है जिसके कारण ऐसा प्रतीत हो रहा है कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा खंड स्त्रोत समन्वयक को फायदा पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा हैं।

## गिरदावरी कार्य के संबंध में कलेक्टर ने दिये दिशा-निर्देश

# राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 27 अक्टूबर को कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य, धान पंजीयन, जिले में धान के रकबे सहित विभागीय कार्यों की वस्तुस्थिति के बारे में दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की मन्शा अनुरूप गिरदावरी कार्य के द्वारा किसानों के हितों को संरक्षित करने का प्रयास किया गया है, इसमें राजस्व प्रशासन के सभी अधिकारियों एवं मैदानी क्षेत्र के कर्मचारियों को गंभीरता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। ताकि धान खरीदी के दौरान आने वाली समस्याओं का पहले ही समाधान हो सके। बैठक में आगे कहा कि जिले में धान के रकबे में अगर कमी आती है, तो तहसीलदार एवं पटवारियों को स्थल परीक्षण कर कारण सहित पूरा सत्यापन करना होगा। धान के रकबे में 10 प्रतिशत की कमी आने पर पटवारी तथा 20 प्रतिशत की कमी आने पर तहसीलदार सत्यापित करेंगे। बैठक में जानकारी दी गई, कि जिले में 2020 की स्थिति में धान का रकबा 103076.064 हेक्टेयर रहा, जबकि 2019 में धान का रकबा 126262.009 हेक्टेयर था। इस प्रकार कमी का प्रतिशत .18.4 दर्ज किया गया है।

साथ ही बैठक में वनाधिकार पट्टों, गिरदावरी के दौरान रेगहा, रिकॉर्ड में फौरी नामंत्रण, वनभूमि अतिक्रमण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में कलेक्टर द्वारा जानकारी चाही गई। इस दौरान बैठक में अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव बीआर ध्रुव, डीडी मण्डावी केशकाल, डीआर ठाकुर फरसगांव, डिप्टी कलेक्टर धनंजय नेताम सहित सभी तहसीलों के तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

# संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने निः शक्त एवं वृद्ध दम्पत्ती को आर्थिक सहायता दी

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने जगदलपुर शहर के वृद्ध एवं निःशक्त गुप्ता दम्पत्ती माणिक लाल गुप्ता 91 वर्ष एवं सुमित्रा गुप्ता 81 वर्ष जो की कोरोनावायरस महामारी के चलते लाक डाउन में कोई काम नहीं होने से परेशान थे एवं एवं बिमार थे उन्होंने पिछले दस माह से अपने मकान का किराया भी नहीं भरा था। आज अत्यधिक परेशान होकर वे विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के कार्यालय में पहुंचे जहां विधायक जगदलपुर ने आत्मीयता से उनका हाल चाल जानने के साथ ही उनका मेडिकल परीक्षण भी करवाया एवं अपने स्वेच्छानुदान मद से 10000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

वृद्ध एवं निः शक्त गुप्ता दम्पत्ती ने विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन की इस सहृदयता एवं सहायता पर आभार व्यक्त किया एवं भाव विभोर हो विधायक को दीर्घायु एवं यशस्वी होने की कामना की।

# आपस में सुलझ गया भाजपा उपाध्यक्ष की बेईज्जती का मामला

## आयुक्त की फोन पॉलिटिक्स, विरोध की तैयारी धरी रह गई

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने अपने व्यवहार को लेकर भाजपा उत्तर मंडल उपाध्यक्ष नागेश यदु से माफी मांग ली। इसके साथ ही आयुक्त कौशिक के विरुद्ध होने वाला विरोध प्रदर्शन भी थम गया। जानकारी थी कि आयुक्त के व्यवहार को लेकर क्षुब्ध भाजपाई कई स्थान पर आयुक्त का पुतला दहन की तैयारी कर चुके थे। इसके अलावा आयुक्त के घेराव की तैयारियां भी थी। लेकिन इससे पहले ही आयुक्त ने फोन पॉलिटिक्स का सहारा लेकर नागेश यदु से राजीनामा कर लिया।

आयुक्त कौशिक और नागेश यदु के बीच मामला तब बिगड़ गया था जब पीएम आवास के लिए आवेदन करने वालों की राशि वापस लौटाने के संबंध में भाजपाई ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। यहां आयुक्त के सामने मांग रखते हुए नागेश ने दो साल से आवेदकों की जमा राशि को लौटाने की बात कही थी। इस मसले पर बातचीत के बीच माहौल गरम हो गया और कथित तौर पर आयुक्त ने यदु को खरी खोटी सुना दी थी। आयुक्त के चेंबर में हुए विवाद के बाद बाहर निकलते ही इस व्यवहार को लेकर भाजपा विरोध प्रदर्शन की तैयारी में लग गई थी।

आयुक्त की फोन पॉलिटिक्स के बाद विरोध थम जरुर गया है लेकिन बात ठंडी नहीं पड़ी है। नागेश यदु ने पायनियर से कहा कि, हम गरीब तबके के लोगों के हित को लेकर आयुक्त से मिलने गए थे। लेकिन उनका व्यवहार अपमानित करने वाला था। सैकड़ों लोगों ने पीएम आवास के लिए आवेदन किया है और इसके एवज में राशि भी जमा कराई है अब उन्हें यह राशि वापस मिलनी चाहिए। यह मसला मंडल अध्यक्ष के सहारे जिला अध्यक्ष तक पहुंचाया गया है। अब इस मसले को लेकर पार्टी स्तर पर रणनीति तैयार कर हितग्राहियों के न्याय की लड़ाई लड़ी जाएगी।

दूसरी ओर आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने पायनियर से कहा कि चेंबर के भीतर किसी से भी मैंने उस तरह का व्यवहार नहीं किया जिससे किसी का अपमान हो। हां, लेकिन शासकीय कार्यालय के भीतर मयार्दा का पालन होना चाहिए जो कि उन्होंने नहीं की। उन्होंने कहा कि जिसे विवाद कहा जा रहा है वे ऐसा विषय ही नहीं था जिस पर बात हो। बहरहाल, नागेश को फोन पर संदेश भेजे जाने के सवाल के जवाब में उन्होंने सिर्फ हां कहा।

### भाजपाई ही निशाने पर क्यूं

गाहे-बेगाहे आयुक्त चंद्रकांत कौशिक अपने बयानों को लेकर विवादों में आ ही जाते हैं। आयुक्त कौशिक के व्यवहार को लेकर अब तक जितने भी विवाद हुए वे सभी भाजपा नेताओं से ही रहे हैं। यदु ने आयुक्त की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वे भाजपाईयों के साथ अपमानजनक व्यवहार करते हैं। यदु ने कहा कि आयुक्त ने अब तक भाजपा के सरपंच गौरव बोरकर, सुमीत सिंह भाटिया, पार्षद गगन आईच, कौरिन भांठा क्षेत्र के पार्षद पति जो कि भाजपाई हैं उनसे और अब मुझसे अपमानजनक व्यवहार कर साबित किया है कि वे भाजपाईयों को ही निशाने पर ले रहे हैं।

### घेरने की तैयारी में भाजपा

इस पूरे विवाद के बाद एक बार फिर आयुक्त भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। मामला भाजपा कार्यकर्ता और आयुक्त के बीच बहस से आगे निकलकर अब पार्टी के लिए बड़ा मुद्दा बन गया है। पीएम आवास के आवेदकों के सहारे भाजपा अब निगम और आयुक्त को घेरने की तैयारियां कर रही है। पीएम आवास योजना को लेकर कई शिकायतें हैं। किस्तों के भुगतान सहित अन्य मसले हैं जिसे लेकर भाजपा अब प्रदर्शन की तैयारी कर रही है।

# आज बंद हो जाएगा उदयाचल में चल रहा कोविड केयर सेंटर

## लगभग दो महीने के संचालन के बाद लिया फैसला

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

उदयाचल संस्था व शांति विजय समिति द्वारा संचालित कोविड केयर सेंटर दोबारा बंद किया जा रहा है। बीते 16 अक्टूबर को ही यह सेंटर बंद किया जा चुका था लेकिन यहां की बेहतर व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन के अनुरोध पर इसे चालू रखा गया था। लगभग दो माह केयर सेंटर का संचालन हुआ।

8 सितंबर को समाजसेवियों द्वारा शुरु किए गए इस कोविड केयर सेंटर में अब तक 490 मरीज आईसोलेशन में रह चुके हैं। गौरतलब है कि यह सेंटर उस समय शुरु किया गया था जब जिले में मरीजों की संख्या के आगे बिस्तर कम पड़ने लगे थे। मेडिकल कॉलेज सहित प्रशासन और स्वास्थ्य महकमे द्वारा तैयार किए गए आईसोलेशन सेंटर भी पूरी तरह भर चुके थे और मरीजों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही थी। ऐसे समय में शांति विजय समिति और उदयाचल के संयुक्त प्रयास से यहां कोविड केयर सेंटर शुरु किया गया था। शांति विजय समिति के भावेश बैद ने बताया कि सेंटर में अब तक 490 मरीज ने स्वास्थ्य लाभ लिया और अब महज 22-23 मरीज बचे हैं जो कि 30 अक्टूबर को डिस्चार्ज हो जाएंगे। इसके साथ ही अब यह सेंटर मरीजों के लिए बंद हो जाएगा। इस सेंटर में मरीजों को मिलने वाली व्यवस्था की बात करें तो यहां निःशुल्क नाश्ता, दोनो समय का भोजन सहित कोरोना मरीजों के लिए जरुरी स्वास्थ्य संबंधि उपकरण व अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई थीं। बीते दिनों ही केंद्र की एक टीम ने भी इस आईसोलेशन सेंटर का दौरा किया था। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्रीमती ऋचा शर्मा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय दल ने इस कोविड केयर सेंटर में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद इस सेंटर की प्रशंसा की थी। भारत सरकार दल के दल नें उदयाचल में गैर शासकीय संस्थाओं के सहयोग से संचालित कोविड केयर सेंटर एवं गांधी सभागृह में संचालित सैम्पल संग्रहण केन्द्र का भी अवलोकन कर मरीजों एवं कार्यरत कर्मचारियों से बात की थी और मिल रही सेवाओं की गुणवत्ता की प्रशंसा की।

# शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल बीईओ से मिला



**डोंगरगांव।** छ ग शालेय शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल आज दिनाँक 29 अक्टूबर 2020 को प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयंत साहू से मुलाकात कर फेस्टिवल एडवांस (त्योहार अग्रिम राशि) के विषय मे ज्ञापन सौंपकर जानकारी ली गयी एवम सकारात्मक चचाज़्ज़ की गई, जिसमे प्रभारी बीईओ साहू के द्वारा आश्वस्त किया गया कि आगामी दिनाँक 2 नवम्बर को तत्सम्बन्ध में आवश्यक निदेज़्श/आदेश जारी करने की बात कही गयी। उक्त परिचचाज़् में जिलाध्यक्ष विष्णु शमाज़् व ब्लॉक अध्यक्ष शशांक साहू, गुलाब गावरे, जयचन्द पटेल, सूयज़्कांत बनवाले, कैलाश रामटेके, टोमन चंद्रवंशी, ललित महाजन, शमसुद्दीन अंसारी,नरेश साहू, कुमार साहू, आदि उपस्थित थे।

# बुजुर्गों की घर वापसी की पहल, टीआई ने हाल-चाल पूछा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले के डोंगरगढ़ थाना प्रभारी ने गुरूवार को बछेराभाटा के वृध्दाश्रम में जाकर बुजुर्गों से मुलाकात की। उनको फल और मिठाइयां बांटी। इस आश्रम में कुल 19 बुजुर्ग रहते हैं। इनको अब घर वापसी का प्रयास किया जा रहा है। यह जानकारी डोंगरगढ़ थाना प्रभारी अलेक्जेंडर कीरो ने दी। उन्होंने बताया किइस वृध्दाश्रम में रहने वाले लोग अलग-अलग राज्यों के हैं।

### किन-किन राज्यों के हैं बुजुर्ग

थाना प्रभारी अलेक्जेंडर कीरो की मानें तो यहां रहने वालों में कुछ लोग तो सेंदरी बिलासपुर के हैं। वहीं 2 महिलाएं उड़ीसा, एक झारखंड तथा बालाघाट के खैरलांजी का एक बुजुर्ग बताया जा रहा है। पुलिस इनके परिजनों का पता लेकर इनको समझा-बुझाकर वापस भेजने की तैयारी कर रही है। इन सभी बुजुर्गों ने वृध्दाश्रम की व्यस्था से संतोष जाहिर किया है, मगर यह देखना भी जरूरी होगा कि क्या इनके परिजन इनको अपना लेते हैं या फिर इनको अगर परिजन नहीं अपनाते तो उस पर पुलिस क्या कार्रवाई करेगी यह भी देखने वाली बात होगी।

# हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट से दंपत्ति गिरफ्तार

- सरपंच पति आत्महत्या प्रकरण में हुई कार्रवाई
- डोंगरगांव विधानसभा का आत्महत्या प्रकरण

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





विधानसभा क्षेत्र में खुसीर्पार के आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि खुसीर्पार के किसान व ग्राम पंचायत सरपंच पति फंदे पर लटके पाए गए थे। पुलिस की माने तो मृतक के जेब से सुसाईड नोट मिला था। सुसाईड नोट में गांव के ही पुर्व सरपंच व उनके पति के नाम आने की खबरें छनकर आई थी। प्रकरण में सुसाईड नोट की हैंडराईटिंग एक्सपर्ट जांच उपरांत रिपोर्ट में तथ्य सत्य पाए जाने उपरांत आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तारकर रिमांड पर भेजा गया है।

डोंगरगांव पुलिस से अधिकारिक जानकारी मुताबिक खुसीर्पार के आत्महत्या की घटना में क्र0 52/20 धारा 174 मर्ग कायम कर पुलिस विवेचना जारी थी। सुसाईड नोट को हस्तलिपि विषेशज्ञ पुलिस मुख्यालय रायपुर भेजा गया था। पुलिस अधीक्षक डी श्रवण, एएसपी जयप्रकाश बढई एवं एसडीओपी घनश्याम कामड़े के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी केपी मरकाम के अगुवाई में जांच की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि जांच मे मृतक विष्णु साहू पिता स्व0 हीरादास साहू उम्र 50 साल, साकिन खुसीर्पार, थाना डोंगरगांव के षर्ट के ऊपर जेब से मृतक का सुसाईट नोट बरामद की गई थी। उक्त नोट में पुर्व सरपंच व उनके पति घनीराम चैधरी के कारण आत्महत्या लिखे होने के संज्ञान से सुसाईट नोट एवं अन्य दस्तावेजों को हस्तलिपी विशेषज्ञ रायपुर भेजा गया था। हस्तलिपी विशेषज्ञ पुलिस मुख्यालय के रिपोर्ट में सुसाईट नोट को मृतक विष्णु साहू द्वारा ही लिखा हुआ लेख साबित हुआ।

### जांच में ग्रामीणों के बयान

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान गांव में गवाहो द्वारा मृतक विष्णु साहू को पुर्व सरपंच व उनके पति द्वारा गाली गलौच व छः माह के अंदर सरपंची निपटा देगें जैसे वाक्यों से मानसिक प्रताड़ना के कथन दर्ज हुए। प्रकरण धारा सदर का पाये जाने से अप. क्र. 236/2020 धारा 306, 34 आईपीसी कायम कर आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### लाल लक्ष्मीनारायण सिंह का निधन



**खैरागढ़।** राजपरिवार खैरागढ़ के वरिष्ठ सदस्य जय मोटर्स राजनांदगांव व शिवनाथ कैफे टेरिया दुर्ग के संचालक, वरिष्ठ समाजसेवी लाल लक्ष्मीनारायण सिंह ( लच्छू काका) का निधन 3:30 बजे रायपुर रामकृष्ण केअर हॉस्पिटल रायपुर में हो गया। अपनी मिलनसार छवि के लिए जाने जाने वाले सिंह के निधन की खबर के बाद खैरागढ़ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। खैरागढ़ राज परिवार के सदस्यों सहित नेताओं, शुभचिंतकों ने लक्ष्मीनारायण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया है।

# पीएचई मंत्री का इस्तीफा और इएनसी के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज हो : मधुसूदन

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़िया वाद की ढिंढोरा पीटने वाली सरकार 13 हजार करोड़ में दस हजार करोड़ रुपये का काम बिना निविदा, बिना नियम के बंदरबांट कर ले, और मुख्यमंत्री कार्यवाही करने के नाम पर दिखावा करने की कोशिश करते हुए टेंडर बस को निरस्त कर दे तो यह पूरे छत्तीसगढ़ का अपमान और मजाक उड़ाने वाला कृत्य है। मुख्यमंत्री सही मायने में कुछ कार्यवाही करना चाहते तो सबसे पहले पीएचई मंत्री का इस्तीफा लेते और ईनसी के ऊपर अपराधिक षड्यंत्र का मामला दर्ज करवाते।



जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने पीएचई घोटाला पर भूपेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक करोड़ की पात्रता रखने वाले फर्म को यदि 5 करोड़ का काम दिया जाए तो तय है कि अधिकारी को ना तो मुख्यमंत्री का खौफ है और ना ही उनके प्रति सम्मान और यह तभी होगा जब ईएनसी को मंत्री का संरक्षण प्राप्त हो क्योंकि उनकी सहमति के बगैर इतना खुलेआम घोटाला कैसे हो सकता था। हद तो ये भी है कि कैबिनेट की बैठक में मंत्री इस पूरे भ्रष्टाचार के बंदरबांट को जायज ठहराते हुए टेंडर को निरस्त ना करने की वकालत भी करते रहे। तो यह नैतिकता को ताक में रख कर भ्रष्टाचार की गंगा को बढ़ाने वाला ही कार्य है। वो भी उसी सरकार की जो गंगा जी की पवित्रता की कसम खा कर झूठ बोल कर सत्ता में आये है।

यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने टेंडर को निरस्त करके भ्रष्टाचार को रोकने की पहल नहीं की है अपितु भ्रष्ट मंत्री और अधिकारी को चुपचाप रहने बस की सलाह दी है। क्योंकि जब उन्हें पता चल ही गया था कि भारी भरकम खेल टेंडर में हो गया है तो मंत्री का इस्तीफा और ईएनसी के विरुद्ध षडयंत्रपूर्वक अपने लोगों को लाभ दिलाने के लिए वित्तीय अनियमितता का मामला बना कर आपराधिक षड़यन्त्र दर्ज करवाते। तब कुछ अच्छा संदेश जाता। किन्तु छत्तीसगढ़ को लूट की धरती समझ कर एक ही योजना में एक विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के बाहर के लोगों को 70 प्रतिशत काम का बंटवारा करके लूटने का आमंत्रण दे दिया जाए तो यह पूरे छत्तीसगढ़ का अपमान है, जिस पर मुख्यमंत्री चुप है।

श्री यादव ने कहा कि कॉन्ग्रेस ने सरकारी संपत्ति को लूटने के लिए एक नवीन परिपाटी का प्रारंभ कर दिया है कि जो ज्यादा कमीशन देगा वही काम लेने का अधिकारी होगा ,इसलिए छत्तीसगढ़ के बाहर के लोगों को आमंत्रित किया जाए और लूट प्रदेश बनने दिया जाए बाकि छत्तीसगढ़ के लोगों को बरगलाने के लिए,बांटी,भवँरा और सोंटा खाने का काम वो कर ही लेंगे,लेकिन सत्ता के मद में मदमस्त कांग्रेस का यह छलावा छत्तीसगढ़ के लोग समझ गए है और 15 साल के भाजपा के सुशासन और छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले जानेवाली भाजपा को स्मरण कर रही है कि परिवर्तन का जो प्रयोग उन्होंने किया था उसका कैसा दुरुपयोग काँग्रेस कर रही है ,छत्तीसगढ़ को कैसे बाहरी लोगों के हाथों में ÷ लुटेड छत्तीसगढ़÷ बना कर लूटने के लिए छोड़ दिया गया है,हर विभाग लूट का अड्डा और कांग्रेस की कमाई का जरिया बन गया है ,किन्तु 2 साल बाद यही जनता कांग्रेस के काले करतूतों की सजा देगी यह भी तय है।

### आत्महत्या करने वाले जवान का मिला सुसाइड नोट, लगाया अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप

**भिलाई ।** दुर्ग जिले के उतई में सीआईएसएफ कैम्प में 10 दिन पहले जवान राजस्थान के भरतपुर निवासी चंद्रभान सिंह की आत्महत्या के मामले में एक नया खुलासा सामने आया है। मृतक के भाई रंजीत ने बताया कि आत्महत्या के पहले रात करीब 1 बजे भाई चंद्रभान ने उनके मोबाइल नम्बर पर चार पेज का सुसाइड नोट पोस्ट किया,जिसमें 7 अधिकारी और एक महिला पर शारिरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया।महिला एक अधिकारी की प ी है। जबकि अडिशनल एसपी प्रज्ञा मेश्राम ने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से एक पेज का सुसाइड नोट मिला था जिसमें उसने किसी भी तरह का आरोप नही लगाया था।

## 7-8 वर्ष पूर्व से निर्मित चीरघर को अब तक शुरू नहीं हो सका

# सालों पहले मिली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा, बदहाली से लोग परेशान

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली को लेकर आये दिन शिकायतों में शुमार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में नाममात्र सुधार नहीं होना स्थानीय जिम्मेदार चिकित्सा अधिकारियों से लेकर जिले के आला अधिकारियों के अलावा प्रशासन को भी कोई खास सरोकार दिखाई नहीं दे रहा है। जहां तमाम खामियों के बीच एक काफी संवेदनशील मामले में स्थानीय बीएमओ से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की असंवेदनशीलता स्पष्ट हो रही है।

जानकर सूत्रों के अनुसार तकरीबन 7-8 वर्ष पूर्व से निर्मित चीरघर को अब तक शुरू नहीं किये जाने को लेकर कई बार आवाज़ें उठाई जाती रही। परन्तु लापरवाही का आलम देखा जाए तो उक्त शव विच्छेदन गृह उपयोग के अभाव में धीरे धीरे खण्डहर में तब्दील होते जा रहा है। पूर्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने उच्चाधिकारियों का इस सम्बंध में ध्यान आकृष्ट भी कराया। परन्तु आज तक कोई भी पहल नहीं हो पाने से शव परीक्षण के लिए राजनांदगांव मेडिकल कालेज भेजा जा रहा है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति दुर्घटना, आपराधिक मामलों से लेकर अन्य अकाल परिस्थितियों के चलते अपनों को खो चुके परिजनों को शव परीक्षण के लिए 30 किमी दूरी उस विकट और दुखद परिस्थितियों में तय करने की विवशता होती है। जबकि स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुक्तांजली वाहन भी उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण एकाएक शव



राजनांदगांव तक ले जाने वाहन के लिए भटकते हुए शाम हो जाने के कारण दूसरे दिन भी इसी तरह की तकलीफों का सामना करते बमुश्किल अपने सगे संबंधियों को खोने के गम में डूबे परिजनों को मेडिकल कॉलेज तक कष्टप्रद दुखद सफर की कल्पना शायद जिम्मेदार अधिकारियों ने आज तक नहीं किया हो।

घुमका थाना के अंतर्गत 71 गांव आते हैं और तमाम गांवो में कभी भी दुर्घटना, खुदकुशी, अपराधिक प्रकरणों से लेकर कई संदेहजनक मौतों के मामले में शव परीक्षण की आवश्यकता को देखते हुए पुलिस को भी कुछ इसी तरह की दिक्कतों को झेलना मजबूरी है। जबकि घुमका थाना के तहत पदुमतरा से लेकर सहसपुर दल्ली तक स्टेट हाइवे में आये दिन सड़क दुर्घटनाये होती है और पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त स्थल दुर्घटनाजन्य क्षेत्र माना जाता है जहां अक्सर दुर्घटना से होने वाले मौतो के मामले में शव परीक्षण अनिवार्य है।

अभी तक पुलिस पोस्टमार्टम के लिए राजनांदगांव जाने मजबूर है। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग पूर्व में मरचुरी के लिए भवन नहीं होने का हवाला देते रहे और जब भवन तैयार हुआ तब स्वीपर का अभाव बताया गया। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो स्वीपर पूर्व से ही पदस्थ हैं। अंततः जनप्रतिनिधियों के लगातार मांग पर स्वीपर नही होने का बहाना बनाये जाने पर जीवनदीप समिति की ओर से संविदा पर एक स्वीपर की भी नियुक्ति कर ली गई और उसको मेडिकल कालेज में शव परीक्षण का प्रशिक्षण भी करा लिया गया है।

शव परीक्षण कर मृत्यु के कारणों के अभिमत देने के लिए पर्याप्त चिकित्सा अधिकारी भी पदस्थ हैं। वर्तमान में दो महिला चिकित्सक समेत कुल पांच डॉक्टर घुमका में पदस्थ हैं। परंतु आज तक शव परीक्षण शुरू नहीं हो सका हालांकि इस मामले को लेकर जानकार विश्वस्त सूत्रों के अनुसार एक जिम्मेदार चिकित्सा अधिकारी को शव परीक्षण की प्रक्रिया से बिल्कुल अनभिज्ञ बताया जाता है। तकरीबन बीस साल की सेवा में एक भी बार शव परीक्षण नहीं किये जाने और नाममात्र भी अनुभव के अभाव में शव परीक्षण शुरू नहीं कराए जाने के कारण के रूप में समझा जा रहा है। परंतु इन सब स्थितियों का खामियाजा पुलिस से लेकर पीड़ित परिजनों को भुगतना पड़ रहा है।

> मरच्युरी की ईमारत जर्जर हो चुकी है। स्टॉफ उपलब्ध है और अब नई ईमारत बनाने की तैयारी है जिसके बाद चीरघर शुरु कर दिया जाएगा। जानकारी मिली है कि बिल्डिंग का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है।
>
> **-डॉ विजय खोब्रागढ़े,**
> विकासखंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

## क्विक न्यूज

### दिवंगत शिक्षक के परिवारजनों को समूह बीमा राशि का भुगतान

**कोरबा।** शासकीय कर्मचारियों के वेतन से समूह बीमा कटौती किया जाता है। कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर समूह बीमा में जमा राशि का 70 फीसदी राशि का भुगतान किया जाता है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोरबा के जिलाध्यक्ष मनोज चौबे ने बताया कि विकासखंड पाली के अधीनस्थ प्राशासरारपारा के शिक्षक स्व.फूल सिंह आर्मो मृत्यु 15.01.2020, प्रा.शा. बड़ेबांका के शिक्षक स्व विनोद कुमार पाल मृत्यु 29.10.2019 प्रा शा पुटा के शिक्षिका स्व.श्रीमती चन्द्रकला नेताम मृत्यु 02.07.2020, प्रा शा घोघरीपारा के शिक्षक स्व.चंद्रभान सिंह खुरसेंगा मृत्यु 26.05.2020 मा शा चैनपुर के शिक्षक स्व कन्हैया लाल पैकरा मृत्यु 28.04.2019, मा शा ईरफ के शिक्षिका स्व.श्रीमती विभूति मिश्रा मृत्यु 28.04.2019 उक्त शिक्षकों के परिवारजनों को विकास खंड शिक्षा अधिकारी डी.लाल ने संवेदना का परिचय देते हुए समूह बीमा राशि तीन तीन लाख रुपये भुगतान किए एवं दशकर्म के समय पचास पचास हजार रुपए एग्रेशिया राशि का भुगतान किया गया था।

# चुनावी लाभ लेने मरवाही को जिला नहीं बनाया : भूपेश

■ **मरवाही चुनावी सभा में बोले मुख्यमंत्री - 15 साल में रमन सिंह ने क्यों नहीं बनाया जिला ?**

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पेंड्रा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज मरवाही उपचुनाव में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग यह आरोप लगा रहे हैं कि विधानसभा उपचुनाव में लाभ लेने के लिए कांग्रेस ने जिला बनाया है। आप लोग रमन सिंह से पूछिए 15 साल मुख्यमंत्री रहने के बाद उन्होंने जिला क्यों नहीं बनाया। 22 माह में हमने मरवाही जिला के लिए 5 सौ करोड़ रुपए मंजूर किए। अब किसी को तकलीफ होता है तो होने दीजिए। हम इसे विकसित जिला बनाएंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज मरवाही विधानसभा के ग्राम डोंगरिया, कोड़गार और जोगीसार में चुनावी दौरा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने प्रचार करने के पहले ही यहां के लोगों को भरोसा दिलाया था कि कांग्रेस की सरकार बनी तो हम मरवाही को जिला बनाएंगे। सरकार बनने के बाद इस क्षेत्र के विधायक अजीत जोगी, विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक की मौजूदगी में यह तय किए कि मरवाही को जिला बनाया जाएगा। इसमें चुनाव में लाभ लेने जैसी कोई बात नहीं थी, उस समय यह भी तय नहीं था कि मरवाही में चुनाव हो जाएगा।

भूपेश बघेल ने कहा कि इस जिले के लोगों को रमन सिंह से यह पूछना चाहिए कि 15 साल सरकार में रह कर उन्होंने जिला क्यों नहीं बनाया। क्या गौरेला-पेंड्रा-मरवाही छत्तीसगढ़ में नहीं था। विकास के मामले में यहां की उपेक्षा भाजपा सरकार ने क्यों की। सरकार बनने के बाद से पिछले 22 माह में हमने इस जिले के लिए 5 सौ करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी है। राशनकार्ड खोज-खोज कर बनवाए गए। सरकार ने हर मामले में अब यहां के लोगों का ध्यान रखने का निर्णय ले लिया है। मरवाही जिला विकसित जिला के रुप में जाना जाएगा। पर्यटन, उद्योग और रोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. केके ध्रुव को आगे यहां की जो भी समस्या होगी उसे आपके विधायक के माध्यम से हम पूरा करेंगे।

कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम, सांसद ज्योत्सना महंत, मंत्री ताम्रध्वज साहू, कवासी लखमा, प्रेमसाय सिंह व जयसिंह अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक विनय जायसवाल, रामकुमार यादव सहित जिला पंचायत के अध्यक्ष अरुण चौहान, कांग्रेस नेता अटल श्रीवास्तव, विनोद तिवारी, आरपी सिंह, प्रमोद परस्ते, प्रामोद नायक, बसंत शर्मा, रमेश दुबे, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, आत्मासिंह क्षत्रिय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता मौजूद थे।

## कांग्रेस सचिव रविन्द्र सिंह मरवाही क्षेत्र में कर रहे अनूठा प्रचार



■ **कटपुतली नाच के द्वारा वोटरों को रिझाकर कांग्रेस के लिए मांग रहे वोट**

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मरवाही उपचुनाव में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रविन्द्र सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी के के ध्रुव जी को जिताने जगह जगह जाकर जहाँ प्रचार किये । वहीं कठपुतली कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार की उपलब्धि को जन जन तक पहुँचाया ।

बिलासपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पुर्व अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि गौरेला पेन्ड्रा मरवाही के जिला बन जाने के बाद जहाँ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वही विकास कि धारा बहेगी ।

उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल गांव किसान मजदूर महिला व युवा वर्ग के उत्थान के लिए सत्तत प्रयतरत है। आने वाले समय में हमारा प्रदेश देश के नक्शे में अग्रणीय स्थान में रहेगा।

कार्यक्रम में कांग्रेसी नेता मुद्रीका सिंह प्रशांत पाण्डेय कमल राठौर अजय सोनी आशिष अग्रवाल गुलशन सिंह सुरेश भानू गजराज आर्मो लक्ष्मण राठौर फुलचंद मोर्चे भरत राठौर किरण मोईत्रा सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अपराधियों के खिलाफ सीधे ट्रेन में दर्ज होगी एफआईआर , रेलवे बोर्ड ने जारी किया आदेश

**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड द्वारा जारी 2017 का वाणिज्यिक परिपत्र संख्या 72 एवं 2019 का वाणिज्यिक परिपत्र संख्या 2 के अनुसार, रेल में यात्रा कर रहे यात्रियों के बेहतर सुरक्षा के लिए ट्रेन में एस्कोटिंग कर रहे रेलवे सुरक्षा बल , जीआरपी के एस्कॉर्ट पार्टी के लिए महत्वपूर्ण मेल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के स्लीपर श्रेणी कोच में एक साइड लोअर बर्थ कोच नं. एस-1 में बर्थ नं. 63 एवं शताबदी एक्सप्रेस के एसी चेयर कार के कोच संख्या सी -4 में सीट नं. 01 एवं राजधानी एक्सप्रेस की पेंट्री कार में 01 बर्थ निश्चित की गई है।

ज्ञात हो कि चलती ट्रेनों चोरी , उठाईगिरी , चेन स्नैचिंग , जैसे घटनाएं यात्रियों के साथ घटित होते रहती है । यात्रा के दौरान इन घटनाओं का शिकार हुए यात्रियों के समक्ष आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कराने स्टेशन पहुंचने तक इंतजार करना पड़ता है । वहीं अंजान व्यक्तियों को जीआरपी और आरपीएफ थाना ढूंढने में ट्रेन तक छोड़नी पड़ जाती है ऐसे में अब यात्रियों को ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी के पास पहुंच कर शिकायत दर्ज करा सकेंगे। ताकि यात्रा के दौरान यात्रियों के साथ किसी भी प्रकार की अपराधिक घटनाओं का सामना होने पर बिना किसी परेशानी के यात्रा के दौरान ही ट्रेन में एफआईआर दर्ज करा सकते हैं। यात्रियों को अपने सफर के दौरान एस्कॉर्ट पार्टी के लिए निर्धारित बर्थ पर जाकर सुरक्षा संबंधी अपनी समस्याओं या अन्य कोई समस्याओं को बता कर सहायता पा सकते हैं।

# एसपी ने लोगों के बीच जाकर सुनी समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



लॉकडाउन के पहले एसपी संतोष सिंह द्वारा आमजन के बीच जाकर उनकी शिकायतों और लंबित रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही कराने के उद्देश्य से पुलिस चौपाल लगाने की शुरूवात की गई थी जिसे कोराना के कारण कुछ समय तक टाला दिया गया था। मंगलवार को थाना धरमजयगढ़ परिसर में आयोजित पुलिस चौपाल में एसपी संतोष सिंह ने यह बात बताते हुए उपस्थित लोगों को आगे बताया कि कोविड आने से पहले पुलिस चौपाल खरसिया, सारंगढ़ अनुविभाग से शुरू की गई थी । पुलिस चौपाल को लेकर योजना थी कि पहले यह तहसीलों में फिर विकासखंड उसके बाद बड़े ग्राम पंचायतों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी जायेगी और उनका त्वरित निराकरण कराया जावेगा परन्तु कोविड के आने पर इसमें कुछ समय विराम लग गया था किन्तु अब सीमिति लोगों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये यह कार्यक्रम फिर से आयोजित जाएगा। उन्होंने पुलिस चौपाल का उद्देश्य आमजन तक पहुंचकर पुलिस और आमजन के बीच के भय को कम करना तथा लोगों का बताता कि पुलिस मददगार है। उन्होंने कहा कि पुलिस चौपाल में आमजन खुलकर अपनी बात रखते हैं और उनका निदान होता है। वहीं कार्यक्रम के चौपाल में उपस्थित 35 वृद्धजनों को समर्पण अभियान का हिस्सा बनाते हुये उनका सदस्यता फार्म भरा गया और उनमें कम्बल एवं साड़ी वितरण किया गया है। रायगढ़वासियों के सहयोगात्मक व्यवहार की प्रशंसा कर बताया कि जब भी रायगढ़ पुलिस की ओर से लॉकडाउन दौरान जरूरतमंदों की मदद की अपील की गई, तब रायगढ़वासियों का भरपूर सहयोग मिला है जिससे रायगढ़ पुलिस के माध्यम से कई पुनित कार्य हुए। उन्होंने क्राईम कन्ट्रोल में भी आमजन का सहयोग प्राप्त होने को पुलिसिंग के लिये महत्वपूर्ण बताए। कार्यक्रम में एसडीओपी धरमजयगढ़ सुशील नायक, थाना प्रभारी धरमजयगढ़ अंजना केरकेट्टा, धरमजयगढ़ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मंदीप कोमल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष टार्जन भारती, सक्रिय कांग्रेस सदस्य प्रशांत टीकाराम पटेल, युसुफ छाया तथा थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक धनीराम राठौर, चौकी प्रभारी रैरूमा उपनिरीक्षक जेम्स कुजूर एवं उनके स्टाफ मौजूद रहे।

# कोरबा जिले में कोरोना संक्रमितों का औसत रिकवरी रेट 76 प्रतिशत

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले में इलाज की बेहतर सुविधा, जांच की अच्छी व्यवस्था और मेडिकल सुविधाओं के साथ-साथ प्रशासन की सजगता से कोरोना संक्रमित मरीजों के स्वस्थ होने की औसत दर 76 प्रतिशत है। जिले में अब तक आठ हजार 581 कोरोना संक्रमित मरीज रिपोर्ट हो चुके हैं जिनमें से दो हजार 894 ग्रामीण क्षेत्र से और पांच हजार 687 शहरी क्षेत्र के हैं। इनमें से इलाज के बाद छह हजार 524 कोरोना मरीज स्वस्थ होकर अपने घरों को लौट चुके हैं। अब तक जिले के 57 कोरोना संक्रमितों की मृत्यु हुई है जिनमें से अधिकांश जिले से बाहर के कोविड अस्पतालों में ईलाज के लिये भर्ती थे। कलेक्टर किरण कौशल के निर्देश पर कोरबा जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम और कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिये अन्य जिलों से बेहतर व्यवस्थाएं की गयी हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में बीते दिन की स्थिति में कोविड-19 के एक हजार 999 सक्रिय प्रकरण हैं, जिनका इलाज जिले के विशेष कोविड अस्पताल सहित स्याहीमुड़ी के कोविड केयर सेंटर, होम आईसोलेशन और निजी क्षेत्र के विशेष कोविड केयर सेंटरों में चल रहा है। अब तक मिले पॉजिटिव मरीजों और अस्पतालों में इलाज के बाद ठीक हुये मरीजों के हिसाब से करतला विकासखण्ड में रिकवरी रेट जिले में सबसे अधिक 88.15 प्रतिशत मिला है। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड में बीते दिन तक 295 कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान हुई है जिनमें से अभी तक इलाज के बाद 216 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर जा चुके हैं। रिकवरी रेट के हिसाब से जिले में दूसरा स्थान कोरबा ग्रामीण क्षेत्र का है, जहां रिकवरी रेट 86.13 प्रतिशत है। कोरबा विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक 476 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं जिनमें से 410 ठीक हो गये हैं। करतला विकासखण्ड में 802 कुल कोरोना मरीजों में से 707 अब तक ठीक हो चुके हैं। कटघोरा विकासखण्ड में मिले दो हजार 282 कोरोना मरीजों में से अब तक एक हजार 627 मरीज इलाज के बाद स्वस्थ हो गये हैं।

## कलेक्टर को एनएचएआई का आश्वासन 1 माह में ठीक कर देंगे कोरबा की सड़कें

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले में सड़कों के मरम्मत के काम की धीमी गति पर समीक्षा बैठक में कलेक्टर किरण कौशल ने एक बार फि र एनएचएआई, एनएच पीडब्ल्यूडी और जिले के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने बैठक में सड़कों को मरम्मत कर आमजनों के लिये आवागमन योग्य बनाने अधिकारियों को काम की रफ्तार तेज करने के सख्त निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने यहां तक कह दिया कि वर्तमान सड़कों की मरम्मत कर उन्हें पूरी तरह आमजनों के आने-जाने लायक नहीं बनाने तक भविष्य की सड़क परियोजनाओं के लिये एनएचएआई या अन्य किसी भी कार्यकारी विभाग को जिला प्रशासन द्वारा अपेक्षित सहयोग करने पर विचार किया जायेगा। कलेक्टर कौशल के कड़े रूख के बाद एनएचएआई के अधिकारियों ने अगले एक महीने में कोरबा जिले की सड़कों को मरम्मत कर आवागमन के लायक बनाने का आश्वासन दिया। बैठक में कटघोरा के एसडीएम अभिषेक शर्मा, कोरबा एसडीएम सुनील नायक, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ए.के. वर्मा, एनएचएआई के कोरबा प्रोजेक्ट डायरेक्टर वाई.व्ही. सिंह, बिलासपुर प्रोजेक्ट डायरेक्टर ढाल और डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर डी.डी. परलावार शामिल हुए। बैठक में कोरबा-चांपा से लेकर पतरापाली-कटघोरा सड़कों की मरम्मत पर विशेष चर्चा हुई।

## राताखार-गेरवाघाट और दर्री-गोपालपुर सड़क काम दो दिनों में शुरू करायें निगम अधिकारी : कलेक्टर

■ **कलेक्टर ने की निगम क्षेत्र में स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा, कामों की रफ्तार बढ़ाने दिये निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर किरण कौशल ने आज निगम आयुक्त एस.जयवर्धन सहित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में कोरबा नगर निगम क्षेत्र में स्वीकृत एवं चल रही विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कामों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और तेज गति से काम पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कौशल ने राताखार-गेरवाघाट और दर्री से गोपालपुर तक सड़क मरम्मत तथा निर्माण कार्य को अगले दो-तीन दिनों में शुरू करने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्वीकृत सभी प्रकार के कामों के लिये अगले एक सप्ताह में निविदायें जारी कर दी जायें। उन्होंने आगे से हर सप्ताह नगर निगम के निर्माण कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश भी निगम आयुक्त को दिये। बैठक में अपर आयुक्त अशोक शर्मा, निगम के कार्यपालन अभियंता ग्यास अहमद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कौशल ने निगम क्षेत्र में स्वीकृत पुल-पुलिया निर्माण के कामों को जनसुविधा को ध्यान में रखते हुये जल्द से जल्द शुरू कराने के निर्देश दिये। कौशल ने राताखार से गेरवाघाट सड़क को मुख्य शहर से दर्री के लिये अतिरिक्त कनेक्टिविटी की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुये इसका काम तत्काल शुरू करने के निर्देश दिये। कौशल ने बैठक में दर्री से गोपालपुर सड़क के मरम्मत काम की धीमी गति पर सख्त रूख भी दिखाया।

### गरबा एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एक नवंबर को

**कोरबा।** ऑनलाइन गरबा एवं फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह एक नवंबर को प्रगति नगर दीपका में शाम 7 बजे होगा। कार्यक्रम में एसडीएम कटघोरा अभिषेक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जबकि अध्यक्षता छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के प्रथम अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे करेंगे। कार्यक्रम में प्रथम विजेता के लिए 5 हजार 1 रूपए, द्वितीय 3हजार 1 रूपये एवं तृतीय 2 हजार 1 रूपए के अलावा सफ ल प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल ट्रैवलर्स, जयदुर्गा मोबाईल दीपका एवं लक्ष्मी टेलीकॉम कोरबा के साथ राजेश जायसवाल का प्रमुख योगदान रहा। कार्यक्रम में सीएसपी दर्री खोमनलाल सिन्हा, पार्षद अरूणीस तिवारी एवं पूर्व एल्डरमेन शिवचरण राठौर, विशिष्ट अतिथी के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## खंडहर हो रहे प्रधानमंत्री आवास का होगा पुनः सर्वे

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



नगर निगम रायगढ़ में सामान्य सभा का आयोजन हुआ जिसमें पांच ऐजेंडों को शामिल किया गया। विशुद्ध रूप से 3 जनहित के विषय थे बिजली पानी आवास जो नगर निगम के कार्यो के अंर्तगत आता है और जो सीधे जनता से जुड़ी होती है।दलगत राजनीति से ऊपर उठकर तर्क वितर्क के साथ लेकिन आपसी सामंजस्य से जनहित पर ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। विदित हो कि 28 अक्टूबर को पंजरी प्लांट आडिटोरियम में दोपहर दो बजे नगर पालिक निगम द्वारा सामान्य सभा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभापति ,महापौर, नेता प्रतिपक्ष, निगम आयुक्त, एमआईसी सदस्य समेत दोनों दल के पार्षद शामिल हुए सभा की शुरुआत में सदन के अध्यक्ष सभापति नगर निगम जयंत ठेठवार द्वारा सभी को अभिवादन किया गया। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में प्रश्नावली से बैठक की शुरुआत की गई। जिसमे 17पार्षदों द्वारा पूछे गए 32 प्रश्नावली को लॉटरी सिस्टम के आधार पर पर्ची निकाला गया। जिसमें समय सीमा एक घंटा के अंतर्गत 12 पर्ची ही निकल पाया और उन प्रश्नों का उत्तर सदन के सहमति से विभाग प्रभारियों द्वारा दिया गया।

## सीसी रोड नाली निर्माण, आवास एवं फर्जी मस्टररोल भरकर राशि का बंदरबाट

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिले में पंचायतों में लगातार बढ़ रहे शिकायती मामलों को लेकर जहां ग्रामीणो में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, वही 14 वें वित्त, 15 वें वित, सीसी रोड नाली निर्माण, आवास एवं फर्जी मस्टररोल भर कर ,मूलभूत, एवं अन्य मदों की राशि में बंदरबाट के इस खेल ने जहां पंचायती कामकाज पर एक सवालिया निषान खडा किया है, वही दुसरी तरफ कुछ ऐसी भी मामले सामने आ रहे है जिसमें पंचायत के प्रतिनिधियों में आपसी तालमेल में कमी के कारण राशि का आहरण बिना पंचायत प्रस्ताव के होन लगा है ऐसे भी मामलों को लेकर अब ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधियों का कारवा लगातार शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट की ओर रूख अख्तियार करने लगा है।

ऐसा ही एक मामला लोरमी ब्लाक के ग्राम पंचायत सुकली का है जहां के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधिों द्वारा जिला कलेक्ट्रेट पहुच कलेक्टर को ज्ञापन सौपा, जिसमें ग्रामीणों ने ग्राम के सरपंच एवं सचिव पर 14 वित्त एवं मस्टररोल में बंदरबाट का आरोप लगाया है, ग्रामीणो के अनुसार पचरी निमार्ण कार्य एवं तालाब गहरी करण में फर्जी मस्टरोल भर कर रकम निकाला गया , मिली जानकारी के अनुसार लगभग 50 से 60 लोगो का मस्टर रोल भरा गया जो या बाहर कमाने खाने गये है, या फिर उस समय क्वारंटाइन में रह रहे थे, जिसका इस कार्य से कोई सरोकार नही था, जो वही 14 वित्त के पैसे भी बिना पंचायत बाडी की जानकारी के निकाल ली गई, जिसकी दुसरे पंचो को जानकारी भी नही है। जानकारी मांगने पर संरपंच एवं सचिव द्वारा टाल मटोल किया जा रहा है। जिसकी षिकायत जनपद कार्यालय में 2 से 3 बार किया गया।

## अकेली यात्रा कर रही महिला यात्री की रखेगी विशेष ख्याल



# रेलवे सुरक्षा बल की 9 ट्रेनों में 'मेरी सहेली' नामक अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

ट्रेन से यात्रा कर रही महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए पूरे देश में रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा मेरी सहेली नामक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा ट्रेनों में अकेले यात्रा कर रही महिला यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, सफर के दौरान महिला आरपीएफ कर्मी के द्वारा व्यक्तिगत रूप से महिला यात्रियों से मिलकर सुरक्षा संबंधी व अन्य किसी भी तरह की समस्याओं को सुना जा रहा है, उन्हें जागरूक किया जा रहा है तथा रास्ते में आने वाली सुरक्षा संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आरपीएफ हेल्प लाईन नं.182 और संबन्धित मण्डल सुरक्षा कंट्रोल का नंबर भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के द्वारा भी जोन क्षेत्राधिकार से गुजरने वाली चुनिंदा ट्रेनों में पाइलट प्रोजेक्ट के रूप में ÷मेरी सहेली÷ अभियान चलाकर महिला यात्रियों को सहायता पहुंचाने के साथ-साथ जागरूक कर उनकी समस्याओं का त्वरित निदान किया जा रहा हैद्ध

वर्तमान में बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों के द्वारा निम्न ट्रेनों में आपरेशन मेरी सहेली चलाया जा रहा है, अभियान के सफल होने पर अन्य ट्रेनों में भी इसे लागू किया जाएगा।

# मजदूर व किसान विरोधी नीति के खिलाफ होगी देशव्यापी हड़ताल

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में केंद्रीय मान्यता प्राप्त श्रमिक संघ आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। बुधवार को वर्चुअल मीटिंग कर 26 नवंबर को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल की रणनीति तैयार की गई। इस बार हड़ताल सभी उपक्रम के साथ ही राज्य शासन के शासकीय कार्यालयों में भी होगी। श्रमिक नेताओं ने कहा है कि केंद्र सरकार की मजदूर व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है। केंद्र में बहुमत होने पर सरकार मनमर्जी पर उतारू हो गई है। प्रदेश के श्रमिक संघ प्रतिनिधियों की वर्चुअल मीटिंग की अध्यक्ष इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह ने किया। सीटू के राज्य सचिव धर्मराज महापात्र ने हड़ताल को लेकर प्रस्ताव रखा। इस पर सभी श्रमिक नेताओं ने सर्वसम्मति से सहमति जताई। इस दौरान श्रमिक नेताओं ने केंद्र सरकार व भाजपा शासित राज्य सरकार देश के मजदूरों, किसानों और आम लोगों के बुनियादी लोकतांत्रिक, संवैधानिक अधिकारों पर किए जा रहे हमला की कड़ी निंदा की। श्रमिक नेताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पहले कार्यकाल में सभी को साथ लेकर चलने का पहना था, पर वर्ष 2019 के बाद से अपने दूसरे कार्यकाल में उतार कर फेंक दिया है। कार्पोरेट करों को कम करने के अलावा, सरकार ने विपक्षी दलों की अनुपस्थिति में संसद में तीन श्रम-विरोधी संहिताओं को नितांत अलोकतांत्रिक तरीके से पारित कर लिया। इन श्रम संहिताओं की वजह से यूनियनों का गठन मुश्किल हो गया है, उनका हड़ताल का अधिकार छीन कर स्ट्रीट वेंडर, घरेलू कामगारए मध्यान्ह भोजन कर्मचारी, बीड़ी श्रमिकों, निर्माण श्रमिकों, रिक्शा-चालकों और अन्य दैनिक वेतन भोगी असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बड़े वर्ग को इन कानूनों के दायरे से बाहर करके, श्रमिकों पर दासता की स्थितियों को थोंपने के उद्देश्य से की गई है। बगैर कानूनी रूप से कृषि उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दिए।

# मरवाही में गरजे भूपेश और सिंहदेव

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने मरवाही उपचुनाव के दौरान गौरेला पेण्ड्रा मरवाही पहुच कर मरवाही के डोंगरिया पेण्ड्रा के कोडगार और गौरेला के जोगीसार में अलग अलग समय पर सभाओं को संबोधित किया मुख्यमंत्री ने तीनों सभाओं में जनता से पुछा की 15 साल तक आपके क्षेत्र का विकास डॉ रमन सरकार ने क्यों नही किया डॉ रमन सिंह मरवाही कि जनता तरफ से मै पुछ रहा हु कि डॉ साहब 15 साल कहा थें।

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही को जिला बनाने कि मांग वर्षो से चल रही थी भाजपा ने छत्तीसगढ में अपने कार्यकाल में अनेको जिला बनायें गौरेला पेण्ड्रा मरवाही की याद क्यों नही आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले का निर्माण कर मैने अपना वादा पूरा किया जो आपसे कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में मैने किया था भूपेश बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की शासन में यही अन्तर है कि भाजपा की रमन सरकार उद्योग पतियों पुंजी पतियों और अपने कमीशन एजेंटों के लिए काम कर रही थी और 2 साल की कांग्रेस सरकार किसानों मजदूरों वनवासियों युवाओं बेरोजगारों गरीबों की सरकार है। किसानों का कर्जा माफ 2500 रू क्वि. में समर्थन मुल्य में धान खरीदी वनोपज की खरीदी समर्थन मुल्य में शिक्षों की भर्ती पुलिस की भर्ती प्रचार्या और प्रध्यपकों की भर्ती तेन्दूपत्ता बोनस दोना दर पे सहित गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के लिए नियोजित विकास कि घोषण हुई है उन्होने कहा कि परिर्यटन दृष्टिकोण से गौरेला पेण्ड्रा मरवाही का विकास किया जायेंगा। मरवाही विधानसभा हमेंशा से कांग्रेस का गढ रहा मुझे



विश्वास है कि 3 नवंबर को मरवाही के मतदाता कांग्रेस के प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से विजय बनाकर भेजंगें। छत्तीसगढ़ की सरकार छत्तीसगढ के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुचाने तक कटिबध्द है।

मुख्यमंत्री के साथ सभा में प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम मंत्री मो अकबर ताग्रध्वज साहू जयसिंह अग्रवाल कवासी लकमा अमरजीत भगत प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन अटल श्रीवास्तव मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी विनोद वर्मा विधायक शैलेश पाण्डेय विधायक मोहित केरकेट्टा महामंत्री उत्तम वासुदेव ब्लाक अध्यक्ष बेचु अहिरेश प्रशांत श्रीवास राजेन्द्र ताम्रकार पंकज तिवारी ज्ञानेन्द्र उपाध्याय अरूण सिंह चौहान शुभम पेन्द्रो गुलाब सिंह राज अजीत सिंह श्याम आदि उपस्थित थे।

सांसद ज्योत्सना महंत मंत्री ताम्रध्वज साहू मो अकबर अमरजीत भगत सहित प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने संबोधित किया मंत्रीयों ने सरकार की योजनाओं केन्द्र सरकार कि कृषि नीति के विरोध में अपनी बाते रखी और कांग्रेस प्रत्याशी को जीताने की अपील की।

प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भूपेश सरकार बनने के बाद जिस तरह बस्तर सरगुजा का सर्वांगिण विकास हो रहा है प्रदेश के सभी आदिवासी विधायकों को सम्मान प्राप्त हो रहा है मरवाही के कांग्रेस का विधायक जीतने के पश्चात् गौरेला पेण्ड्रा मरवाही विकास भी दृत गती से होगा। मुख्यमंत्री की डोंगरिया कोडगार और जोगीसार की सभाओं में विसाल भीड उपस्थित रही भूपेश बघेल जिन्दाबाद के नारो से सभायें गुजती रही।

विस्तृत समाचार पेज 11 पर ...



## सिवनी में सिंहदेव ने मतदाताओं से की अपील

दक्षिण मरवाही के सिवनी ग्राम में मरवाही उपचुनाव में आज स्वास्थ्य एवं पंचायत मंत्री टी एस सिंहदेव की सभा हुई जिसमें सभी सिवनी वासियों ने हिस्सा लिया। बाबा ने जनता से अपील किया कि मरवाही की जवाबदारी कांग्रेस को दीजिये,साथ मिलकर कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम जी सांसद फूलोदेवी नेताम विधायक- शैलेश पाण्डेय अम्बिका सिंहदेव पूर्व सांसद इंग्रिड अध्यक्ष मनोज गुप्ता जयश्री शुक्ला सुशील शर्मा अजरा विनय शुक्ला अमित तिवारी नारायण शर्मा संजय गुप्ता सुरेंद्र बेचूराम अहिरेश शंकर कवर अर्चना पोर्ते, ओमवती पेन्द्रों और कांग्रेस के सिवनी के सभी सेक्टर बूथ के अध्यक्ष और सभी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सिवनी की जनता किसान भाई और सभी विशिष्ट जन उपस्थित थे।

## सांसद फूलोदेवी नेताम की ध्रुव के पक्ष में जनसभा

राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने जिला मरवाही गौरेला पेड्रा विधानसभा उपचुनाव के क्षेत्र शिवनी बदरोडी में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी डॉ.के के ध्रुव का चुनाव प्रचार करते हुए विशाल जन सभा को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस के सरकार सत्ता में आये दो साल भी पूरा नही हुआ है और इतने कम समय में ऐतिहासिक निर्णय लिये गये है जिसके कारण आज छत्तीसगढ़ में किसानों के चेहरे में मुस्कान है। फूलोदेवी ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि 15 साल तक छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और 15 साल तक विकास की पहिए वहीं के वहीं थम गया था जब जब चुनाव आया भारतीय जनता पार्टी के लोग जनता के पास जाकर बड़ी बड़ी बातें करते है जुमला की बौझार करते है.सत्ता के लोभ में झूठे वादे करते है। कांग्रेस की सरकार, भूपेश बघेल के सरकार, बाबा टी एस बाबा की सरकार ने जो भी वादा किया है वो निभा रहे है जैसे ही कांग्रेस के सरकार बना किसानों के ऋण माफ किये, इस ऐतिहासिक फैसले को इतिहास कभी नहीं भूलेगा, कांग्रेस सरकार के द्वारा गौरेला मरवाही पेड्रा को जिला बनाकर यहाँ के लोगों को बहुत बड़ी सौगात दी है यहां की जनता को छोटे छोटे काम के लिये बिलासपुर जाना पड़ता था लंबी दूरी तय करने के बाद ही काम होता था। गौरेला मरवाही जिला बनने के बाद नये नये जिले में नया नया सौगात इस क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस के सरकार द्वारा करोड़ों रूपये की घोषणा की गई है। गरीब माता-पिता अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूल मे पढ़ाने का सपना देखते थे उनके सपनों को पूरा किया है कांग्रेस सरकार ने इस जिले में भी अंग्रेजी स्कूल खोला है।

# मरवाही उपचुनाव से पहले छजकां में फूट, देवव्रत, प्रमोद की घर वापसी तय

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की पहली मान्यता प्राप्त पार्टी छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जेसीसीजे) में फूट साफ दिखाई दे रही है। खैरागढ़ विधायक देवव्रत सिंह ने कहा, उनका और बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा का भविष्य कांग्रेस में ही है। पूर्व सीएम अजीत जोगी भी यही चाहते थे। इस पर प्रमोद शर्मा ने भी हामी भरी है। वहीं जेसीसीजे अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा है, पिता की आत्मकथा पढ़ने को दूंगा, गलतफहमी दूर हो जाएगी।

विधायक देवव्रत सिंह ने कहा, उनके खून में कांग्रेस है। ब्लड टेस्ट करा लें, रिपोर्ट कांग्रेस ही आएगी। कांग्रेस में हमारा भविष्य दिखता है, लेकिन दल बदल कानून है। तीन विधायक जरूरी हैं। मैं और प्रमोद शर्मा तैयार हैं, लेकिन तीसरा कौन? दरअसल, यह सारा हंगामा राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के बयान के बाद शुरू हुआ। मरवाही में उन्होंने कहा था कि जोगी कांग्रेस के तीन विधायक कांग्रेस में आना चाहते हैं।



### जाति विवाद सहित अन्य मुद्दों को लेकर जारी है पलायन

मरवाही उपचुनाव से ठीक पहले जोगी परिवार के जाति विवाद में भी गंभीर संकट पैदा किया है। पार्टी छोड़कर उसके नेता और कार्यकर्ता लगातार कांग्रेस का हाथ थाम रहे हैं। वह तो यह भी आरोप लगा चुके हैं कि जाति को लेकर इतने सालों तक उन्हें धोखा दिया गया।

### अमित जोगी बोले- कांग्रेस में जाने का सवाल ही नहीं उठता

वहीं जेसीसीजे अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, जो पार्टी रोज मेरे पिता अजीत जोगी को उनके जीते जी अपमानित करती रही। मरने के बाद भी उनको नकली, फर्जी और पाखंडी कह रही है, उसमें उनके जाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। ऐसा कुछ लोग उपचुनाव के ठीक पहले क्यों कह रहे हैं, ये तो वही बता पाएंगे।

### अजीत जोगी के व्यक्तित्व के मुकाबले अब जोगी कांग्रेस में कोई नहीं

विधायक देवव्रत सिंह ने कहा, मैं यह स्पष्ट मानता हूं कि अजीत जोगी के व्यक्तित्व के मुकाबले कोई भी अब इस दल में फिलहाल नहीं है। मेरी जानकारी में जब अजीत जोगी की स्थित बेहद गंभीर थी, तब उनके कांग्रेस में प्रवेश को लेकर प्रयास किए गए। यह बात दिल्ली से रायपुर आई। विमर्श के बाद सूचना भेजी गई कि अभी जोगी कोमा में है, और ऐसे में कोई निर्णय नहीं हो सकता।

# राज्य स्थापना का जश्न अमेरिका में भी मनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 20 वीं वर्षगांठ है। हर साल राज्य स्थापना दिवस के मौके पर राज्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इस वर्ष राज्य के साथ- साथ सात समंदर पार अमेरिका में भी राज्य स्थापना दिवस का जश्न मनाने की तैयारी चल रही है। उत्तरी अमेरिका में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के संगठन नाचा (उत्तरी अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन द्वारा इस दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी चल रही है। इस बार कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से राज्य में भी कार्यक्रमों को सीमित किया गया है। नाचा द्वारा इस दिन वर्चुअल सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन डिजिटल प्लेटफार्म पर किया जाएगा।

नाचा की मीडिया चेयरपर्सन दीपाली सरावगी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 20 वें स्थापना दिवस को वर्चुअल मनाने का निर्णय लिया है। नाचा पहली बार छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ के कई लोगों




को शामिल कर एक भव्य आभासी आयोजन करने जा रहा है। टीम ने इसकी वृहद रूपरेखा बनाई और अब इसकी तैयारी अंतिम दौर में है। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर से छत्तीसगढ़ के एनआरआई इस कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे।

कार्यक्रम के लिए तैयार की गई रूपरेखा के अनुसार यह वर्चुअल आयोजन दो दिनों का होगा। आयोजन के पहले दिन 1 नवंबर को विशेष अतिथियों रुप में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसूईया उईके, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उनके साथ सेनफ्रान्सिस्को में इंडिया के काउंसल जनरल डॉ टीवी नागेंद्र प्रसाद और नापरविले सिटी के मेयर स्टीव क्रिस्को भी शामिल होंगे। की स्पीकर के रूप में नाचा के अध्यक्ष गणेश कर, कवि पद्मभूषण सुरेंद्र दुबे, अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा, नाचा की संस्थापक दीपाली साराओगी, नाचा की जनरल सेक्रेटरी सोनल अग्रवाल और जीएसटी कमिश्नर अजय पांडे शामिल होंगे।

दूसरे दिन 2 नवंबर को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायिका वंदना विश्वास, नन्ही गायिका आरु साहू, लक्ष्मी करियारे, सूरज श्रीवास, राजेश सिंह, नीरज शर्मा, घनश्याम मिरझा, निर्मल कुमार, सुनिल मानिकपुरी और चंद्रकांत साहू गीत की प्रस्तुति देंगे। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण सामुदायिक पुरस्कार होगा जो व्यक्तिगत या एसोसिएशन को दिया जाएगा जिसने छत्तीसगढ़ राज्य में सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो।



## कृषि कानून के विरोध में कांग्रेस को मिला किसानों का व्यापक जनसमर्थन

**देवभोग।** केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए तीन कृषि कानूनों के व्यापक पैमाने पर कांग्रेस पार्टी ने विरोध किया और गाँव-गाँव में किसानों से हस्ताक्षर अभियान चलाया था जिसका अपार जनसमर्थन कांग्रेस पार्टी को प्राप्त हुआ। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में देवभोग ब्लॉक में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में नदी उस पार झांखरपारा अंतर्गत आने वाले 36 गांव के 32 बूथ में 3733 किसानों ने कृषि कानून के विरोध में हस्ताक्षर किए वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवभोग के अंतर्गत 65 बूथ में 6700 किसानो ने कृषि कानून के विरोध में कांग्रेस पार्टी के प्रपत्र पर हस्ताक्षर कर कांग्रेस पार्टी के किए जा रहे कृषि कानूनों के विरोध को अपना समर्थन व्यक्त किया। कल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवभोग के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने किसानों,मजदूरों व आमजनता के हस्ताक्षर युक्त 6500 प्रपत्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी में जमा किया।

## गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग दोहराई मुख्यमंत्री ने

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग दोहराई है। राज्य गठन के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है जब छत्तीसगढ़ के किसी मुख्यमंत्री ने भारत रत्न के लिए आवाज उठाई है। स्व. विद्यार्थी को जयंती पर निडर पत्रकारिता के पर्याय बताते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने तर्क दिया है कि अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचार एवं धार्मिक उन्मादियों के खिलाफ मुखरता से अपनी कलम चलाकर नौजवानों को प्रेरित किया। प्रदेश में मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन पर कानपुर में आयोजित व्याख्यान में भी बघेल शामिल हुए थे। उस समय भी मुख्यमंत्री ने विद्यार्थी की तारीफ करते हुए भारत रत्न की मांग की थी। एकबार फिर उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार को आजादी के आंदोलन में विद्यार्थी के योगदान को ध्यान में रखते हुए भारत रत्न देना चाहिए।

### एक विचार और क्रांतिकारी थे गणेश शंकर विद्यार्थी

गणेश शंकर विद्यार्थी देश में आजादी के पहले पत्रकारिता के माध्यम से स्वराज का झंडा बुलंद करने वाले एक विचार और तिकारी थे। इन्होंने उस दौर की प्रसिद्ध मासिक पत्रिका, सरस्वती, कर्मयोगी और अभ्युदय जैसे पत्र- पत्रिकओं का संपादन किया। कांग्रेस के विभिन्न आंदोलनों में भाग लेने तथा अधिकारियों के अत्याचारों के विरुद्ध निर्भीक होकर प्रताप में लेख लिखने के संबंध में ये 5 बार जेल गए और प्रताप से कई बार जमानत मांगी गई।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403